सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
गुरुवार, 30 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 116, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 609 अंकों की उछाल

वाहन एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली के बीच घरेलू बाजार में बीएसई सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 182 अंक की तेजी रही। } 10

## निर्यात में अब तक मजबूत वृद्धि : गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद अप्रैल के पहले तीन हफ्तों में देश के निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। } 12



# एग्जिट पोल : बंगाल, असम, पुदुचेरी में भाजपा को बढ़त, केरलम व तमिलनाडु में क्षेत्रीय दल हावी

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद जारी अधिकतर एग्जिट पोल में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बढ़त मिलने तथा असम में उसके जीत की हैट्रिक लगाने की संभावना जताई गई है।

दूसरी तरफ, केरल और तमिलनाडु में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की जीत का अनुमान जताया गया है। पश्चिम बंगाल में बुधवार को दूसरे एवं अंतिम चरण में मतदान संपन्न हुआ। इससे पहले बीते 23 अप्रैल को राज्य की 152 सीटों पर मतदान हुआ था। प्रदेश में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल तथा तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ था। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार शाम तक आए अधिकतर चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों के सर्वे में भाजपा को निर्णायक बढ़त या बहुमत मिलने की संभावना जताई गई। हालांकि एक सर्वेक्षण ने तृणमूल कांग्रेस की सरकार बरकरार रहने का अनुमान जताया है।

पीपुल्स प्लस के सर्वे में कहा गया है कि तृणमूल कांग्रेस 177 से 187 सीटें हासिल करके अपनी सत्ता बरकार रख सकती है। भाजपा को 95 से 110 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को एक से तीन सीट मिलने की संभावना जताई गई है। पोल डायरी के सर्वे का अनुमान है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 142 से 171 सीटों के साथ पहली बार सत्ता में आ सकती है। इस सर्वेक्षण के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस को 99 से 127 से ही संतोष करना पड़ सकता है। मैट्रिज के सर्वेक्षण में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 146 से 161 सीटों के साथ सरकार बना सकती है और टीएमसी को 125 से 140 सीटें मिल सकती है तथा वह सत्ता से बाहर हो सकती है। पी-मार्क के सर्वेक्षण में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को 150 से 175 सीटें मिल सकती हैं तो टीएमसी को 118-138 सीटें मिलने का अनुमान है। असम को लेकर सभी सर्वेक्षणों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत की संभावना जताई गई है। एक्सिस माय इंडिया के सर्वेक्षण के अनुसार, राजग 88 से 100 सीटें जीत सकता है तथा कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को 24 से 36 सीटें मिल सकती हैं। मैट्रिज के एग्जिट पोल में कहा गया है कि असम में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 85 से 95 सीटें के साथ प्रचंड बहुमत मिल सकता है, जबकि कांग्रेस नीत गठबंधन 25 से 32 सीटों पर ही सिमट सकता है। असम में विधानसभा की कुल 126 सीटें हैं। केरल को लेकर लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों ने सत्ता से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की सत्ता से विदाई और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत की संभावना जताई है। एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कहा गया है कि यूडीएफ को 78 से 90 सीटें मिल सकती हैं, वहीं एलडीएफ को 49 से 62 सीटें मिलने का अनुमान है। पीपुल्स प्लस ने केरल में यूडीएफ को 75 से 85 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिलने की संभावना जताई है। उसका अनुमान है कि माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ को 55 से 65 सीटें ही मिलेंगी और वह सत्ता से बाहर हो जाएगा। वोट वाइब के सर्वे में कहा गया है कि यूडीएफ को 70 से 80 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि एलडीएफ को 58 से 68 सीटें मिल सकती हैं। तमिलनाडु में अधिकतर सर्वेक्षणों ने द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत का अनुमान जताया है। पीपुल्स प्लस ...शेष पृष्ठ 10 पर

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव / एग्जिट पोल 2026 / सीटें: 294 / बहुमत: 148**

| | टीएमसी+ | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| पोल डायरी | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य | 130-140 | 150-160 | 6-10 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-0 |
| पीपल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पीमारक्यू | 118-138 | 150-175 | 2-6 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 4-9 |
| जेवीसी | 131-152 | 138-159 | 2-4 |

## बंगाल के दोनों चरणों में टूटे मतदान के सारे रिकॉर्ड

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए बुधवार को संपन्न दो चरणों में चुनाव में आजादी के बाद से अब तक का सबसे अधिक 92.47 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि बुधवार को दूसरे और अंतिम चरण में शाम 7.45 बजे तक 91.66 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि पहले चरण में 93.19 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग ने बताया कि राज्य में इससे पहले सबसे अधिक मतदान 2011 के विधानसभा चुनावों के दौरान 84.72 प्रतिशत रहा था। इसके मुताबिक इस चुनाव में मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों ...शेष पृष्ठ 10 पर



# प्रधानमंत्री मोदी ने किया गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन

## कभी बीमारू कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश अब एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर : मोदी

विशेष संवाददाता

हरदोई/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हरदोई के मल्लावां में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। आधिकारिक बयान के अनुसार लगभग 36,230 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा समय को मौजूदा 1012 घंटे से घटाकर करीब छह घंटे कर देगा।

बयान में कहा गया है कि गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 प्रमुख जिलों को जोड़ेगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री के हरदोई पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया और उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट किया। आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस एक्सप्रेसवे के उद्घाटन से राज्य की विकास यात्रा को नयी गति मिलेगी। आदित्यनाथ ने छह-लेन वाले इस एक्सप्रेसवे को गांवों, किसानों, उद्यमियों और युवाओं को जोड़ने वालीं जीवन रेखौ बताते हुए कहा कि यह विकास को गति देने और दूरियां कम करने में अहम भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी इस परियोजना को देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक बताते हुए इसे आधुनिक बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण उपहार करार दिया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, पौधरोपण किया और जनसभा को संबोधित करने के बाद दोपहर में वापस लौटने का कार्यक्रम है। बयान में कहा गया कि यह एक्सप्रेसवे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया गया है। यह छह लेन का है, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। इस परियोजना की एक प्रमुख विशेषता शाहजहांपुर के पास बनी 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी है, जहां आपात स्थिति में वायुसेना के विमान उतर सकते हैं। पूरे मार्ग पर उन्नत तकनीक आधारित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), सीसीटीवी निगरानी, इमरजेंसी कॉल बॉक्स और एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा एक्सप्रेसवे के किनारे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़े गोदाम, ...शेष पृष्ठ 10 पर




## गंगा एक्सप्रेस-वे में लाखों किसानों का योगदान : योगी

विशेष संवाददाता

हरदोई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि एक लाख से अधिक किसानों ने इस परियोजना के लिए जमीन उपलब्ध कराई, जिससे इसका समय पर निर्माण संभव हो सका।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, ...शेष पृष्ठ 10 पर



## संक्षेप

### गाजियाबाद : बहुमंजिला बिल्डिंग में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बहुमंजिली आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई, जिसके बाद बड़े स्तर पर अग्निशमन और बचाव अभियान शुरू किया गया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी की 11वीं मंजिल पर सुबह आग लगी, जो तेजी से फैलकर कई अन्य मंजिलों के फ्लैटों तक पहुंच गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में वैशाली, साहिबाबाद और नोएडा समेत आसपास के क्षेत्रों से एक दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

## उन्नाव में जीप-ट्रक की टक्कर, छह की मौत

जिला संवाददाता

उन्नाव। जिले के बिहार थाना क्षेत्र में बुधवार को जीप और ट्रक की टक्कर में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (बीघापुर) मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि यह हादसा सुमेरपुर-भगवंत नगर मार्ग पर किरतपुर गांव के सामने पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुआ। मौरावां गांव निवासी एक परिवार के 10 लोग सूरज सिंह के बेटे शुभ के मुंडन संस्कार के लिए जीप से बक्सर गांव स्थित चंडीदेवी मंदिर जा रहे थे। सीओ के अनुसार, बिहार थाना क्षेत्र के किरतपुर गांव के पास जीप चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी आगे चल रहे ट्रक से उसकी ...शेष पृष्ठ 10 पर



## तेल कंपनियों को पेट्रोल व डीजल पर हो रहा नुकसान

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने के बावजूद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें स्थिर रहने से तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री पर क्रमशः 14 रुपये एवं 18 रुपये प्रति लीटर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमत 120-125 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बनी रहती है, तो पेट्रोलियम कंपनियों का विपणन मार्जिन आगे भी नकारात्मक बना रहेगा, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हो रही है।

## प्रकृति संरक्षण से ही सुरक्षित रहेगा उत्तराखंड

### वन विकास निगम के 25 वर्ष पूरे, सीएम धामी ने कीं कई ऐतिहासिक घोषणाएं

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की असली पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा है। घने वन, हिमालय की भव्य पर्वत श्रृंखलाएं, विशाल हिमनद, निर्मल नदियां और समृद्ध जैव विविधता राज्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। इन धरोहरों का संरक्षण करना समाज और सरकार दोनों की साझा जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ और समृद्ध पर्यावरण मिल सके। मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड वन विकास निगम के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर





**आज का मौसम**
अधिकतम : 46.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

- योगी ने राम मंदिर परिसर के शिव मंदिर पर किया ध्वजारोहण (पृष्ठ-02)
- मोदी ने देखा यूपी का ग्रोथ मैप, व्यापक प्लानिंग को सराहा (पृष्ठ-02)
- ईरान की मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर (पृष्ठ-14)
- रुपया 14 पैसे टूटकर 94.82 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** पीपीपी मॉडल पर 12 एकड़ में विकसित होगा बिजनेस पार्क, तीन साल में पूरा होगा काम

# लखनऊ में बसेगी यूपी की पहली एआई सिटी व बिजनेस पार्क

विशेष संवाददाता

लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित पहली आधुनिक सिटी विकसित की जाएगी। यह प्रोजेक्ट करीब 49 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के साथ आवास विकास परिषद एमओयू करेगा। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड ने वृंदावन योजना में एआई सिटी कम बिजनेस पार्क बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही नए वित्तीय वर्ष 2026-27 का 4173.66 करोड़ रुपये का बजट भी बोर्ड ने पास कर दिया। इसमें नई योजनाओं के लिए जमीन खरीद के लिए एक हजार करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है।

प्रमुख सचिव आवास पी गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में पास हुए प्रस्तावों की जानकारी देते हुए सचिव आवास विकास परिषद नीरज शुक्ला ने बताया कि वृंदावन योजना के सेक्टर 15 में पीपीपी मॉडल पर एआई सिटी विकसित की जाएगी। इसको लेकर यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के साथ एमओयू को बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। एआई सिटी के लिए परिषद 12 एकड़ जमीन देगा। इसकी कीमत करीब 368 करोड़ रुपये है। एआई सिटी विकसित करने के लिए कंपनी का चयन आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) के जरिए किया जाएगा। जिस कंपनी का चयन किया जाएगा उसके साथ रेवन्यू की शेयरिंग होगी। इसमें जो भी आय होगी उसमें परिषद 40 प्रतिशत का हिस्सा लेगी। प्रोजेक्ट तीन साल में पूरा किया जाएगा। जो जमीन परिषद दे रहा है वह 45 साल की लीज पर होगी उसके बाद 45 साल का समय और बढ़ाया जा सकेगा। सचिव ने बताया कि एआई सिटी के साथ ही बिजनेस पार्क योजना के तहत इसे विकसित किया जाएगा। यह भी सूचना प्रौद्योगिक के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बनाया जाएगा। एआई सिटी कम बिजनेस पार्क बनाने का काम उत्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर



## दूध में मिलावट पर बड़ा प्रहार खाद्य सुरक्षा अफसर निलंबित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में मिलावटी दूध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बुधवार को बुलंदशहर और सहारनपुर में एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई से दुग्ध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान 6 करोड़ रुपये से अधिक के दूध और दुग्ध उत्पाद जब्त किए गए, जबकि 9 इकाइयों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। कई इकाइयों में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर लाइसेंस निलंबन और विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, गड़बड़ी पर सहारनपुर के सहायक आयुक्त (खाद्य) मनोज कुमार वर्मा और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय शुक्ला को मुख्यालय से संबद्ध किया गया है जबकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमनपाल को निलंबित कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर 49 विशेष प्रवर्तन टीमों ने बुलंदशहर और सहारनपुर के प्रमुख दुग्ध उत्पादन केंद्रों पर एक साथ छापेमारी की। जांच में कुल 47 इकाइयां संचालित पाई गईं, जहां लाइसेंस, साफ-सफाई, पाश्चुरीकरण प्रक्रिया और ...शेष पृष्ठ 10 पर

- बुलंदशहर-सहारनपुर में छापेमारी, 9 इकाइयों के लाइसेंस निलंबित, 6 करोड़ का माल जब्त





# पीएम मोदी ने देखा यूपी का ग्रोथ मैप, व्यापक प्लानिंग को सराहा

## यूपीडा की प्रदर्शनी में दिखाई दी कनेक्टिविटी से समृद्धि तक की तस्वीर, एक्सप्रेसवे के साथ विकास का पूरा ब्लूप्रिंट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के भविष्य के विकास मॉडल की झलक भी देखी। कार्यक्रम स्थल पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानमंत्री ने प्रदेश में बन रहे एक्सप्रेसवे नेटवर्क, औद्योगिक संभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत के संगम की विस्तार से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं प्रधानमंत्री को प्रदेश में तैयार हो रहे एक्सप्रेसवे नेटवर्क, उनकी रणनीतिक उपयोगिता और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री ने इस व्यापक नेटवर्क को ह्यनए उत्तर प्रदेशह्व की आधारशिला बताते हुए इसकी सराहना की। प्रदर्शनी के दौरान यूपीडा के अधिकारियों ने भी प्रधानमंत्री को एक्सप्रेसवे नेटवर्क से जुड़ी औद्योगिक विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। यूपीडा की प्रदर्शनी केवल इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत की भी झलक दिखाई गई। प्रयागराज महाकुंभ संगम, आर्ट गैलरी, प्रतापगढ़ का पक्षी अभयारण्य, महात्मा बुद्ध की ध्यानमग्न प्रतिमा और विभिन्न मंदिरों की आकर्षक झांकियों ने प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी ने इंगित किया कि प्रदेश में विकास के साथ परंपरा व संस्कृति को भी समान महत्व सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदर्शनी में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की पूरी प्रक्रिया, इसके मार्ग में आने वाले 12 जिलों और इससे मिलने वाली कनेक्टिविटी को विस्तार से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में यह भी बताया गया कि यह एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा को तेज बनाएगा, बल्कि क्षेत्रीय संतुलित विकास का माध्यम भी बनेगा। यूपीडा की प्रदर्शनी में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित किए जाने वाले औद्योगिक गलियारों (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) और लॉजिस्टिक्स हब की विस्तृत योजना भी प्रस्तुत की गई। इन परियोजनाओं के जरिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन के अवसर बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदर्शनी में यह स्पष्ट रूप से दशार्या गया कि गंगा एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक परिवर्तन का आधार बनने जा रहा है। औद्योगिक विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय संतुलन के माध्यम से यह परियोजना प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेगी।



### काशी में पीएम मोदी को भेंट हुआ अनोखा तोहफा

**लखनऊ/ वाराणसी।** काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान भावनात्मक, धार्मिक और सांस्कृतिक पल देखने को मिला, जब काशी के जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों ने प्रधानमंत्री को बाबा विश्वनाथ के आंगन में प्रसिद्ध जीआई पंजीकृत हस्तशिल्प गुलाबी मीनाकारी से निर्मित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की अनुकृति और काशी मेटल रिपोजी की त्रिशूल भेंट किया। प्रधानमंत्री को डमरू भी भेट किया गया। डमरू और त्रिशूल भगवान शिव के प्रमुख प्रतीक माने जाते हैं, जो काशी की धार्मिक चेतना और सनातन परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह उपहार न केवल काशी की समृद्ध कला परंपरा का प्रतीक था, बल्कि प्रधानमंत्री और काशी के बीच गहरे आत्मीय संबंधों को भी दशार्ता है। प्रधानमंत्री को यह विशेष उपहार बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन के उपरांत कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव ने भेंट किया। प्रधानमंत्री के दो दिन के वाराणसी दौरे में उन्हें 8 जीआई उत्पादों का उपहार भेंट किया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हस्तशिल्पी कुंज बिहारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का मॉडल बनाने में लगभग एक सप्ताह लगा। इसे खास तौर पर प्रधानमंत्री जी के लिए तैयार किया गया था। हस्तशिल्पी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीआई और ओडीओपी के ब्रांड एम्बेसडर हैं, जिनके प्रयासों से काशी का हेंडीक्राफ्ट नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसे में इस अनूठी कलाकृति को प्रधानमंत्री को भेंट करना स्थानीय कारीगरों के सम्मान और उनके हुनर को प्रोत्साहन देने वाला कदम है।

**हाईटेक डिजाइन और विश्वस्तरीय निर्माण का उदाहरण है गंगा एक्सप्रेसवे :** मेरठ से प्रयागराज तक फैला गंगा एक्सप्रेसवे केवल एक हाईवे नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास का नया सुपर कॉरिडोर बनकर उभरा है। लगभग 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के साथ प्रदेश को एक्सप्रेसवे स्टेट के रूप में स्थापित कर रहा है। 120 किमी प्रति घंटे की डिजाइन स्पीड वाला यह प्रोजेक्ट यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाते हुए विकास की नई इबारत लिख रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे को आधुनिक इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। 6 लेन के इस एक्सप्रेसवे पर 14 दीर्घ सेतु, 165 लघु सेतु, 7 आरओबी, 32 फ्लाईओवर, 453 अंडरपास और 795 बॉक्स कलवर्ट बनाए गए हैं। प्रमुख मार्गों से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 21 स्थानों पर इंटरचेंज विकसित किए गए हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह निर्बाध रहेगा। प्रोजेक्ट की एक खासियत यह भी है कि इसे भविष्य की जरूरतों के मुताबिक डिजाइन किया गया है। आने वाले सालों में ट्रैफिक लोड बढ़ने की स्थिति में इसे आसानी से 6 से 8 लेन में परिवर्तित किया जा सकेगा।

**60 प्रतिशत एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन गया उत्तर प्रदेश :** पिछले 9 वर्षों के दौरान बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक व अवस्थापना विकास को दोगुनी रफ्तार दी है। गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के साथ ही उत्तर प्रदेश देश कुल एक्सप्रेसवे में 60 प्रतिशत एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच आवागमन आसान होगा। यह एक्सप्रेस-वे जैन सर्किट, महाभारत सर्किट और 'कल्कि धाम' संभल के अतिरिक्त मार्ग के आसपास के इको-टूरिज्म स्थलों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, गंगा एक्सप्रेस-वे अब केवल एक सड़क नहीं, यह एक सपने की मूर्त अभिव्यक्ति है। गंगा एक्सप्रेस वे से मेरठ और प्रयागराज की दूरी 10-12 घंटे से घटकर महज 5 घंटे रह जाने की उम्मीद है।

**एयरस्ट्रिप और सामरिक महत्व :** गंगा एक्सप्रेसवे की एक विशेषता इसकी आपातकालीन एयरस्ट्रिप है, जिसे भारतीय वायुसेना के फाइटर प्लेन की लैंडिंग और टेकऑफ के लिए तैयार किया गया है। इससे यह एक्सप्रेसवे केवल यातायात ही नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है।

**18 दिसंबर 2021 को शिलान्यास, 29 अप्रैल 2026 को जनता को समर्पित :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से देखा गया एक सपना बुधवार को 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के रूप में देश को समर्पित हो गया। एक्सप्रेसवे की निर्माण यात्रा इस बात का प्रमाण है कि बुलंद इरादों और प्रभावी क्रियान्वयन से कुछ भी संभव है। गंगा एक्सप्रेसवे, निर्णय से निर्माण तक की वह कहानी है, जो उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की दिशा में नई गति देगी। 594 किमी लंबा गंगा एक्सप्रेसवे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर 2017 में शुरू हुआ और 29 अप्रैल 2026 को पूरा होकर देश को समर्पित हो गया। पीपीपी मॉडल, मल्टी-पैकेज निर्माण और आधुनिक तकनीक की मदद से यह प्रोजेक्ट तय समय में पूरा हुआ। भूमि अधिग्रहण, कोविड और तकनीकी चुनौतियों के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुका। यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के विकास और अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। 18 दिसंबर 2021 को शिलान्यास किया गया और 29 अप्रैल 2026 को जनता को समर्पित कर दिया गया।

## हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण बना जन उत्सव

गंगा एक्सप्रेसवे के ऐतिहासिक लोकार्पण अवसर पर हरदोई का कार्यक्रम स्थल उस समय जन-उत्सव में बदल गया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही हजारों की भीड़ स्वतः स्फूर्त भाव से कुर्सियों से खड़ी हो गई और पूरा पंडाल भारत माता की जय, जय श्रीराम, गंगा मैया की जय तथा हर-हर गंगे के उद्घोष से गूंजायमान हो उठा। जनसमूह के बीच से उठती मोदी-मोदी और योगी-योगी की गूंज ने पूरे माहौल को और ऊजार्वान बना दिया। इस आत्मीय स्वागत को देखकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ने मुस्कुराते हुए हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन किया। मंच पर उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी जनता जनार्दन को प्रणाम कर उसके उत्साह का सम्मान किया। भीषण गर्मी के बावजूद दूर-दराज के जिलों से पहुंचे लोगों का जोश और उत्साह का भाव देखने लायक था। विकास और आस्था के इस संगम ने माहौल को उत्सव में बदल दिया, जहां हर चेहरा इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने को उत्साहित दिखा। लोग हाथ उठाकर अभिवादन कर रहे थे तो कई अपने मोबाइल में इस यादगार पल को कैद करने में जुटे थे। कार्यक्रम स्थल का समूचा दृश्य यह अहसास करा रहा था कि गंगा एक्सप्रेसवे केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि जन-आकांक्षाओं और विकास की एक नई यात्रा का उत्सव है, जिसका इंतजार लोगों को लंबे समय से था।

## चहुंमुखी विकास का आधार बने एक्सप्रेसवे : सीएम योगी

- जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित होगा
- एक्सप्रेस वे के निर्माण में 12 जनपदों के लाखों किसानों का योगदान

**हरदोई।** गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री की ओर से रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा। मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे। डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से प्रदेश के इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट ह्यगंगा एक्सप्रेसवेह्व का भव्य उद्घाटन आज संपन्न हो रहा है। प्रधानमंत्री जी ने दिसंबर 2021 में जिस एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी, आज वही परियोजना लोकार्पण के साथ साकार रूप ले रही है। सीएम योगी ने हरदोई की पावन धरती को भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी आस्था की भूमि बताते हुए कहा कि इसी पवित्र स्थल पर यह ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होना गौरव का विषय है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में भी भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्यों को निरंतर गति देने और समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने का जो विजन प्रधानमंत्री जी ने प्रदेश को दिया था, आज वह पूरी तरह साकार होकर हमारे सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश नए भारत की परिकल्पना को साकार होते देख रहा है, तब नए उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को स्पष्ट नीति, साफ नीयत और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ धरातल पर उतारने का परिणाम है। 2017 से पहले प्रदेश परिवारवाद, जातिवाद, दंगों, अराजकता, कर्फ्यू और माफिया राज के माहौल से जकड़ा हुआ था, जहां विकास, रोजगार और निवेश की कल्पना भी मुश्किल थी। लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाईवे, जिला मार्गों और ग्रामीण सड़कों का लगभग चार लाख किलोमीटर का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है। इसके साथ ही इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को मजबूत करते हुए हर जिला मुख्यालय को चार लेन और प्रत्येक ब्लॉक व तहसील मुख्यालय को चार लेन व दो लेन सड़कों से जोड़ने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की पहली रैपिड रेल का दिल्ली-मेरठ के बीच उद्घाटन कर प्रधानमंत्री जी ने दूरियों को सिमटाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास आज जमीन पर एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, इनलैंड वॉटरवेज, मेट्रो और रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के रूप में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, जो डबल इंजन सरकार की ताकत का प्रमाण हैं। प्रदेश में विकसित हो रहे एक्सप्रेसवे केवल दूरी कम करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके साथ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर जैसे बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट भी जुड़े हैं। यही कारण है कि ये एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था और संस्कृति के संरक्षण तथा प्रदेश की समग्र समृद्धि के सशक्त माध्यम बनकर उभर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए लगभग 18,000 एकड़ भूमि अन्नदाता किसानों से प्राप्त की गई है, जबकि इसके किनारे विकसित होने वाले इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब के लिए करीब 7,000 एकड़ अतिरिक्त भूमि ली गई है। मेरठ से प्रयागराज तक फैले 12 जनपदों में एक लाख से अधिक किसानों ने भूमि उपलब्ध कराकर इस परियोजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

## सीएम योगी ने राम मंदिर परिसर के शिव मंदिर पर किया ध्वजारोहण



**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास के बीच बुधवार को शिव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज फहराया। इससे पूर्व उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वैदिक आचार्यों की उपस्थिति में पूरा कार्यक्रम पारंपरिक विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। परिसर के अन्य उपमंदिरों में भी ध्वज आरोहण की प्रक्रिया जारी है। माता भगवती मंदिर पर साध्वी रितम्भरा ध्वज आरोहित करेंगी, जबकि शेषावतार मंदिर पर केशव प्रसाद मौर्य ध्वज फहराएंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद के प्रतिनिधियों सहित अनेक संत-महंत शामिल हुए। निर्धारित समय शाम 4.45 बजे उनका कार्यक्रम तय था। लेकिन, अचानक बदले मौसम ने व्यवस्था प्रभावित कर दी। तेज हवा, रिमझिम बारिश और घने बादलों के कारण उनका हेलीकॉप्टर राम कथा पार्क में उतर नहीं सका और उसे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या में उतारना पड़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री शाम 5.17 बजे श्री राम मंदिर, अयोध्या परिसर पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और शिव मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में करीब 1000 मेहमानों को आमंत्रित किया गया था जिसमें विश्व हिंदू परिषद, संघ व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अब हम देश के किसी भी कोने में जाते हैं, तो लोग हमें देखते ही जय श्रीराम बोलते हैं। मैं पश्चिम बंगाल गया था। वहां जैसे ही लोग मुझे देखते थे तुरंत जय श्रीराम का जयकारा लगाते थे। राम हम लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। श्री शंकर जोड़ रहे भारत के एक-एक कंकड़ को। जब तक श्रीराम से कृष्ण और शंकर हैं, तब तक भारत का कोई बाल-बांका नहीं कर सकता, ऐसा राम मनोहर लोहिया बोलते थे। पता नहीं उनके शिष्यों को ये बात समझ आएगी या नहीं? योगी ने कहा कि जहां अयोध्या होगी, वहां विजय होगी। जहां राम होंगे, वहां विजय होगी। ये भी अयोध्या ने साबित किया है।

## अजय राय ने मनीष सिंह के पीड़ित परिवार से मिलकर जताया शोक



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को पिंडरा के बहुचर्चित मनीष सिंह हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। लखनऊ से वाराणसी तक भारी पुलिस बल और प्रशासनिक घेरेबंदी के बावजूद अजय राय पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। पत्रकारों से बात करते हुए अजय राय ने कहा कि लखनऊ से वाराणसी आने के दौरान उन्हें जगह-जगह रोकने और नजरबंद करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा था जैसे सरकार अपराधियों को पकड़ने के बजाय एक जनप्रतिनिधि को पीड़ित परिवार से मिलने से रोकने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा रही है। खाकी का पहरा हमें अपने लोगों के आंसू पोंछने से नहीं रोक सकता। पीड़ित परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए अजय राय ने उत्तर प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को तत्काल 2 करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग उठायी। साथ ही हत्याकांड के दोषियों और उन्हें संरक्षण देने वाले सफेदपोशों को चिह्नित कर कठोरतम कार्रवाई की जाने की पुरजोर मांग की। अजय राय ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा कि आज यूपी में जंगलराज कायम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस विषय पर मुख्यमंत्री से सीधे वार्ता करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय और उचित आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक बड़ा आंदोलन करेगी।

- पीड़ित परिवार को 2 करोड़ का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की उठायी मांग

## सपा ने महिला आरक्षण पर अति निंदा प्रस्ताव किया पारित

### प्रदेश मुख्यालय में केन्द्र सरकार और सहयोगी दलों पर बरसे सपा विधायक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में बुधवार को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में पार्टी विधायक दल की बैठक ने अपने को सदन में परिवर्तित करते हुए महिला आरक्षण पर 30 अप्रैल को आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र में प्रस्तावित निंदा प्रस्ताव के विरोध में अति निंदा प्रस्ताव बहुमत से पारित किया। महिला विधायकों ने एक स्वर में अति निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया। नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने जो पूर्व स्पीकर भी रहे चुके हैं, स्पीकर की वही भूमिका निभाते हुए अति निंदा प्रस्ताव पर विधायकों की राय जानने के बाद हां के पक्ष में बहुमत घोषित करते हुए अति निंदा प्रस्ताव को पारित घोषित कर दिया। विधान सभा में विरोधी दल के नेता माता प्रसाद पाण्डेय ने भी निंदा प्रस्ताव पारित घोषित किया।

अति निंदा प्रस्ताव में कहा गया है कि हम इस अति निंदा प्रस्ताव द्वारा केंद्र की भाजपा व उनकी सहयोगी दलों की घोर निंदा करते हैं जो महिला आरक्षण का ढोंग करती हैं। जिनका मंसूबा इस बिल के बहाने निर्वाचन क्षेत्रों का मनचाहा परिसीमन करके चुनाव जीतना था, न कि सच में महिलाओं को उनके हक-अधिकार देकर उनका सशक्तीकरण या सबलीकरण करना।

हम इस बात की भी घोर निंदा करते हैं कि भाजपा महिला आरक्षण को लेकर झूठ फैला रही है कि ये बिल विपक्ष ने पास नहीं होने दिया, जबकि ये बिल सभी दलों ने मिलकर पास किया था और जो बिल पास नहीं हो सका वो दरअसल परिसीमन बिल था। हम इस बात की भी घोर निंदा करते हैं कि भाजपा ने महिला आरक्षण में पिछड़ी व अल्पसंख्यक महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के प्रश्न पर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया है। हम इस बात की भी घोर निंदा करते हैं कि भाजपा और उनके संगी-साथी जिसकी शक्ति, उसके अधिकार की रूढ़िवादी सोच के लोग हैं, इसीलिए सामाजिक क्षेत्र तक में ये शोषित, दमित, वंचित, पीड़ित के साथ-साथ महिलाओं को भी हमेशा हेय दृष्टि से देखते हैं। हम इस बात की भी घोर निंदा करते हैं कि भाजपाइयों की पुरुषवादी सामंती सोच आज भी नारी को मान, सम्मान या अभिव्यक्ति की आजादी नहीं देना चाहती है। हम इस बात की भी घोर निंदा करते हैं कि नारी वंदन का ढोंग रचनेवाली भाजपाई सोच वस्तुतः नारी विरोधी है।



### भाजपा सरकार महिला आरक्षण लागू नहीं करना चाहती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में पास होकर कानून बन गया है। सरकार चाहे तो अगले चुनाव में लागू कर सकती है लेकिन भाजपा सरकार महिला आरक्षण लागू नहीं करना चाहती है। विपक्ष के खिलाफ झूठा दुष्प्रचार कर रही है। भाजपा महिला विरोधी है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहद खराब है। महिलाओं बेटियों के साथ बहुत दुखद घटनाएं हो रही हैं। गाजीपुर में सपा के प्रतिनिधिमंडल को बहुत सारी जानकारियां मिली है। गाजीपुर की पुलिस और दबंग लोग सच्चाई बाहर नहीं आने देना चाहते थे। पिछले नौ साल से सरकार, भाजपा और प्रशासन मिलकर घटनाओं को छिपा रही है। गाजीपुर में जिस बेटी के साथ घटना हुई, उसके पिता जी चाहते थे कि मेडिकल जांच हो लेकिन मेडिकल प्रक्रिया नहीं अपनायी गयी, पोस्टमार्टम करके दाह संस्कार करा दिया गया। इसी तरह से हाथरस, मेरठ में घटना हुई, पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला। फतेहपुर में मौर्या बेटी के साथ घटना हुई लेकिन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। इस सरकार में तमाम घटनाएं हो रही है। हरदोई में सपा प्रतिनिधिमण्डल को नहीं जाने दिया गया। भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाना चाहती है।

## संक्षेप

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के दीवानी वार्ड के मनीपुर में श्रीमदभागवत कथा को लेकर बुधवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने भगवान द्वारिकाधीश का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पहले संयोजक पं0 रमाशंकर तिवारी, आनन्द तिवारी, अजय कुमार तिवारी तथा रजनीश तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य मण्डप पूजन किया। आयोजन समिति द्वारा कथाव्यास दण्डी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महराज को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उच्च न्यायालय के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रामेश्वर प्रसाद तिवारी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, शैलेन्द्र तिवारी, रोहित तिवारी, रामकिशोर तिवारी, रामराज तिवारी, कपिल तिवारी, विभाकरनाथ शुक्ल, लालजी त्रिपाठी, डा0 रमाशंकर शुक्ल, शंभूनाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

### मारपीट व एससीएसटी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट तथा तोडफोड का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव निवासी रवि कुमार कोरी के अनुसार वह राज मिस्त्री है। पीड़ित का आरोप है कि उसने पड़ोसी गांव समापुर निवासी ओमप्रकाश के यहां चार लेवर के साथ पैंतालिस दिनों तक काम किया। पीड़ित का आरोप है कि बीती तीन जनवरी को किये गये काम का पैसा मांगने गया तो ओमप्रकाश ने अपने पुत्रों प्रमोद व रज्जन उर्फ राजकुमार के साथ मिलकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को मारापीटा व उसका दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में तथा बाद में एसपी के यहां भी किया। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। इससे परेशान पीड़ित ने कोर्ट में वाद दायर कर न्याय की गुहार की। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### मारपीट में दो पर केस दर्ज


प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी व गालीगलौज को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसावन राहाटीकर गांव की सुनीला देवी पत्नी अर्जुन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे रंजिश में गांव के पड़ोसी धर्मेन्द्र पुत्र मदन सिंह, गुड़िया पत्नी संतोष सिंह ने एकराय होकर उसे तथा उसके पुत्र सागर व पुत्री खुशी को मारापीटा तथा जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### दंपती पर मारपीट का केस

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रांकी गांव निवासी मिथुन पुत्र रामअधार रैदास ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस अप्रैल को रात्रि करीब साढ़े आठ बजे परिवार के लल्लू व उसकी पत्नी सीमा ने उसकी बहन को मारापीटा। शोर सुनकर बचाव में पीड़ित पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी मारापीटा। जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सिद्धार्थनगर में करोड़ों के कथित घोटाले का खुलासा

# डीएम ने बैठायी तीन सदस्यीय जांच



सिद्धार्थनगरः जनपद के नौगढ़ और शोहरतगढ़ विकासखंड की छह ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये के कथित वित्तीय घोटाले का मामला सामने आने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तत्काल प्रभाव से तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर पूरे प्रकरण की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्यालय निवासी अंकित सिंह ने 29 अप्रैल को नोटरी एफिडेविट और ठोस साक्ष्यों के साथ जिलाधिकारी को शिकायत सौंपते हुए वर्ष 2022-23 से 2025-26 के बीच कराए गए विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि रामगढ़ ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट, सफाई और अन्य कार्यों के नाम पर बाजार दर से कहीं अधिक भुगतान किया गया। विशेष रूप से स्ट्रीट लाइट पर हुए खर्च को संदिग्ध बताया गया है, जिसमें लाखों रुपये के दुरुपयोग की आशंका जताई गई है।

इसी तरह हरदासपुर, टेड़िया, सेमरियाव, रसूलपुर और रामपुर ग्राम पंचायतों में भी डस्टबिन, आरसीसी बेंच, ईंट आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और सफाई कार्यों के नाम पर भारी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि कई स्थानों पर बिना कार्य कराए ही भुगतान कर दिया गया। कुछ फर्मों के माध्यम से फर्जी बिल और वाउचर लगाकर सरकारी धन की निकासी किए जाने की बात भी सामने आई है। शिकायतकर्ता ने ग्राम प्रधान, सचिव, जेई, बीडीओ सहित कई अधिकारियों की कथित मिलीभगत से इस पूरे घोटाले को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मामले को बेहद गंभीर बताते हुए जांच टीम को निर्देश दिए हैं कि वे मौके पर जाकर हर पहलू की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है।

## मेडिकल कॉलेज में मारपीट का मामला

# 5 एमबीबीएस छात्र 3 माह के लिए निलंबित




सिद्धार्थनगरः माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस 2024 बैच के छात्रों के बीच हुए विवाद और मारपीट के मामले में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए पांच छात्रों को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया है।

बताया जा रहा है कि लंबे समय से चल रही गुटबाजी ने 23 अप्रैल को हिंसक रूप ले लिया, जब छात्रों के बीच विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राचार्य प्रो. राजेश मोहन के निर्देशन में चार सदस्यीय जांच समिति गठित की।

जांच में छात्रों को अनुशासनहीनता, छात्रावास नियमों के उल्लंघन और शैक्षणिक माहौल बाधित करने का दोषी पाया गया। रिपोर्ट के आधार पर पांचों छात्रों को तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस अवधि में वे न तो कक्षाओं में भाग ले सकेंगे और न ही छात्रावास में रह पाएंगे। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि संस्थान में अनुशासन से कोई समझौता नहीं होगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, महिला समेत पांच गिरफ्तार

मेरठ। जिले के थाना रेलवे रोड क्षेत्र में पुलिस ने देह व्यापार के एक रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भटीपुरा देवपुरी स्थित इब्राहीम शाह मस्जिद के पास एक मकान में देह व्यापार संचालित होने की सूचना मुखबिरों और स्थानीय शिकायतों के माध्यम से मिल रही थी। उन्होंने बताया कि इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना रेलवे रोड के प्रभारी निरीक्षक जनार्दन प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में माजिद मलिक, दानियाल उर्फ साहिल, शगुफ्ता खान, शाकिर और ताबिश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरोप है कि मुख्य आरोपी इरशाद पठान उर्फ पिंकू पठान अपनी पत्नी शगुफ्ता खान और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अपने घर में देह व्यापार चलाता था, जबकि अन्य आरोपी ग्राहकों की व्यवस्था में सहयोग करते थे।

# प्रेम और सेवा ही जीवन का सच्चा आधार

## श्रीमद्भागवत कथा का छठवां दिन श्रद्धा, आध्यात्मिकता और उल्लास से परिपूर्ण





जिला संवाददाता

**कटरा, श्रावस्ती।** ग्राम पटखौली खुर्द में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन का आयोजन अत्यंत अलौकिक, भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा स्थल पर शाम से ही श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व उपस्थित रही जिससे पूरा परिसर भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कथा वाचिका आचार्या दिव्या रामायणी जी (मथुरा-वृंदावन धाम) ने अपने ओजस्वी एवं मर्मस्पर्शी प्रवचन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन लीला, रासलीला और भक्तों के प्रति भगवान के करुणामय स्वरूप को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करते हुए बताया कि धर्म, प्रेम और सेवा ही जीवन के सच्चे आधार हैं।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को पावन एवं उत्कृष्ट बनाने का सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को सत्य के मार्ग पर अग्रसर करती है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भजनों में लीन दिखाई दिए और वातावरण हरिनाम संकीर्तन से गूंजता रहा। इस अवसर पर जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना के प्रधानाचार्य श्री रामबिहारी बाजपेई जी अपनी धर्मपत्नी सहित उपस्थित रहे। साथ ही महामाया महाविद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेंद्र गुप्त, ग्लेनमार्क फार्मा के एरिया मैनेजर बिपुल तिवारी, शिक्षक श्री संजय कुमार शुक्ल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन मुन्ना सिंह परिहार एवं उनके सहयोगियों के समर्पित प्रयासों से किया जा रहा है। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ छठवें दिन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से आगामी दिनों में भी अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ उठाने की अपील की।

# खाद्य सुरक्षा पर डीएम सख्त मिलावटखोरों पर होगी कार्रवाई



श्रावस्ती। जनपद में आमजन को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ तथा गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य पदार्थों की शुद्धता, जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि त्योहारों तक सीमित न रहकर वर्ष भर नियमित अंतराल पर विशेष अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की सघन जांच की जाए, ताकि मिलावटी सामग्री की बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने नगर एवं सार्वजनिक स्थलों पर शिकायत दर्ज कराने हेतु हेल्पलाइन नम्बर प्रमुखता से चस्पा कराने के निर्देश भी दिए, जिससे उपभोक्ता सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। उन्होंने फूड सैम्पलिंग से जुड़े प्रकरणों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में चिन्हित रिपीट डिफाल्टर दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सील किया जाए। साथ ही, बिना लाइसेंस संचालित दुकानों एवं अवैध मीट कारोबार पर विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम), आईसीडीएस तथा पीडीएस के तहत वितरित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और नमूने एकत्र कर परीक्षण कराया जाए। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सूचना बोर्ड लगाने पर भी बल दिया गया। जिलाधिकारी ने खाद्य एवं औषधियों में मिलावट और मानकविहीन उत्पादों के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनपद में संचालित अवैध मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य मंजूषा सिंह द्वारा एजेण्डा प्रस्तुत करते हुए विभागीय प्रवर्तन कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार पासवान, जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम मिश्र, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सन्त कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने नगर निकाय कार्यों पर लगायी फटकार

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका भिनगा और नगर पंचायत इकौना के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकायों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। नगर में लगे सभी वाटर कूलर ठीक हालत में चालू रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सड़कों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई नियमित रूप से कराई जाए और स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह चालू रहें।

उन्होंने खराब हैंडपंपों को तुरंत ठीक कराने, नालियों की सफाई कराने और घर-घर कूड़ा उठाने की व्यवस्था मजबूत करने को कहा। सार्वजनिक शौचालयों की नियमित निगरानी और साफ-सफाई पर भी जोर दिया गया। बड़े बकायेदारों से वसूली करने और पुराने बकायों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने बिना मानचित्र स्वीकृति के हो रहे अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा, आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन और ईपीएफ कटौती समय से हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीकरण, प्रधानमंत्री योजनाओं और जल जीवन मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की गई। सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवक का शव मिला पुलिस जांच में जुटी

कटरा, श्रावस्ती। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर दहौरा गांव में मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव जामुन के पेड़ से लटका हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह जब परिजनों और ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही नवीन मॉडर्न थाना प्रभारी निरीक्षक एच एस मिश्रा और एसआई अंबेडकर मय पुलिस बल वा फोरेंसिक टीम के साथ आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय हीरालाल पुत्र राम उजागर के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक की पत्नी शांति देवी हैं। उनके सात नाबालिग बच्चे हैं—दद्दू (14 वर्ष), बंसी (11 वर्ष), जुगनू (9 वर्ष), रोहित (8 वर्ष), रोहिनी (5 वर्ष), नंदिनी (2 वर्ष) और 7 माह की गुड़िया। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक राम हरीश मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ग्रामीणों और परिजनों ने जानकारी दी है कि मृतक शराब पीने का आदी था। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में उसने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी, जिसके आधार पर आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए रामपुरखास में होगा औद्योगिक विकास

## संग्राम सिंह में प्रवेश एवं निकास की सुविधा को लेकर लोगों के खिले चेहरे




प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गंगा एक्सप्रेसवे को रामपुरखास के लिए इसे औद्योगिक विकास की गंगा की दूरगामी मजबूती का द्योतक कहा है। उन्होने कहा कि रामपुरखास के सराय संग्राम सिंह में एक्सप्रेसवे के लिए प्रवेश व निकास की यह सुविधा स्थानीय क्षेत्र के लिए एक नई चमक लेकर आयी है। सांसद प्रमोद तिवारी ने पर्यटन स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम के साथ लालगंज कालाकांकर स्टेट हाइवे के बेहतरीन मानक को प्रयागराज तथा रायबरेली के बीच प्रतापगढ़ के सराय संग्राम सिंह में इसके प्रवेश व निकास के चयन को सबसे बड़ा आधार करार दिया। बुधवार को सायं प्रयागराज से एक्सप्रेसवे से होते हुए सांसद प्रमोद तिवारी जैसे ही टोल प्लाजा के समीप पहुंचे बड़ी संख्या में जुटे क्षेत्रीय ग्रामीणों व कार्यकताओं तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने उनका माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने सराय संग्राम सिंह में एक्सप्रेसवे पर मिली इस सुविधा के लिए स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी क्षेत्र के लोगों की ओर से आभार जताया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास में हाइवे की श्रृंखला को यह एक्सप्रेसवे पर्यटन तथा उद्योग के क्षेत्र में सुदृढ़ वातावरण प्रदान कर सकेगा। उन्होने कहा कि विधायक आराधना मिश्रा मोना की संकल्पना से क्षेत्रीय लोगों को प्रयागराज तथा अयोध्या व विंध्याचल व काशी विश्वनाथ के दर्शन पूजन के लिए यह नया एक्सप्रेसवे क्षेत्र के बेहतर सड़क नेटवर्क को विविधि सफलताएं प्रदान करने में सहायक होगा। गंगा एक्सप्रेसवे की शुरूआत को लेकर सांसद प्रमोद तिवारी खासे प्रसन्नचित भी दिखे। कार्यक्रम स्थल पर गंगा एक्सप्रेसवे पर जिले का एक मात्र प्रवेश एवं निकास रामपुरखास के सराय संग्राम सिंह टोल प्लाजा होने को लेकर लोगों में इसे राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना का एक बड़ा सफल प्रयास भी चर्चा में लिये दिखा। उपलब्धि को लेकर मगन क्षेत्र के लोगों ने चारपहिया व दोपहिया के लम्बे काफिले के बीच सांसद प्रमोद तिवारी का टोल प्लाजा के समीप गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### अधिवक्ता संघ के चुनाव में उम्मीदवारों के नामांकन हुए वैध, सभी पदों पर होगा रोमांचक मुकाबला



प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में बुधवार को सभी चालीस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांचोपरान्त वैध पाए गए। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न पदों के प्रत्याशियो के नामांकन पत्रों की विधिवत जांच हुई। नाम वापसी के दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस न लेने से इस बार संघ के चुनाव में सभी पदों पर चुनावी घमासान बढ़ गया है। अध्यक्ष पद पर पांच उम्मीदवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर छः, उपाध्यक्ष पद पर भी छः तथा महामंत्री पद पर भी छः, सह मंत्री पद पर तीन, कोषाध्यक्ष पद पर दो तथा प्रचार मंत्री पद पर तीन एवं आय व्यय निरीक्षक पद पर तीन व सदस्य कार्यकारिणी के पद पर भी आधा दर्जन उम्मीदवार मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद पर जरूर सीधा मुकाबला दिखेगा। वहीं सदस्य कार्यकारिणी के पांच पद पर छठें उम्मीदवार के नामांकन से इस पद पर भी इस बार मतदान की स्थिति बन गयी है। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि बारह मई को मतदान कराया जाएगा। नामांकन पत्रो की जांच को लेकर हुई बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह अगई, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुवेर्दी शामिल रहे।

### भगवान की शरण में ही है जीव का कल्याण



प्रतापगढ़। बेलहा के हिरऊ का पुरवा में श्रीमदभागवत कथा के शुभारंभ को लेकर बुधवार को श्रद्धालुओ की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी जी ने बताया कि शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को श्रीमदभागवत कथा का महत्व समझाते हुए बताया कि भगवान की शरण में ही जीव का कल्याण है। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत कथा मनुष्य को नैतिक जीवन जीने की कला व विधान को समझाया करती है। कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी ने जगत में नीति के पालन और धर्म पथ पर अग्रेतर बने रहने की जीव को सांसारिक माया से मुक्त का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा संसार को चरित्र और संस्कार के साथ सत्य के धर्म के अनुशरण की प्रेरणा दिया करती है। कथा के दौरान भगवान के सुमधुर भजनों को सुनकर भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। शुभारंभ पर संयोजक रामदुलारे यादव व लक्खू देवी तथा मिथलेश, कमलेश यादव, विपिन यादव ने भगवान की विधिविधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर समाजसेवी पप्पू तिवारी, राजाराम यादव, विजयपाल यादव, केशवदत्त पाण्डेय, श्याम नारायण तिवारी, अतुल शुक्ला, राममिलन यादव, रामबरन यादव, बाल मुकुन्द, आचार्य पवन द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### हेलीकॉप्टर से हुई दुल्हन की विदाई देखने उमड़ी हजारों की भीड़



सिद्धार्थनगर । बढ़नी ब्लॉक स्थित खैरा बाजार गांव में बुधवार को एक अनोखी विदाई देखने को मिली, जब दूल्हा अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लेने पहुंचा। इस खास पल को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग जुट गए। प्रियंका चौधरी की शादी जिगना शुक्ल गांव निवासी राम लखन चौधरी से हुई थी। विदाई को यादगार बनाने के लिए दूल्हे ने हेलीकॉप्टर का इंतजाम किया। सुबह करीब 11 बजे हेलीकॉप्टर गांव में उतरा, जहां सुरक्षा के लिए पुलिस और फायर ब्रिगेड तैनात रही। हेलीकॉप्टर में सवार होकर दूल्हा-दुल्हन रवाना हुए। ग्रामीणों के लिए यह पहली बार था, जिसे उन्होंने बेहद उत्साह और उत्सुकता के साथ देखा।

### पटखौली ग्राम पंचायत में शौचालय योजना और मनरेगा कार्यों में घोटाले के आरोप




बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी ब्लाक क्षेत्र के चर्चित ग्राम पं0 पटखौली में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय निर्माण योजना कागजों तक सीमित रह गई, जबकि रिकॉर्ड में निर्माण दिखाकर लाखों रुपये का खर्च दशार्या गया। इसके अलावा मनरेगा योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों में भी मानकों के विपरीत कार्य कराने और सरकारी धन के दुरुपयोग की चर्चा जोरों पर है। आरोप है कि स्टीमेट के विरुद्ध काम कराकर वित्तीय गड़बड़ी की गई। मामले में ग्राम पंचायत सचिव और संबंधित जेई की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, सचिव ने कुछ आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है। ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### युवक का शव मिला, हत्या की आशंका



सिद्धार्थनगर जनपद के सदर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर राजा टोला कोइलरहा गांव में बुधवार सुबह नहर पुलिया के नीचे 32 वर्षीय युवक जसवंत का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, जसवंत मंगलवार शाम घर से बाजार जाने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने नहर किनारे उसका शव देखा और सूचना दी। शव पर सिर और नाक में गंभीर चोट के निशान व खून मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से किसान व पांच भैंसों की मौत

बलरामपुर। गैसड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा-गोरखपुर रेल खंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक किसान और उसकी पांच भैंसों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार यह घटना मंगलवार देर शाम की है। तुलसीपुर क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि सुखरामपुर निवासी राम नरेश यादव (65) अपनी भैंसों को चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तुलसीपुर और गैसड़ी रेलवे स्टेशन के बीच गोंडा से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से राम नरेश यादव और उनकी पांच भैंसों की मौके पर ही कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची गैसड़ी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की आवश्यक कार्वाई की जा रही है।

# गंगा एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल की आर्थिकी को भी मिलेगी रफ्तार

## पूर्वांचल और राज्य पश्चिमी हिस्से की कनेक्टिविटी होगी मजबूत, सप्लाई चेन में आयेगी तेजी

घनश्याम कुमार



गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों बुधवार को जन समर्पित हुए गंगा एक्सप्रेसवे के जरिये न केवल पूर्वांचल और राज्य पश्चिमी हिस्से की कनेक्टिविटी मजबूत हो जाएगी बल्कि इससे पूर्वांचल की आर्थिकी को भी रफ्तार मिलेगा। हाल के कुछ सालों में इंडस्ट्री के हब के रूप में विकसित हो रहे गोरखपुर में तैयार उत्पादों को, गंगा एक्सप्रेसवे के माध्यम से अब और आसानी से पश्चिमी यूपी व एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) भेजना सुगम हो जाएगा। कनेक्टिविटी की नई श्रृंखला का सबसे फायदा यहां के कृषि और औद्योगिक जगत को मिलेगा। कृषि और औद्योगिक उत्पादों की सप्लाई चेन अब और आसानी तथा तेजी से काम करने लगेगी। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल के लिए पहले से दो एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और इससे कनेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात दे रखी है। इसकी कनेक्टिविटी का पूरा फायदा आमजन के साथ उद्योग-व्यपार जगत को मिल रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे से भी उद्योग-व्यापार के क्षेत्र को खासा लाभ मिलेगा। लिंक एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर रायबरेली या वाया लखनऊ, गंगा एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इससे गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में तैयार माल काफी कम समय में एनसीआर और पश्चिमी यूपी के अन्य जिलों में भेजा जा सकेगा। इसी तरफ एनसीआर या इससे होते हुए अन्य राज्यों से यहां खपत होने वाले माल को मंगाने में आसानी हो जाएगी।

श्री अग्रवाल का अनुमान है कि माल भेजने और मंगाने में 50 प्रतिशत तक समय की बचत हो जाएगी। हाल के सालों में गोरखपुर में बने रेडीमेड गारमेंट्स की सप्लाई नोएडा, गाजियाबाद और पश्चिम के अन्य जिलों में हो रही है। कृषि उत्पादों और टेक्सटाइल की सप्लाई का काम यहां पहले से होता रहा है। गोरखपुर में तीव्र औद्योगिक विकास के बाद इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट की भी आपूर्ति एनसीआर और अन्य जिलों तक हो रही है। यह सप्लाई चेन गंगा एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी से जुड़ेगी तो यहां की आर्थिकी को नया विस्तार मिल जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रयागराज से एक लिंक रोड प्रस्तावित है जो इसे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (गाजीपुर-लखनऊ) में सीधे जोड़ेगी। इससे पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के अलावा अन्य जिलों तक के लिए भी यात्रा सुगम और कम समय में हो जाएगी। इसके अलावा गंगा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव के पास एक बड़ा इंटरचेंज बनाया गया है जो आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से भी जुड़ता है। इससे पूर्वांचल के लोगों का नोएडा या दिल्ली पहुंचना और भी आसान हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, भविष्य में प्रस्तावित शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस वे (जो गंगा एक्सप्रेसवे से भी बड़ा होगा) के साथ मिलकर, यह पूरे पूर्वोत्तर भारत और पश्चिम यूपी को जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक कॉरिडोर बन जाएगा।

## अमृत सरोवर बना बदहाली की मिसाल

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम कैस्त में स्थित अमृत सरोवर इन दिनों बदहाली और अव्यवस्थाओं का प्रतीक बनकर रह गया है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद तालाब सूखा पड़ा है और चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह महत्वाकांक्षी योजना अब सवालों के घेरे में है। वर्ष 2003 में इस तालाब की खुदाई शुरू की गई थी। तब से अब तक पांच ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बीत चुका है। इस दौरान तालाब की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और रखरखाव के नाम पर लगातार बजट आता रहा, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। वर्तमान में तालाब में पानी का नामोनिशान नहीं है, जिससे इसका अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है। तालाब के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। किनारों पर न तो टाइल्स लगाई गई हैं और न ही बैठने या टहलने जैसी कोई सुविधा विकसित की गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की नियमित सफाई और रखरखाव नहीं होने से इसकी स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। वर्ष 2017 में तत्कालीन ग्राम प्रधान जानकी प्रसाद द्वारा तालाब में पानी भरवाया गया था, जिससे कुछ समय के लिए इसकी स्थिति सुधरी थी। हालांकि, बाद में फिर से लापरवाही शुरू हो गई।

## 97 बहनों के विवाह में समाजसेवी ने कन्यादान किया



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवंत नगर के अंतर्गत पांचो ब्लॉक क्रमशः बीघापुर, सुमेरपुर, सिकंदरपुर कर्ण, बिछिया, पुरवा के विभिन्न क्षेत्रों गांवो में आयोजित वैवाहिक अवसर पर समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी सेवा संकल्प को वृहद रूप देते हुए 97 बहनों की शादी में कन्यादान किया। बताते चले कि पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा अभी तक 4000 से ऊपर बहनों की शादी में कन्यादान कर चुके है। इस पुनीत अवसर पर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की टीम के प्रमुख सदस्य बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह, आर के सिंह, पंकज सिंह बाबा, राघवेंद्र सिंह, आशू सिंह, कमलेश राम जी यादव, अतुल सिंह, दीपक सिंह, विक्रम यादव आदि ने मांगलिक स्थलों पर पहुंचकर बहन के सुखमय जीवन की शुभकामनायें दी है।

## दबंगों के हौंसले बुलंद, छप्पर में लगायी आग



उन्नाव। बीती रात अचलगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बेहटा नथई सिंह में कुछ दबंगों द्वारा एक छप्पर में आग लगा दी जाती है। जबकि जिस व्यक्ति के छप्पर में आग लगाई जाती है वह बीते कई दिनों से उन्नाव में निवास कर रहा है। साथ ही उसके पारिवारिकजन विवाह समारोह में चले गए थे। जिसका फायदा उठाकर पड़ोस के लोगों द्वारा छप्पर में आग लगाकर पीड़ित व्यक्ति को डराने का प्रयास किया जाता है। आग लगने के बाद गांव के ही लोगों द्वारा आग बुझाई जाती है तथा गांव निवासी पीड़ित दिलीप मिश्रा को फोन कर पूरे प्रकरण से अवगत कराया जाता है। इसके बाद पीड़ित 112 पर सूचना देता है। 112 मौके पर आकर मौका मुआयना करती है। और पूछताछ करती है इसके बाद 112 पीड़ित को थाने में प्रार्थना पत्र देने के लिए कहती है। पीड़ित दिलीप मिश्रा अचलगंज थाने में शिकायती पत्र देते हुए पड़ोस के ही राम लोटन पुत्र स्व.शिवलाल, शीतल व श्याम पुत्र राम लोटन सहित अज्ञात लोगों पर एक राय होकर आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र देता है। साथ ही पीड़ित द्वारा यह ही बताया गया कि उपरोक्त दबंग अक्सर पीड़ित को और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी और गाली गलौज भी अक्सर किया करते हैं। पूरे प्रकरण पर थाना प्रभारी अचलगंज ब्रजेश शुक्ला ने मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की बात कही है। पीड़ित और आरोपियों का पूर्व से विवाद चल रहा है विवाद की प्रमुख कारण दबंगो का मंदिर और सार्वजनिक कुएं की जमीन पर अवैध कब्जा करना है। जिस पर ग्रामीणों ने थाने से लगाकर उप जिलाधिकारी सदर को शिकायती पत्र दे चुके हैं। मुकदमा भी एसडीएम न्यायालय में दायर हुआ। जिस पर उपजिलाधिकारी सदर ने आदेश किया था कि दबंगों द्वारा खूंटा और नींव गाडकर जो अवैध कब्जा किया गया है। उसे तत्काल प्रभाव से हटवाया जाए। उसके बाद भी दबंगों द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया। और नींव के गड्ढे को समतल किया गया।

## शिकायतों पर कार्रवाई न होने से आहत शिक्षक ने दी आत्मदाह की चेतावनी

उन्नाव। जनपद उन्नाव में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। एक सहायक शिक्षक ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि उसकी शिकायतों पर लंबे समय से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रार्थी गोपाल बाबू (सहायक शिक्षक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, ब्लॉक सिसौली ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र में बताया कि उन्होंने आईजीआरएस संख्या 200/5626005311 व 200/5626005225 के माध्यम से अपनी समस्याएं दर्ज कराई थीं। इन शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच कर 15 दिनों में समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। पीडित ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 1 मई तक उनकी शिकायतों का समाधान नहीं किया गया, तो वह 2 मई को तहसील सदर उन्नाव परिसर में सुबह 11 बजे आत्मदाह को विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव नगला छंद में घर के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद किए हैं, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि गांव नगला छंद निवासी वेदपाल सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि वादी के पुत्र मनीष और आरोपी अभिषेक यादव के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर दोनों के बीच फोन पर कहासुनी हुई और एक-दूसरे को देख लेने की धमकी दी गई थी। पुलिस के अनुसार, इसी रंजिश के चलते अभिषेक यादव पुत्र इंद्रवीर निवासी मोहल्ला गुलाबबाड़ी अपने साथी दीपा पुत्र वीरेश निवासी नगला देवी, थाना करहल मैनपुरी के साथ सोमवार देर रात करीब 12 बजे कार से नगला छंद पहुंचा और वादी के घर के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग कर दी। घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड के समीप से अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## गेट पांच दिन के लिये बंद रहेगा

भरथना, इटावा! रेलवे ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते भरथना रेलवे स्टेशन का गेट नम्बर- 20बी आगामी पाँच दिनों के लिए बन्द रहेगा। उक्त आशय की जानकारी स्टेशन प्रबन्धक मनोज कुमार ने देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन भरथना के पूर्वी ओर स्थित केबिन गेट संख्या- 20बी रेलवे ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते आगामी 30 अप्रैल से 4 मई कुल पाँच दिन रेलवे फाटक बन्द रहेगा। उक्त दिवसों में राहगीर आवागमन हेतु रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ओर स्थित रेलवे उपरिगामी सेतु का उपयोग कर सकते हैं।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू

इटावा। अभिनव रंजन श्रीवास्तव अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस, 9 मई को लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती, 27 मई को ईदुज्जुहा (बकरीद) तथा दिनांक 3 मई परीक्षा व 21 मई को लेखपाल मुख्य परीक्षा एवं माह मई में आयोजित होने वाली अन्य परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद इटावा में असामाजिक व्यक्तियों, तत्वों द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने के विषय में प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर मेरा समाधान हो गया है कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखें।

## संक्षेप

### दुर्घटना में बीएसएफ जवान की मौत



चौरीचौरा, गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के बेलवा निवासी 35 वर्षीय पवन पुत्र बुद्धू प्रसाद, अवैध मिट्टी खनन में चल रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर दशा को देखते हुए उन्हें एम्स रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डाक्टरों ने घायल पवन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। बताते चलें कि झंगहा थाना क्षेत्र के बेलवा निवासी 35 वर्षीय बीएसएफ जवान पवन असम में तैनात था तथा 21 अप्रैल को अवकाश पर गांव घर आया था। परिजनों के अनुसार पवन किसी कार्य के लिए बुधवार की सुबह अपने घर से चौरीचौरा जा रहे थे। अभी परसौनी गांव स्थित बुद्धा पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि अवैध मिट्टी खनन में चल रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गये। और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा इलाज के लिए भेजवाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत को देखते हुए एम्स रेफर कर दिया एम्स पहुंचते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र व गांव में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी चंदा पांच वर्षीय पुत्र अभय तथा दो वर्षीय पुत्री हर्षिता को छोड़ गया है।

### युवाओं को रोजगार देने की मांग

चौरीचौरा, गोरखपुर। ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालीशंकर यदुवंशी ने ऐतिहासिक चौरी-चौरा क्षेत्र के औद्योगिक कायाकल्प और बेरोजगारी उन्मूलन के लिए, एक क्रांतिकारी प्रस्ताव शासन के समक्ष रखा है। उन्होंने मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर मांग किया है कि चौरी-चौरा को विश्व के प्रथम गैर-प्रदूषणकारी हरित आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने इस प्रस्तावित जोन के प्रथम चरण में चौरी-चौरा विधानसभा क्षेत्र के न्यूनतम 10,000 नौजवानों को अनिवार्य रूप से रोजगार देने की मांग किया है। उन्होंने बताया कि यह औद्योगिक जोन सौ प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा यानी सोलर एनर्जी पर आधारित होगा और यहाँ केवल वही हाई-टेक उद्योग जैसे आईटी हब, सेमीकंडक्टर असेंबली, इलेक्ट्रानिक विनिर्माण और रोबोटिक्स स्थापित किए जाएंगे जो पर्यावरण के अनुकूल हों।

### कल मनेगी अमर शहीद बाबू बन्धु सिंह की 194 जयंती

चौरीचौरा, गोरखपुर। 1857 समर के महानायक अमर शहीद बाबू बंधू सिंह की 194वीं जयन्ती एक मई को सुबह 9:00 बजे आर्य नगर फासी स्थल पर, 10:00 बजे तरकुलहा माता मंदिर शहीद स्मारक पर, 10:30 बजे शहीद स्मारक चौरी चौरा तथा 11:00 बजे शहीद बंधू सिंह डिग्री कॉलेज करमहा सरदार नगर में मनाई जाएगी। अमर शहीद बाबू बंधू सिंह के वंशज अजय कुमार सिंह टप्पू भैया ने फुटहवा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के संग बैठक करके जयंती मनाने की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम की जानकारी अजय कुमार सिंह टप्पू भैया ने देते हुए सभी से उक्त अवसर पर पहुंचने की अपील किया है।

**आवश्यकता**

गया सिंह सुमित्रा सिंह चौहान महाविद्यालय
कल्याणपुर-हरगांव, सीतापुर
आवश्यकता है

प्राचार्य-01 पद

**कला संकाय हेतु** सहायक आचार्य-हिन्दी साहित्य-01 पद, अंग्रेजी साहित्य-01 पद, गृह विज्ञान-01 पद, समाजशास्त्र-01 पद, शिक्षाशास्त्र-01 पद, अर्थशास्त्र-01 पद एवं राजनीति शास्त्र-01 पद

**विज्ञान संकाय हेतु** रसायन विज्ञान-01 पद भौतिक विज्ञान-01 पद जंतु विज्ञान-01 पद वनस्पति विज्ञान-01 पद गणित-01 पद

योग्यता-यू.जी.सी. के नियमानुसार

नोट-इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अभिलेखों की छायाप्रति दो-दो फोटो सहित निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें।

प्रबंधक
इंद्रपाल सिंह चौहान
ग्राम-कल्याणपुर, पोस्ट-हरगांव
जिला- सीतापुर

## गोला में महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा




गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गोला मंडल में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई। महिला पदयात्रा कार्यक्रम की प्रभारी गीतांजली श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं के अधिकारों पर वार कांग्रेस है जिम्मेदार किनारे लगाते हुए भाजपा के कार्यकर्ता गण चल रहे थे इस दौरान महिला पदयात्रा की प्रभारी श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा महिला आरक्षण लोकसभा में लाया गया जिसका पूरा विपक्ष विरोध कर महिला आरक्षण विधेयक पास नहीं होने दिया इसके विरोध में सभी मंडलों में महिलाओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुसुमावती देवी जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन मंडल अध्यक्ष गोला अजय राजभर पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश निषाद पंकज सोनकर सहित अधिक संख्या में महिला एवं पुरुष द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया।

## गोरखपुर मंडल में 200 श्रमिकों की बेटियों के हाथ पीले करायेगी योगी सरकार

- अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर शुक्रवार को गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में होगा भव्य आयोजन, मंत्री व जनप्रतिनिधि होंगे मेजबान
- श्रम विभाग द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के तहत हर जोड़े के खाते में भेजे जाएंगे 85000 रुपये

**गोरखपुर।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर योगी सरकार गोरखपुर मंडल के 200 श्रमिकों के परिवारों को बड़ा उपहार देने जा रही है। इस दिन सरकार किसी भी परिवार के लिए बिटिया की शादी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी उठाने जा रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप श्रमिक दिवस पर एक मई को मंडल के चारों जिलों से कुल मिलाकर 200 बेटियों का सामूहिक विवाह कराकर श्रमिकों की एक बड़ी चिंता दूर कर दी जाएगी। श्रम विभाग की तरफ से सामूहिक विवाह का कार्यक्रम गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। इसमें श्रम मंत्री और कई जनप्रतिनिधि मेजबान के रूप में उपस्थित रहेंगे। श्रम विभाग के उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की तरफ से संचालित ह्यकन्या विवाह सहायता योजनाह्न के तहत आयोजित हो रहे सामूहिक विवाह कार्यक्रम मेंमंडल के चार जिलों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर के 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर प्रस्तावित है। सामूहिक विवाह के इस आयोजन में विभाग प्रति जोड़े के विवाह पर एक लाख रुपये खर्च करेगा। इसमें से 85000 रुपये प्रत्येक उपस्थित जोड़े के बैंक खाते में भेजे जाएंगे। जबकि 15000 रुपये प्रति जोड़े की दर से आयोजन व्यय का भुगतान किया जाएगा। श्रम विभाग की तरफ से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन भव्य बनाने की तैयारी की गई है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर सहित तमाम जनप्रतिनिधि स्वयं मेजबान की भूमिका में उपस्थित रहेंगे। विभाग का प्रयास है कि आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमापूर्ण और उत्सवपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। उप श्रमायुक्त शक्तिसेन का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन का उद्देश्य श्रमिकों को यह अहसास कराना है कि सरकार उनके सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने बताया कि चंपा देवी पार्क में आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, ताकि श्रमिकों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## कब्जा विवाद में बवाल, 15 नामजद समेत 35 पर मुकदमा

चौरीचौरा, गोरखपुर। नगर पंचायत क्षेत्र के राघोपुर में कब्जा विवाद को लेकर दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। लाठी-डंडा व धारदार हथियार से लैस लोगों ने मकान पर हमला कर ताला तोड़ने का प्रयास किया और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। पुलिस ने 15 नामजद समेत 35 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। फुलवरिया निवासी जयप्रकाश जायसवाल की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने बीएनएस की धारा 324(4), 351(3), 351(2), 352,115(2) तथा 191(2) के तहत पन्द्रह नामजद व बीस अज्ञात कुल 35 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी जय प्रकाश जायसवाल ने तहरीर के माध्यम से बताया कि राघोपुर स्थित उनके मकान व दुकान पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। जिसके संबंध में उन्होंने न्यायालय में वाद दायर किया था। उन्होंने बताया कि उक्त मुकदमे में 30 मार्च 2026 को उनके पक्ष में आदेश हुआ। 21 अप्रैल को पुलिस व न्यायालय के अमीन की मौजूदगी में मकान खाली कराकर ताला बंद कराया गया था।

उनका आरोप है कि 22 अप्रैल की सुबह आरोपित हथौड़ी व लोहे के औजार लेकर पहुंचे और ताला तोड़ने का प्रयास किया। वहीं 25 अप्रैल की रात करीब 10 बजे नामजद व अन्य लोग एकजुट होकर मकान पर चढ़ आए। आरोपितों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। और दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि ईंट-पत्थर चलाते हुए गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। हमले में मेरा एक कर्मचारी शकिल खान उर्फ बबलू को मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने घटना का वीडियो फुटेज पास होने का दावा किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## मेधावी छात्र कल के जिम्मेदार नागरिक : शिवप्रसाद



इटावा! ज्ञानस्थली विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्वयं विद्यालय समिति के चैयरमेन शिवप्रसाद यादव ने की। विद्यालय के प्रातः सभा के पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पहार किया। विद्यालय के छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुष्पाहार व मिठाई खिलाकर मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे विद्यालय के लिए बेहद गर्व और खुशी का दिन है। आज हम यहाँ उन चमकते सितारों को सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम से न केवल अपने परिवार का, बल्कि हमारे विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। मेधावी छात्र सिर्फ अंकों से नहीं, बल्कि अनुशासन और सीखने की ललक से बनते हैं। आज सम्मानित होने वाले हर एक विद्यार्थी ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता निश्चित है। मेरे प्यारे बच्चों, यह सम्मान केवल आपके द्वारा प्राप्त किए गए अंकों के लिए नहीं है, बल्कि उस यात्रा के लिए है जो आपने तय की है। यह उन रातों के लिए है जब आप दूसरों की तरह सोए नहीं, बल्कि पढ़ाई की। यह उन शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए है जिन्होंने आपको तराशा है, और उन अभिभावकों के बलिदान के लिए है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल, ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## हज यात्रा पर रवाना हुए दंपति



जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला लोहामंडी निवासी 62 वर्षीय बहाबुद्दीन अंसारी पुत्र ऐनुद्दीन अंसारी एवं उनकी पत्नी 58 वर्षीया फखरुन्निशां बुधवार सुबह पवित्र हज यात्रा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर पूरे नगर में आस्था, खुशी और भावुकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। दंपत्ति अपने आवास से सबसे पहले गोलें वाली मस्जिद पहुंचे, जहां हाफिज मौलाना कमालुद्दीन अशरफी के नेतृत्व में विशेष दुआ का आयोजन किया गया। दुआ के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और सकुशल हज यात्रा की कामना की। इसके बाद सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में जुलूस की शक्ल में दंपत्ति को बस स्टैंड चैराहे तक विदा किया गया। जुलूस के दौरान मदीने की गलियां मुबारक हों जैसे नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। बस स्टैंड चैराहे से दंपत्ति कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए, जहां से वे हवाई मार्ग से हज यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। रास्ते में कई स्थानों पर लोगों ने फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया और उनके लिए दुआएं कीं। इस अवसर पर मौलाना फरहान अहमद, पूर्व सभासद मो. जहीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस में हाजी कदीर अहमद, शाकिर अंसारी, इफ्तेखार हुसैन, रियाजुद्दीन, मो. हनीफ फारूकी, सुम्मेर भाई, रियाज अहमद समेत अनेक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगरवासियों ने दंपत्ति की सुखद और सुरक्षित हज यात्रा की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, एक घायल



इटावा! सैफई थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से 2 अवैध तमंचे 315 बोर, 3 जिन्दा कारतूस 2 जिन्दा व 1 मिस कारतूस व 2 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 1 मोटरसाइकिल चोरी की बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव और एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र के निर्देशन में सीओ सैफई के नेतृत्व में सैफई थाना इंस्पेक्टर भूपेंद्र राठी और पुलिस टीम ने कार्यवाही की गई। थाना सैफई पुलिस द्वारा हैबरा तिराहा बाईपास पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि सैफई क्षेत्र में हुयी फायरिंग की घटना कारित करने वाले अभियुक्त हैबरा बाईपास की ओर मोटरसाइकिल से आ रहे हैं इसी दौरान उझियानी की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार 2 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल को मोडकर भागने का प्रयास करने लगे जिससे उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने स्वंय को पुलिस टीम से घिरता देखकर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त रानू भौकाली के बायें पैर में गोली लगी, जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है तथा अभियुक्त अर्जेश भौकाली को आवश्यक बल प्रयोग कर मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते प्रवीन कुमार को जान से मारने की नीयत से गोली मारी थी। साथ ही अभियुक्तों ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल को उन्होंने पूर्व में उझियानी मेला क्षेत्र से चोरी किया था!

संक्षेप

## आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला क्षेत्र में विद्युत लाइन निर्माण एवं रखरखाव कार्य के चलते आज कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह शटडाउन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक प्रभावी रहेगा। एसडीओ अजय यादव के मुताबिक गोला टाउन, गोला तहसील और गोला ग्रामीण उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि 11 केवी फीडरों पर कार्य के कारण संबंधित इलाकों में आपूर्ति बंद रखी जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें और सहयोग बनाए रखें। साथ ही विभाग ने असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा है कि यह कार्य भविष्य में बेहतर एवं सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

## बंद घर में सड़ा-गला मिला महिला का शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के मोहल्ला अर्जुन नगर में एक 55 वर्षीय महिला का सड़ा-गला शव घर के अंदर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बांसगांव निवासी स्वर्गीय मुकेश कुमार शुक्ला की दो पत्नियां थीं, जो अर्जुन नगर में एक ही मकान में रहती थीं। पहली पत्नी उषा शुक्ला और दूसरी पत्नी सुमन शुक्ला पति की मृत्यु के बाद साथ रह रही थीं। बुधवार को घर से तेज दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों को शक हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बंद मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां उषा शुक्ला का सड़ा-गला शव मिला। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। घटना के समय दूसरी पत्नी सुमन शुक्ला अपने मायके में एक शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

सीतापुर। बुधवार सुबह सीतापुर जिले के महमूदाबाद क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हो गया, जब शॉर्ट सर्किट के चलते एक घर में अचानक आग लग गई। यह घटना बिसवां रोड स्थित रोजाना मार्केट के सामने रहने वाले दीपक मौर्य के घर में सुबह करीब 4 बजे हुई, उस समय परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा फ्रिज, एलईडी टीवी, कूलर, पंखे, बिस्तर, कपड़े, 15 हजार रुपये नकद, इनवर्टर व बैटरी सहित लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। सूचना मिलते ही लेखपाल पूर्णेन्द्र प्रकाश मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। वहीं पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। स्थानीय लोगों की तत्परता से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस दर्दनाक हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है।

# सीएम कृषक दुर्घटना बीमा योजना में लापरवाही पर कार्रवाई तय



लखीमपुर खीरी। बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजनार्न्तगत प्राप्त दावे की विस्तृत समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक बृजपाल सिंह, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह मौजूद रहे। वही अन्य एसडीएम वर्चुअल शामिल हुए।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसीलवार दावों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों से सीधे सवाल-जवाब किए और स्पष्ट निर्देश दिए कि लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक कर यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन परिवारों की आजीविका कृषि या खेतिहर मजदूरी पर आधारित है और जिनकी दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है, उनके आश्रितों को इस योजना का लाभ हर हाल में मिले उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि दुर्घटना मृत्यु के मामलों में दावा समय से प्रस्तुत न होना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी और संबंधित लेखपाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि लेखपालों का नैतिक दायित्व है कि अपने सर्किल में ऐसी किसी भी घटना की स्थिति में प्रभावित परिवार को तत्काल दावा प्रक्रिया से जोड़ें। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों और खेतिहर मजदूरों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। इसलिए एक भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने तहसील से प्राप्त रिपोर्टों की भी विस्तार से समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## डीएम ने किया भानपुर गो आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। कड़ी धूप के बीच बुधवार को ब्लॉक नकहा स्थित वृहद गो आश्रय स्थल भानपुर का डीएम अंजनी कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने गोवंश संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए हर पहलू को बारीकी से परखा और स्पष्ट निर्देश दिए कि गो संरक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गो आश्रय स्थल में संरक्षित निराश्रित गोवंश की स्थिति, भूसा संग्रहण, खान-पान एवं समग्र प्रबंधन की जानकारी ली। उन्होंने गोवंश की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त शेड निर्माण के निर्देश देते हुए व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि गोवंश के भोजन, स्वास्थ्य और नियमित चिकित्सा परीक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मौके पर पंजिकाओं का भी अवलोकन किया और अभिलेखों के अद्यतन व पारदर्शी रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ और पशु चिकित्सा अधिकारी को आपसी समन्वय बनाकर गो आश्रय स्थल को आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुरूप गोवंश संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही डीएम ने गौशाला परिसर के निकट चारागाह भूमि पर नेपियर घास उत्पादन की प्रगति का भी जायजा लिया और इसे और अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ाने पर जोर दिया। निरीक्षण के अंत में डीएम ने व्यवस्थाओं को समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से बेहतर करने के सख्त निर्देश देते हुए अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने की हिदायत दी। निरीक्षण में भूसे का पर्याप्त भंडारण मिला, लेकिन खुले में रखे जाने पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने नाराजगी जताई। निर्देश दिए कि बारिश से नुकसान की आशंका को देखते हुए भूसे का तत्काल सुरक्षित व व्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान बीडीओ संगीता यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी नकहा मौजूद रहे।

## बसपा प्रत्याशी सूची में नाम जोड़ने पर भाजपा कार्यकर्ता ने जतायी आपत्ति



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधानसभा गोला गोकर्णनाथ सीट को लेकर प्रकाशित संभावित प्रत्याशियों की सूची में नाम जोड़े जाने पर भाजपा कार्यकर्ता अशोक कनौजिया ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका किसी भी अन्य राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। अशोक कनौजिया ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक मीडिया प्रतिनिधि द्वारा उनसे फोन पर इस संबंध में जानकारी ली गई थी, जिस पर उन्होंने बसपा से किसी भी प्रकार की दावेदारी से साफ इनकार किया था। इसके बावजूद उनका नाम बसपा के संभावित प्रत्याशी के रूप में प्रकाशित कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने इस खबर को भ्रामक और तथ्यों के विपरीत बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गलत सूचनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था में गलत संदेश देती हैं और इससे कार्यकताओं की छवि पर भी असर पड़ता है। साथ ही उन्होंने मीडिया से तथ्यों की पुष्टि के बाद ही खबर प्रकाशित करने की अपील की है।

## एडीओ पंचायत सफाई कर्मचारी से चलवा रहे निजी कार

लखीमपुर खीरी। ब्लाक लखीमपुर में तैनात एडीओ पंचायत आकाश अवस्थी अपनी प्राइवेट कार जिला पंचायत राज विभाग में तैनात सफाई कर्मचारी से चलवा रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि सफाई कर्मचारी को ग्राम पंचायत में सफाई करने का जिम्मा दिया गया है। एडीओ पंचायत के संरक्षण में सफाई कर्मचारी ग्राम पंचायत में सफाई करने नहीं जा रहा है। तैनाती स्थल पर सफाई न होने पर ग्राम पंचायत में गंदगी फैल रही है। संक्रमण का खतरा फैलने की आशंका है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना सरकार चला रही है। ग्राम पंचायत में सफाई का जिम्मा सफाई कर्मचारियों को दिया गया है। सफाई कर्मचारी सफाई का काम छोड़ कर साहब की कार चला रहे है। सफाई कर्मचारी तैनाती स्थल पर जाना भूल गए हैं। एडीओ पंचायत को ड्राइवर के तौर पर सफाई कर्मचारी से अपनी निजी गाड़ी चलवाने का अधिकार एडीओ पांचायत को नहीं है। नियमों की धज्जियां उड़ते हुए एडीओ पंचायत आकाश अवस्थी सफाई कर्मचारी रामू से अपनी निजी कार चलवा रहे हैं। इस संदर्भ में विशाल सिंह डीपीआरओ ने बताया सफाई कर्मचारी तैनाती स्थल पर जाकर सफाई करने का काम करेंगे यदि कार एडीओ पंचायत चलवा रहे हैं तो कार्रवाई होगी।

## विधायक की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला फूंका



मोहम्मदी खीरी। लोकसभा कार्रवाई में सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल लाने पर विपक्षी दलों द्वारा एकजुट होकर बहिष्कार कर विरोध में मतदान करने से बिल पास नहीं हो सका था जिसके विरोध में विधायक की अगुवाई में तमाम महिला कार्यकत्रियों के साथ अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध जताया है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ता सभासद सुशीला वर्मा, बसंती, बबली, मनोज गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, सौरभ गुप्ता, आनंद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सुशीला वर्मा, भीष्म कुमार, आनंद भदौरिया, आशीष त्रिवेदी, अवनीश, सूर्या समेत बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों की नीति और नियत दोनों खराब होने का आरोप लगाते हुए महिलाओं के प्रति संवेदनहीन बताते हुए उनकी प्रगति में बाधा डालने का प्रयास करना बताते हुए हाईवे पर रामलीला गेट के पास सभी ने एकत्र होकर राहुल गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया है।

## हर्ष फायरिंग में दूल्हे का भाई समेत पांच घायल, मुकदमा दर्ज




पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया स्थित सरदार पैलेस में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में दूल्हे का 15 वर्षीय छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चार अन्य लोग भी छर्रे लगने से जख्मी हो गए।

पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मोहम्मदी क्षेत्र के मूड़ा खालसा निवासी आलोक सिंह यादव ने समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग की। फायरिंग के दौरान गोली लगने से 15 वर्षीय अभय प्रताप सिंह यादव पुत्र गजेंद्र सिंह यादव, निवासी थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा शैलेश कुमार पुत्र प्यारेलाल, निवासी जनपद सीतापुर, रत्नेश कुमार पुत्र स्वामी दयाल, किंजल देवी पुत्री शैलेश कुमार उम्र करीब 5 वर्ष तथा शोभित कुमार पुत्र शिवचंद्र, निवासी राजबापुर, जनपद सीतापुर भी घायल हो गए। घटना के बाद समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सभी पांचों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी भेजा गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला शाहजहांपुर रेफर किया गया। बाद में हालत के अनुसार उन्हें पुनः मोहम्मदी और फिर जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार अभय प्रताप सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य चार घायलों को मामूली चोटें आई हैं। मामले में लड़की पक्ष के वीरपाल सिंह यादव की तहरीर पर मोहम्मदी थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विक्की के सामने बारहसिंगा आने से विक्की चालक और बारहसिंगा घायल

पसगवां खीरी। ब्लॉक पसगवां क्षेत्र के खरगापुर मोड़ के पास अचानक विक्की के सामने बारहसिंगा आ जाने से विक्की चालक और बारहसिंगा दोनों गंभीर रूप घायल हो गए है।पूर्व प्रधान ने बताया कि पसगवां के पास खरगापुर मोड़ के पास मोहम्मदी की तरह से रही विक्की के सामने अचानक एक बारहसिंगा आ गया जिस कारण दोनों में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें विक्की चालक और बारहसिंगा दोनों घायल हो गए एम्बुलेंस की मदद से घायल विक्की चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उसका इलाज चल रहा है।बही हादसे में घायल बारहसिंगा डर के कारण भट्ठे के पास स्थिति तालाब में जाकर कूद गया तभी बह पर मौजूद आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया यह देख पर्व प्रधान और ग्रामीणों ने पहले कुत्तों को भगाया और फिर बारहसिंगा को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला जिसके बाद मामले की सूचना वन दरोगा अखिलेश सिंह को दी जिसके बाद उसे इलाज के लिए पशुचिकित्सालय ले जाया गया बह पर मौजूद पशु डॉक्टर अभिषेक यादव और उसके सहयोगी राहुल सिंह ने मिलकर तुरंत उसका उपचार किया।बही ग्रामीणों ने प्रधान के इस कार्य से भूरि भूरि प्रशंसा की है। इस संबंध में वन दरोगा अखिलेश सिंह ने बताया कि बारहसिंगा को सुरक्षित ले जाकर पहले उसका इलाज कराया गया जिसके बाद उसे वन विभाग की निगरानी में उसे जंगल में छोड़ दिया गया है।

## शिक्षक सम्मान समारोह व शैक्षिक संगोष्ठी संपन्न



सीतापुर। शहर के सिद्धिविनायक बैंक्विट हॉल में सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित कर्मचारी सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े सेवानिवृत्त शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित कर उनके दीर्घकालीन योगदान को नमन किया गया। समारोह के दौरान देवेंद्र नाथ श्रीवास्तव, राम जीवन, करुणा शंकर, दिनेश कुमार मिश्रा, मौजीलाल, जयप्रकाश सिंह, ब्रजकिशोर वर्मा, चंद्रभान सिंह सहित अनेक शिक्षकों को माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनों ने तालियों की गूंज के साथ शिक्षकों के योगदान को सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज की आधारशिला होते हैं और उनका अनुभव सदैव नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करता है। वहीं जिला अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि समाज के चरित्र निर्माण के शिल्पी होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष कृष्ण किशोर बाजपेई ने की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, महामंत्री सुधाकर शुक्ला समेत कई शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और शिक्षा में निरंतर सुधार व नवाचार पर बल दिया। समारोह में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने जहां सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया, वहीं उनके अनुभवों से नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का संदेश भी दिया।

## जाम से जूझते शहर को राहत की उम्मीद, बाईपास योजना आगे बढ़ी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर की बढ़ती ट्रैफिक समस्या से जूझ रहे लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बाईपास व रिंग रोड योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक अमन गिरि ने लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ रूट निर्धारण, भूमि की उपलब्धता और निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रस्तावित बाईपास बनने से शहर के अंदर भारी वाहनों का दबाव कम होगा, जिससे रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को काफी हद तक राहत मिल सकेगी। विधायक ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोला नगर को ट्रैफिक जाम से मुक्त कराना प्राथमिकता में शामिल है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाईपास और रिंग रोड बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि नगर के विकास को भी नई दिशा मिलेगी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की दिशा में तेजी लाई जा रही है। नगरवासियों को उम्मीद है कि योजना के धरातल पर उतरते ही वर्षों पुरानी जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।

## सड़क हादसों का कहरः चार घटनाओं में कई मौतें, कई घायल, परिवारों में मातम

सीतापुर। जनपद में बीते 24 घंटों के भीतर सड़क हादसों की श्रृंखला ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए चार भीषण हादसों में कई लोगों की जान चली गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कहीं तेज रफ्तार और लापरवाही ने जिंदगी छीन ली, तो कहीं ओवरलोड वाहनों और यातायात नियमों की अनदेखी भारी पड़ी। इन घटनाओं ने न सिर्फ परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया है, बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर घटना अपने पीछे दर्द, आंसू और अनगिनत सवाल छोड़ गई है।

### दर्दनाक टक्करः साले-बहनोई की मौत, बहन घायल

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के सांडा इलाके में मंगलवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में साले और बहनोई की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि बहन घायल है। जुनैद (33) अपनी बहन स्वालिहा और बहनोई अनीस (55) को बाइक से छोड़ने जा रहे थे, तभी पुरैनी गांव के पास सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान लखनऊ में जुनैद और अनीस ने दम तोड़ दिया। जुनैद अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले थे। उनके निधन से पत्नी और तीन बेटियां बेसहारा हो गई हैं। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

### स्कूल जाती छात्रा की मौत, बहन घायल

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय छात्रा शुभी की मौत हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन रीता घायल हो गई। दोनों बहनें स्कूल जा रही थीं, तभी जोतपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शुभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को हिरासत में ले लिया है। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है और ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

### आमने-सामने भिड़ीं बाइकेंः युवक की मौत

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के खगेसियामऊ के पास बुधवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 25 वर्षीय शत्रुघ्न लाल की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर बिना हेलमेट सवार थे, जिससे संतुलन बिगड़ने पर हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े। अस्पताल में शत्रुघ्न को मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शिक्षिका को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र में महमूदपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार सुबह एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार शिक्षिका सुषमा भार्गव को टक्कर मार दी। प्राथमिक विद्यालय मदनापुर की इंचार्ज सुषमा रोज की तरह स्कूल जा रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद स्कूटी ट्रैक्टर के नीचे फंस गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल शिक्षिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## नदी में नहाने गये दो किशोरों की डूबकर मौत

सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र के अवस्थी पुरवा मजरा बजहा गांव में बुधवार शाम एक हृदय विदारक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। नदी में नहाने गए दो मासूम किशोरों की डूबने से मौत हो गई, जिससे गांव में कोहराम मच गया और हर आंख नम हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ बच्चे दोपहर करीब 4 बजे पास की नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान 16 वर्षीय राज पुत्र सुंदर लाल और 12 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र अजय नहाते-नहाते अचानक गहरे पानी में चले गए। जब तक वे कुछ समझ पाते, दोनों डूबने लगे। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों और परिजनों ने बिना समय गंवाए नदी में कूदकर दोनों की तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद दोनों को बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिन घरों में कुछ समय पहले बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब सन्नाटा और चीख-पुकार है। बताया जा रहा है कि दोनों किशोर घनिष्ठ मित्र थे और अक्सर साथ खेला करते थे। घटना के बाद परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही दोनों शवों को घर ले जाकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी।

# सीतापुर में पहली बार छात्राओं ने किया पीएचसी का शिलान्यास




सीतापुर। जनपद सीतापुर में बुधवार को एक अनोखी और प्रेरणादायी पहल ने नई मिसाल कायम कर दी। जहां आमतौर पर बड़े जनप्रतिनिधि या अधिकारी विकास कार्यों का शिलान्यास करते हैं, वहीं इस बार जिले और संभवतः प्रदेशकृमें पहली बार हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की टॉपर छात्राओं के हाथों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास कराया गया। यह ऐतिहासिक क्षण बरई जलालपुर में तब साकार हुआ, जब उ०प्र० राजकीय निर्माण निगम लि० की क्रिटिकल गैप्स पूर्ति योजना के तहत 74.88 लाख रुपये की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला सुश्री कशिश वर्मा (हाईस्कूल टॉपर 2026) और सुश्री शिखा वर्मा (इंटरमीडिएट टॉपर 2026) ने संयुक्त रूप से रखी।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर० की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। जिलाधिकारी ने दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं से संवाद करते हुए न केवल उनकी मेहनत की सराहना की, बल्कि उनके परिवारजनों की भूमिका को भी सराहा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल दो छात्राओं का नहीं, बल्कि पूरे जनपद के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ० राजागणपति ने छात्राओं को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो समाज को नई दिशा देती है और आज उसी शिक्षा की प्रतीक बेटियों ने स्वास्थ्य सेवा की नई नींव रखी है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल एक निर्माण कार्य की शुरूआत थी, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि नई पीढ़ी अब विकास की धुरी बनने को तैयार हैकृजहां शिक्षा और सेवा एक साथ आगे बढ़ रही हैं।

### बेटियों ने रचा प्रेरणा का नया इतिहासः डीएम

जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर० ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह केवल एक शिलान्यास नहीं, बल्कि सोच में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने महसूस किया कि जब मेहनत करने वाली बेटियों को इस तरह सम्मान मिलता है, तो पूरा समाज प्रेरित होता है। डीएम ने कहा कि इन छात्राओं ने यह साबित कर दिया है कि शिक्षा ही असली शक्ति है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कदम अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा देगा।

### मेरे लिए यह गर्व और जिम्मेदारी दोनों का क्षणः कशिश वर्मा



हाईस्कूल टॉपर कशिश वर्मा ने इस ऐतिहासिक पल को बेहद भावुक और गर्व से भरा बताया। उन्होंने कहा कि अब तक उन्होंने केवल किताबों में ऐसे कार्यक्रमों के बारे में पढ़ा था, लेकिन आज खुद शिलान्यास करना उनके लिए सपने जैसा है। कशिश ने महसूस किया कि उनकी मेहनत को समाज ने सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि यह क्षण उन्हें और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देगा, ताकि भविष्य में वह देश और समाज के लिए कुछ बड़ा कर सकें।

### पल जीवनभर याद रहेगा-शिखा वर्मा



इंटरमीडिएट टॉपर शिखा वर्मा ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे खास और अविस्मरणीय अनुभव है। उन्होंने बताया कि शिलान्यास के समय उन्हें अपने परिवार, शिक्षकों और संघर्ष के दिन याद आ गए। शिखा ने महसूस किया कि उनकी सफलता अब केवल व्यक्तिगत नहीं रही, बल्कि समाज की उम्मीदों से जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान ने उनके भीतर आत्मविश्वास और जिम्मेदारी दोनों को बढ़ाया है, और वह आगे भी मेहनत कर समाज के लिए प्रेरणा बनना चाहती हैं

## चोरों ने लाखों के जेवर-नकदी किये पार, सिधौली में दहशत

सीतापुर। सिधौली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायगंज मजरा किरतापुर का है, जहां 28 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित श्रीनिवास पुत्र स्व. पग्गाल के अनुसार, चोर मेन गेट का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए और फिर कमरे, बक्से व अलमारी के ताले तोड़ डाले। चोर बड़ी ही बेखौफ तरीके से सोने-चांदी के जेवरात, पायल, झुमकी, हार, बिछिया, बच्चों के गहने, बर्तन समेत करीब 80 हजार रुपये नकद समेट ले गए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गएकृसामान बिखरा पड़ा था और हर तरफ टूटे ताले पड़े थे। घटना के बाद पूरे परिवार में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों में बढ़ती चोरी की वारदातों को लेकर भारी आक्रोश है।

## हनुमान मंदिर पर लगा वाटर कूलर

सीतापुर। भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए लहरपुर विधानसभा क्षेत्र के गोडयनपुरवा चैराहे स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वाटर कूलर स्थापित कराया गया। यह व्यवस्था राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधानसभा प्रभारी व प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह के प्रयासों से की गई। वाटर कूलर लगने से राहगीरों, स्थानीय दुकानदारों और आसपास के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। क्षेत्रीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में यह सुविधा काफी राहत देने वाली है। प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जनसेवा उनके कार्य का मुख्य उद्देश्य है। वे लंबे समय से गर्मियों में पेयजल, सर्दियों में कंबल वितरण और बाढ़ के समय राहत सामग्री उपलब्ध कराते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ चुनावी तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

संक्षेप

## महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज, रायबरेली।** सरेनी प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र यादव के नेतृत्व में महिला के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को पकड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। महिला के साथ दुराचार की घटना 25 मार्च को हुई थी। महिला ने राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया था। नामजद आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी को पकड़ने के अभियान में लगी हुई थी, तभी बुधवार को दुराचार काआरोपी राजकुमार पुत्र बिंदा प्रसाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। राजकुमार छतौना निवासी बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र यादव ने बताया कि रवि कुमार पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा जनपद में शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सरेनी पुलिस ने बुधवार को केस में वांछित राजकुमार पुत्र बिन्दाप्रसाद निवासी ग्राम छतौना थाना सरेनी रायबरेली को थाना क्षेत्र के छतौना नहर पुलिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया है।

## पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में फैसला आठ को

**सुलतानपुर।** कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चैधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज केस में बुधवार को फैसला नहीं हो पाया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट के एडीजे राकेश ने फैसले के लिए आठ मई की तिथि तय की है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो जाने पर नाराज लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। इसमें कई पुलिस कर्मियों को चोटें आई थी। तत्कालीन कोतवाल शिवराज ने पूर्व सपा विधायक राम चन्दर व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## अपहरण मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब चार माह पूर्व किशोरी का अपहरण करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली देहात की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट पीड़िता के पिता की ओर से अधिवक्ता अशोक शुक्ल ने अर्जी दाखिल कर केस दर्ज कराने की मांग की थी। बुधवार को थानाध्यक्ष ने केस दर्ज होने की रिपोर्ट अदालत में दाखिल की। आरोप है कि धम्मौर थाना क्षेत्र के आरोपी रामभवन ने 22 फरवरी को किशोरी का अपहरण कर लिया था। कोर्ट के आदेश पर रामभवन व उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में कैश की किल्लत

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** इसौली स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में पिछले दो-तीन दिनों से नकदी की कमी के कारण ग्राहकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के लेन-देन के साथ-साथ शादी-विवाह के सीजन में जरूरी खर्चों के लिए बैंक पहुंचे लोगों को बिना पैसे लिए ही लौटना पड़ रहा है, जिससे नाराजगी बढ़ती जा रही है। शाखा प्रबंधक हेमराज ने बताया कि जिले से पर्याप्त करेंसी की आपूर्ति न होने के कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नकदी उपलब्ध होते ही व्यवस्था सामान्य कर दी जाएगी।

# रायबरेली में देखा गया गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में जुटी नेताओं और जनता की भीड़



**रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनपद हरदोई में रु. 36,230 करोड़ से निर्मित उप्र के सबसे विराट 594 कि.मी. लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे (मेरठ-प्रयागराज) का लोकार्पण किया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली के तहसील ऊँचाहार में जनपद में स्थित ग्राम रोझइया भीखमशाह गंगा एक्सप्रेसवे चेंज रोड टोल प्लाजा के निकट जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद रायबरेली में गंगा एक्सप्रेसवे की लंबाई 77.300 किमी शामिल है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, दिनेश प्रताप सिंह, जिपं अध्यक्ष रंजना चौधरी, विधायक ऊँचाहार डॉ0 मनोज कुमार पांडेय, विधायक सलोन अशोक कुमार, डीएम सरनीत कौर ब्रोका, एसपी रवि कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर प्रभारी मंत्री ने कहा गंगा एक्सप्रेसवे उप्र की सबसे महत्वाकांक्षी और लंबी सड़क परियोजनाओं में से एक है। यह राज्य के पश्चिमी हिस्से को पूर्वी हिस्से से सीधे जोड़ने वाला हाई-स्पीड कॉरिडोर है। गंगा एक्सप्रेसवे एक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे है। यह मेरठ से प्रयागराज को जोड़ता है। मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई लगभग 594 किमी है। गंगा एक्सप्रेसवे से 12 जनपद अच्छादित हैं। मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज शामिल है। यह उप्र के विकास के लिए एक प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना है। कार्यक्रम में विधायक ऊँचाहार मनोज पाण्डेय व विधायक सलोन अशोक कुमार ने भी गंगा एक्सप्रेवे परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सूचना विभाग के पंजीकृत दलों व कम्पोजिट विद्यालय रोझइया भीखमशाह व पं.जालपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीडीओ अंजुलता, एडीएम (वि.रा.) अमृता सिंह, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, एएसपी आलोक सिंह, ज्वांइट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, एसडीएम फरीद अहमद खान, एसडीएम ऊंचाहार विवेक राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## समाज में रिश्तों की बुनियाद अब संवेदनाओं से ज्यादा स्वार्थ पर

**डलमऊ, रायबरेली।** कहते हैं अक्सर जैसा दिखता है वैसा होता नहीं है ऐसा ही कुछ हाल घुरवारा से निकल कर आया सोशल मीडिया पर अक्सर तस्वीरें और वीडियो आधी सच्चाई बयां करते हैं और बाकी आधी सच्चाई समय के साथ सामने आती है। घुरवारा चैकी से वायरल हुआ एक वीडियो भी शुरुआत में पुलिस की घटिया कार्यशैली के रूप में चर्चित हुआ, लेकिन जब मामले की तह में जाया गया तो यह कहानी एक अनाथ बच्ची, जमीन के लालच और उसके बीच खड़ी पुलिस की संवेदनशीलता की बन गई।

मामला पूरे ठकुराइन गांव की 13 वर्षीय मासूम आशा से जुड़ा है, जिसकी जिंदगी ने कम उम्र में ही ऐसे मोड़ देख लिए हैं, जिन्हें समझना भी किसी वयस्क के लिए आसान नहीं होता। कुछ समय पहले ही मां का साया सिर से उठा, और 4-5 माह पहले पिता रज्जन की भी मृत्यु हो गई। इस तरह आशा अनाथ हो गई। परिवार के नाम पर जो रिश्ते बचे, वही अब उसके लिए संकट का कारण बनते नजर आ रहे हैं। रज्जन ने बीमारी के दौरान अपने इलाज के लिए अपने भाई के दामाद श्याम बाबू से आर्थिक मदद ली थी। कर्ज चुकाने में असमर्थ होने पर उन्होंने अपनी जमीन श्याम बाबू के नाम लिख दी, लेकिन दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। यहीं से विवाद की असली पटकथा शुरू होती है। बताया जाता है कि आशा का आवागमन उसके दूर के मामा के यहां था, और यही संबंध अब जमीन के विवाद से जुड़ गया। चचाएं हैं कि मामा पक्ष बच्ची को अपने पास रखकर जमीन पर दावा मजबूत करना चाहता था। दूसरी ओर, श्याम बाबू पहले से लिखी गई जमीन को अपना अधिकार मान रहे थे। जमीन के इस खींचतान में सबसे कमजोर कड़ी बन गई वह मासूम बच्ची, जिसकी आवाज कहीं भी स्पष्ट रूप से सुनाई नहीं दे रही थी। जब मामला घुरवारा चौकी पहुंचा तो वहां तैनात पुलिसकर्मियों के सामने सिर्फ एक जमीन विवाद नहीं था, बल्कि एक नाबालिग बच्ची का भविष्य भी दांव पर था। चौकी में तैनात सिपाही अभिषेक यादव ने पूरे मामले को समझने के बाद संबंधित पक्षों को फटकार लगाई। ढलते हुए दिन के साथ ये पुलिस के खिलाफ के बजाय उनके पक्ष में ये चचाएं तेज हो गयी कि उनका लहजा भले ही सख्त था, लेकिन उसके पीछे की मंशा स्पष्ट थी एक मासूम को लालच और स्वार्थ की लड़ाई का शिकार बनने से बचाना। इसी दौरान किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें सिर्फ सख्ती दिखाई दी, संवेदनशीलता नहीं, ना ही मामले की विस्तृत जानकारी और यही अधूरी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जहां बिना पूरी जानकारी के पुलिस पर सवाल उठने लगे।

## श्रद्धांजलि सभा में याद किये गये गीतकार नवीन



**अमेठी ।** अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से बुधवार को स्थानीय डाक बंगले के सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के दिवंगत गीतकार सुरेश शुक्ल 'नवीन' के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर साहित्यकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि गोलोकवासी सुर सम्राट गीतकार स्व.सुरेश शुक्ल 'नवीन' साहित्य जगत में सदैव अमर रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए कैलाश नाथ शर्मा ने कहा कि आज हमने सुमधुर गीतकार को खो दिया। अरदास है - दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दे। संस्थान के महासचिव रामेश्वर सिंह 'निरास' ने अपने संबोधन में कहा कि हिरवा निकरि गा समजवा का छोड़िके। बरिष्ट साहित्यकार गुलाम मोहम्मद शब्बीर अहमद सूरी ने कहा कि गीतकार नवीन के श्रृंगार में अध्यात्म की झलक देखने को मिलती रही।, प्रख्यात साहित्यकार डॉ केशरी शुक्ल ने कहा कि कोकिल कंठी देदीप्यमान नक्षत्र 'नवीन' सदैव साहित्य जगत में अमर रहेंगे। राजकुमारी संसृति ने कहा-जब भी कलम उठेगी मेरी आयेगा नाम आपका। जगदम्बा तिवारी 'मधुर' ने कहा - जीवन में मौत कितनी बड़ी है ? समीर मिश्र ने कहा -बिनु नवीन तुम्हारी जैसी कोई मूर्ति नही होगी। अजय अनहद ने कहा कि गीतों के राजकुमार के रूप में नवीन को अवधी साहित्य जगत सदैव याद करेगा। डॉ अंगद सिंह, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय 'मंजुल' अमर बहादुर सिंह 'अमर', अजय अनहद, देवी प्रसाद, दिवस प्रताप सिंह, स्वामी नाथ पाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार रखे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जगदम्बा तिवारी 'मधुर' ने किया। अंत में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा।

## आंधी में नंद महार चौराहे पर गिरी सरकारी होर्डिंग, बाइक-कार दबने से तीन घायल

**नंदमहर (अमेठी)।** जामों थाना क्षेत्र के नंद महार चौराहे पर बुधवार दोपहर तेज आंधी के दौरान सड़क किनारे लगी एक बड़ी सरकारी होर्डिंग अचानक गिर पड़ी। हादसे में एक बाइक और एक कार उसकी चपेट में आ गई। बाइक सवार दो युवकों समेत कुल तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी जामों में भर्ती कराया गया, जहां से दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब ढाई बजे तेज धूल भरी आंधी चली। इसी दौरान भारत सरकार की ओर से लगाई गई लोहे के एंगल पर टिकी भारी होर्डिंग का ढांचा अचानक टूट गया और सड़क पर गिर पड़ा। नीचे से गुजर रही बाइक और कार नंबर यूपी 36 एक्स 5787 इसकी चपेट में आ गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। जामों पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से गिरी होर्डिंग को हटवाया गया। इसके बाद दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर यातायात भी सुचारु कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि होर्डिंग काफी पुरानी हो चुकी थी और तेज हवा में अक्सर हिलती रहती थी। कई बार इसकी मरम्मत की मांग की गई, लेकिन संबंधित विभाग ने ध्यान नहीं दिया। लोगों ने यह भी बताया कि चौराहे पर अंधा मोड़ और पर्याप्त संकेतक न होने से पहले भी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। जिस एजेंसी ने होर्डिंग लगाई थी, उससे उसकी मजबूती और रखरखाव का विवरण मांगा गया है। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अमेठी जिले में पिछले तीन वर्षों में सड़क हादसों में 744 लोगों की मौत हो चुकी है। ओवरस्पीड, खराब सड़कें और ब्लैक स्पॉट पर चेतावनी संकेतों की कमी को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों का सम्मान



● छात्रों ने लहराया परचम, ग्रामीण स्तर में संसाधनों के अभाव में भी दिखी उत्कृष्ट प्रतिभा

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ब्लॉक रोंहनिया में स्थित श्याम सुंदर इंटर कॉलेज छतौना मरियानी में यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में मेधावियों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र बहादुर सिंह सेमरा ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे प्रबंधक सर्वेश सिंह चैहान व प्रधानाचार्य गिरधारी लाल भार्गव ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यालय में विशेष कक्षाएं संचालित की गईं, जिससे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिला और सर्वोच्च परिणाम अति उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल में इंदु ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सौरभ कुमार ने 88.66 प्रतिशत, रौनक कुमार ने 88.5 प्रतिशत और आनंद कुमार ने 84.33 प्रतिशत और सोनाली ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्थान बनाया और प्रमुख प्रतिभावान छात्र रहे। इंटरमीडिएट में नितिन कुमार ने 82.20 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेया सिंह 81 प्रतिशत व हर्ष त्रिपाठी 80.60 प्रतिशत, विदुषी 80.50 प्रतिशत, मुस्कान मिश्रा ने 79.50 प्रतिशत ने बेहतर प्रदर्शन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

इन सभी विद्यार्थियों की इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका विद्यालय के समस्त शिक्षकों की रही। कार्यक्रम का संचालन दिनेश प्रताप मिश्र ने किया। अंत में विद्यालय के व्यवस्थापक धनंजय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं शिक्षक बंधु उपस्थित रहे।

## पुराने मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने के लिए युवक पर की फायरिंग

**सलोन,रायबरेली।** पुराने मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने को लेकर तीन लोगों ने युवक पर फायर झोंक कर फरार हो गए। गनीमत रही कि गोली युवक को नही लगी। गोलीबारी की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मौके से कारतूस के तीन खाली खोखे बरामद किए है। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली अंतर्गत करहिया चैकी क्षेत्र के नुरूद्दीनपुर टोल के समीप मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे एक ढाबे पर अचानक स्कार्पियो सवार लोगों ने युवक राज शर्मा पुत्र सरोज शर्मा के ऊपर जानलेवा हमले की नीयत से कई राउंड फायर झोक फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि शुभम भट्ट नामक व्यक्ति द्वारा उसे 2022 में दर्ज मुकदमे में सुलह समझौते के लिए कान्हा ढाबे पर बुलाया था। इसी दौरान शक्ति सिंह जो पुलिस कर्मी है उसने पहली गोली चलाई। जिसके बाद राहुल शुभम और शक्ति तीनो ने 6 राउंड फायर कर उसपर जानलेवा हमला किया गया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया की घटना स्थल से कारतूस के तीन खोखे बरामद किए गए है। पीड़ित युवक की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## तहसीलदार के विरोध में बार एसो. सलोन का प्रदर्शन

**सलोन, रायबरेली।** तहसीलदार सलोन की भ्रष्ट कार्यशैली के विरोध में बार एसोसिएशन सलोन का धरना प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार अध्यक्ष श्रीनाथ भारती एडवोकेट एवं महामन्त्री संजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में जारी रहा। तहसील परिसर में अत्याधिक गंदगी व्याप्त है। साफ पेयजल व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, पत्रावलियाँ दर्ज नहीं की जा रही है, सुरक्षित पत्रावलियों में महीनों से आदेश नहीं हो रहे हैं तथा लेखपालों द्वारा कई मुन्शी रखकर उनके माध्यम से धन उगाही की जा रही है। उपरोक्त समस्याओं के निराकरण न होने तक धरना प्रदर्शन एवं कार्यबहिष्कार का निर्णय लिया गया। इस अवसर दिनेश चंद्र मौर्य, गिरिजेश मिश्रा, शिव बहादुर यादव, नर सिंह बहादुर सिंह, सुरेश कुमार यादव, उमेश चन्द्र मिश्र, रणंजय मौर्य, अतुल कुमार, प्रवीण त्रिपाठी, नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, गौरव श्रीवास्तव, मुन्ना लाल, बड़े लाल , मो अरसद सिद्दीकी ,राधेश्याम आदि धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की भागीदारी रही। तहसीलदार दीपिका सिंह ने बताया कि वकीलों का कुछ पर्सनल मामला हैं। कोर्ट में 67 कि फाइल हैं दो मंजिला मकान मौके पर बना हुआ हैं जिसकी मौके पर जांच कराई गई जो गलत पाया गया उसी फाइल को मेरे द्वारा रोक दी गई हैं इस बात से खिन्न वकीलों ने साफ सफाई को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं लेकिन हम ब्लाक की साफ सफाई कराते रहते है।

# आंधी-तूफान से भारी तबाही, पेड़ धराशायी बिजली के पोल टूटे, जनजीवन प्रभावित



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार दोपहर आई तेज आंधी-तूफान ने गोसाईगंज क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ धराशायी हो गए, जबकि दर्जनों बिजली पोल टूटने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अचानक बदले मौसम से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई गांवों में शादी-ब्याह के लिए लगाए गए टेंट भी तेज हवा में उखड़ गए, जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

टांडा-बांदा हाईवे पर कटका बाजार के सेमरी मोड़ के पास एक भारी-भरकम ईमली का पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे आवागमन बाधित हो गया और करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पेड़ हटवाकर रास्ता साफ कराने में जुट गई। सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने में पुलिस और स्थानीय लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात बहाल किया जा सका। द्वारिकागंज चैकी के पास नीम का पेड़ गिरने से सड़क की एक लेन बाधित रही, जबकि आमकोल के पास आम की डाल सड़क पर गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। द्वारिकागंज चैकी के पुलिस आवास पर भी पेड़ की डाल गिर गई, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। भटपुरा, मिश्राने, गड़ौली, नटौली, पखनपुर और सोनारा सहित कई गांवों में बिजली के पोल टूट जाने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। भटमई उपकेंद्र के जेई अजय यादव ने बताया आंधी-तूफान में करीब 50 से अधिक बिजली पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा कई ट्रांसफार्मर भी गिर गए हैं। विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए विभागीय टीमें मरम्मत कार्य में जुटी हुई हैं। मिश्राने गांव में निर्मल मिश्र के घर के पास सफेदा का पेड़ गिरने से उनकी गाय, भैंस और एक बछड़ा घायल हो गया। घायलों का निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ कटवाकर रास्ता साफ कराया। करीब एक घंटे चले आंधी-तूफान के दौरान वाहन चालक और राहगीर सुरक्षित स्थानों पर रुककर मौसम सामान्य होने का इंतजार करते रहे।

## अभिभावकों की अपेक्षा पर खरी उतरी अपेक्षा शुक्ला, हाई स्कूल में तहसील टॉप

**नसीराबाद रायबरेली।** छतोह ब्लॉक के शिव विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज रमसापुर की छात्रा कुमारी अपेक्षा शुक्ला माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की 2026 की परीक्षा में रायबरेली जिले की सलोन तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त करके अभिभावकों की अपेक्षा पर खरी उतरी है। अपेक्षा शुक्ला की माता माया शुक्ला गृहणी है तो पिता इंद्रेश कुमार शुक्ल छोटी सी दूकान के सहारे परिवार का पालन पोषण करते हैं। मूल रूप से ग्राम रमसा पुर मजरे लहेंगा निवासी श्री शुक्ल ने बताया कि बेटी अपेक्षा प्रतिभाशाली है और उसने सामान्य संसाधनों के अभाव में भी अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। हमें अपनी बेटी पर गर्व है। अपेक्षा शुक्ला ने 600 में से 564 अंक प्राप्त किया किंतु एक अंक से जिला मेरिट में आने से वंचित रह गई। उसने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और परिजनों को देते हुए कहा कि मैं अगली कक्षाओं में और अधिक मेहनत करके अच्छा परिणाम लाने का प्रयास करूंगी। भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी, कॉलेज के प्रबंधक मनोज त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अंजनी कुमार त्रिपाठी,ग्राम प्रधान सत्यदेव सिंह,,विवेक त्रिपाठी,अनिल कुमार शुक्ल,रणंजय शुक्ल,आशीष कुमार शुक्ल आदि सैकड़ों गणमान्य लोगों ने उसकी सफलता पर बधाई और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार और मीडिया कक्ष का हुआ भूमि पूजन



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा परिसर में बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार एवं मीडिया कक्ष के निर्माण हेतु विधिवत भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री अरुण जायसवाल तथा जिला सहकारी समिति अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसे लोकतंत्र का चैथा स्तंभ बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि मीडिया कक्ष के निर्माण से पत्रकारों को समाचार संकलन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की गतिविधियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार हो सकेगा। वहीं ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। भूमि पूजन के उपरांत पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।

## तेज आंधी-तूफान का कहर : बच्ची व युवक की मौत, कई इलाके प्रभावित

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** अचानक बदले मौसम ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के चलते कई जगह पेड़ और छप्पर गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हादसों में एक युवक और एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कस्बा माफियात गांव में छप्पर गिरने से सुरेश की करीब आठ वर्षीय बच्ची उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सिंघनी गांव में रामबरन के घर पर पेड़ गिरने से उनकी दबकर मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी श्यामकली गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। आंधी की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बल्दीराय से पारा मार्ग तक दर्जनों पेड़ गिर गए, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद सड़कों से पेड़ हटाकर आवागमन बहाल कराया। पारा चैकी पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई है। इब्राहीमपुर में पेड़ गिरने से एक बाइक और कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कई स्थानों पर दुकानों के टीन शेड उड़ गए और बिजली कड़कने से लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जबकि ग्रामीणों ने प्रभावित परिवारों को मुआवजा व राहत उपलब्ध कराने की मांग की है।



# भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

● भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने नये अध्यक्ष उमेश अग्रवाल को सौंपा कार्यभार



**रायबरेली।** भारत विकास परिषद, शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह शहर के कचहरी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों के लिए सतत प्रतिबद्ध संगठन है। इस अवसर पर आगामी सत्र हेतु उमेश अग्रवाल को अध्यक्ष, प्रभात श्रीवास्तव को सचिव एवं विजय सिंह को कोषाध्यक्ष के रूप में दायित्व सौंपा गया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाहक संजय सिंह एवं विभाग प्रचारक अमित कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिषद की नई कार्यकारिणी को पूर्व क्षेत्रीय संरक्षक डॉ. आर. बी. श्रीवास्तव, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अंबरीश अग्रवाल तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेई की उपस्थिति में अतिरिक्त राष्ट्रीय महासचिव मुकेश जैन द्वारा शपथ दिलाई गई। इस दौरान 9 नए सदस्यों ने परिषद की सदस्यता भी ग्रहण की। मुख्य अतिथि ने परिषद द्वारा विगत 63 वर्षों से समाज में सेवा एवं संस्कार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया, वहीं परिषद के राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव मुकेश जैन एवं प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र स्वरूप शुक्ला ने संगठन द्वारा देशभर में संचालित सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला सहभागिता की अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव की उपस्थिति में राष्ट्रीय महिला संयोजक अमिता जैन द्वारा नव-निर्वाचित महिला कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई गई। समारोह का संचालन विवेक सिंह एवं प्रेरणा श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया, जबकि विगत सत्र की प्रगति आख्या सचिव अजय त्रिवेदी द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़, वी. के. अग्निहोत्री, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, राकेश मिश्रा, डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, मंगलेश श्रीवास्तव, ममता अग्रवाल, नीतू चतुवेर्दी, कंचन श्रीवास्तव, ज्योति अग्रवाल, डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुवेर्दी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष रजनीश कपूर, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पवन गुप्ता, नीरज गुप्ता, नीलिमा श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, सुरेश चंद्र शुक्ला, हरिश्चंद्र शर्मा, डॉ. बरखा भारती, उषा त्रिवेदी, अनामिका सिंह सहित अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पुलिस पर फिर उठे सवाल, एक हफ्ते बाद भी लाखों की चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**गौरीगंज,अमेठी।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित जेठूपुर गांव, वार्ड नंबर-2 (नगर पालिका गौरीगंज) में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। मामले में अब तक कोई ठोस खुलासा न होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश और पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 की रात राम बहादुर यादव के घर उस समय अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया, जब पूरा परिवार पड़ोस में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर का फायदा उठाते हुए नकदी और कीमती सामान समेत लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार ने गौरीगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन एक हफ्ता गुजर जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक न तो चोरों का कोई सुराग लगाया जा सका है और न ही चोरी गए सामान की बरामदगी हो सकी है।

# बुद्ध जयंती में भिक्षुओं ने लोगों को किया आमंत्रित

## बुद्ध की करुणा, मैत्री, शांति में ही विश्व का कल्याण निहित



**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ में एक मई को आयोजित बुद्ध की त्रिविध पावनी 2570 वीं जयंती समारोह की सफलता को लेकर सभी तैयारियां अंतिम दौर में हैं।

विशिष्टजनों, भिक्षुओं और लोगों से भारी संख्या में भाग लेने के लिए भिक्षु संघ कुशीनगर और बुद्धिस्ट मॉनेस्ट्रियो से जुड़े भिक्षुओं और उपासकों ने आमंत्रित किया है। इस बार बुद्ध जयंती समारोह में संघ के अध्यक्ष और बौद्ध धर्मगुरु दिवंगत भंते एबी ज्ञानेश्वर की कमी खेलेगी। बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए थाई मॉनेस्ट्री के भिक्षु फ्रा सों क्रान ने कहा कि वैशाख मास की इसी पूर्णिमा के दिन तथागत बुद्ध ने महापरिनिर्वाण (जन्म और मृत्यु के चक्र से अंतिम मुक्ति) प्राप्त किया था। यह दिन बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए बहुत ही पवित्र है। भिक्षु ज्ञानेश्वर के उत्तराधिकारी और म्यांमार वर्मी बुद्ध विहार के प्रमुख भंते नंदका ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं में ही कल्याण है। इस वर्ष बुद्ध जयंती को लेकर सभी तैयारियां अंतिम दौर में हैं। तिब्बती मंदिर के प्रमुख भंते कंचुक लामा ने कहा कि यह दिन गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञानोदय और महापरिनिर्वाण का प्रतीक है। भगवान बुद्ध के जीवन की इन तीन प्रमुख घटनाओं का यह अनूठा संगम इस दिन को अत्यंत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक रूप से उत्थानकारी बनाता है। मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में धार्मिक कार्य देख रहे भंते अशोक ने बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति और लोक कल्याण को लेकर कहा कि भगवान के वर्षों ध्यान और आत्म-अनुशासन के बाद, बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञानोदय प्राप्त किया। उस क्षण से, वे 'बुद्ध' बन गए, जिसका अर्थ है 'जागृत व्यक्ति'। भिक्षु विनय कीर्ति ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं, करुणा, अहिंसा और मध्यम मार्ग पर आधारित हैं। गौतम बुद्ध की शिक्षाओं पर चिंतन करने में निहित है। उनके मूल सिद्धांतों में 'चार आर्य सत्य' और 'अष्टांगिक मार्ग' शामिल हैं, जो व्यक्तियों को दुख-मुक्त जीवन की ओर मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने सचेतना, नैतिक जीवन और आंतरिक शांति के महत्व पर जोर दिया। कंबोडिया मंदिर के प्रमुख भिक्षु सन्नी ने कहा कि बुद्ध जयंती धार्मिक और सामाजिक चेतना का पर्व है।

# फर्जी नौकरी, बिना कार्य भुगतान, डीआईओएस व शिक्षकों की तिकड़ी लोकायुक्त जांच के घेरे में

● लोकायुक्त के निर्देश पर डीएम ने गठित किया एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यी टीम

**कुशीनगर।** फर्जी नियुक्तियों को संरक्षण देने, बिना कार्य किए लाखों रुपये के एरियर भुगतान करने और पद के दुरुपयोग से अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपों में घिरे जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार के खिलाफ लोकायुक्त की सख्ती के बाद जिला प्रशासन हरकत में है। नतीजतन जिलाधिकारी ने तीन सदस्यी जांच टीम गठित कर दिया है। जांच टीम के गठन के साथ ही डीआईओएस कार्यालय में हलचल तेज हो गई है। जिन फाइलों पर कभी बिना सवाल के हस्ताक्षर हो जाते थे, अब उन्हीं फाइलों के खुलने का डर सता रहा है। क्योंकि मामला अब केवल आरोपों तक सीमित नहीं है, बल्कि आधिकारिक जांच की पकड़ में है।

बतादे कि बीते दिनो लोकायुक्त कार्यालय से जारी पत्र संख्या 68-2026/06, 8 अप्रैल 2026 ने जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के कारस्तानी को निर्णायक मोड़ दे दिया। कुशीनगर निवासी परिवादी विरेन्द्र सिंह द्वारा दिए गए 61 पन्नों के परिवाद और सीडी साक्ष्य के आधार पर विस्तृत जांच के निर्देश मिलते ही जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। इस टीम में ट्रेजरी अफसर और बीएसए को शामिल किया गया है यानी कि अब फाइलों के साथ-साथ पैसों और नियुक्तियों का पूरा लेखा-जोखा खंगाला जाएगा।

शिकायत में दावा किया गया है कि वेतन निर्धारण, सेवा पुस्तिका में बदलाव, फर्जी नियुक्तियों को वैध दिखाना, नियम विरुद्ध व बिना कार्य किये एरियर भुगतान, बोर्ड परीक्षा मे गाइडलाइन के विपरीत सेन्टर निर्धारण, मानक के विपरीत विद्यालयो को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने सहित तमाम आरोप जिला विद्यालय निरीक्षक पर मढी गयी है जिसकी जांच टीम द्वारा बारीकी से जांच की जानी है। जानकारों का कहना है कप्तानगंज स्थित कनोडिया इंटरमीडिएट कालेज के सहायक अध्यापक विरेन्द्र पाण्डेय व श्याम नरायण पाण्डेय आदि द्वारा दो वर्ष बिना कार्य किये लाखो रुपये एरियर के रूप मे भुगतान लेकर सरकारी खजाना लूटने का मामला जांच का केन्द्र विन्दु होगा। सवाल यह है कि जब इन शिक्षको द्वारा सेवा का वास्तविक निर्वहन किया ही नही गया, तो फिर भुगतान किस नियम के तहत स्वीकृत हुआ? और इस पूरे निर्णय में किन-किन लोगो की भूमिका रही?

सखवनिया स्थित महात्मा गांधी इंटर कालेज के लिपिक अविनाश गुप्ता का मामला भी जांच के घेरे में है। आरोप है कि अविनाश गुप्ता ने अपने पिता के मृत्यु के पश्चात मृतक आश्रित के नाम पर नियमों को दरकिनार कर फर्जी तरीके से नौकरी हासिल की है क्योंकि जब अविनाश गुप्ता के पिता की मृत्यु हुई थी उस समय उनकी माँ स्वास्थ्य विभाग मे सरकारी नौकरी कर रही थी। ऐसी परिस्थिति में मृत्यु आश्रित का कोई प्राविधान नही है। ऐसे मे यह आरोप सही पाया जाता हैं, तो यह केवल नियुक्ति का मामला नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करेगा। इसके अलावा डीआईओएस द्वारा अवैध व गलत तरीके से हासिल किये गये अकूत संपत्ति का मामला भी जांच के मुख्य केन्द्र विन्दु में शामिल है। शिकायतकर्ता का दावा है कि जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने पद का दुरुपयोग कर ऐसी संपत्ति खड़ी की है, जो घोषित आय से कहीं ज्यादा है। अगर जांच इस बिंदु तक गहराई से पहुंची, तो मामला सिर्फ विभागीय कार्रवाई नहीं, बल्कि बड़ी कानूनी कार्यवाही का रूप ले सकता है। एसडीएम सदर की अध्यक्षता में गठित टीम अब इस प्रकरण की परतें खोलेगी। ट्रेजरी अफसर वित्तीय लेन-देन की सच्चाई सामने लाएंगे, जबकि बीएसए नियुक्तियों व सेवा अभिलेखों की जांच करेंगे। लोकायुक्त ने समय-सीमा भी तय कर रखा है, जिससे इस बार जांच को टालना आसान नहीं होगा। जांच टीम के गठन के बाद डीआईओएस कार्यालय में खामोशी जरूर है, लेकिन भीतर बेचैनी साफ महसूस की जा रही है।

# डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया बाह्य निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का बाह्य मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्रीमती मित्तल ने वेयरहाउस में ईवीएम/वीवीपैट को सुरक्षित रखने से संबंधित सभी सुरक्षात्मक बिंदुओं की गहन पड़ताल की। वेयरहाउस के फायर व्यवस्था, गार्ड व्यवस्था, डबल लॉक, सीलन आदि का जायजा लेते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए तथा सीलन आदि न रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि गार्ड नियमित रूप से मुस्तैद रहें और अग्निशमन यंत्र समुचित रूप से क्रियाशील रहें। यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, निर्वाचन विभाग से विजय पाण्डेय, निर्मल सहित अन्य कर्मीगण उपस्थित रहे।

## एक मई को आयोजित मजदूर दिवस समारोह में भाग लेंगे देवरिया के कांग्रेसी

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शिक्षा प्रकोष्ठ एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा एवं मजदूर दिवस के अवसर पर दिनांक 01 मई को प्रातः 10:30 बजे गांधी सभागार कैसरबाग लखनऊ में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सम्मेलन में अविनाश पांडेय (महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी), सुप्रिया श्रीनेत (चेयरपर्सन, सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) तथा अजय राय (अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी) सहित कई माननीय लोकसभा सदस्य सम्मिलित होंगे। जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत शिक्षा प्रकोष्ठ एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया।

## दिव्यांगजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए 6 मई को लगेगा मोबाइल कोर्ट

**देवरिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशन में जनपद में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की भावना के अनुरूप सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने, उनके साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। यह एक दिवसीय मोबाइल कोर्ट 06 मई को प्रातः 10 बजे से गांधी सभागार, विकास भवन परिसर, देवरिया में आयोजित किया जाएगा। जनपद के इच्छुक दिव्यांगजन अपनी समस्याओं को मोबाइल कोर्ट में प्रस्तुत कर कर सकते हैं।

## बच्चों व अभिभावकों से संवाद कार्यक्रम आयोजित

**कुशीनगर।** जनपद में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अंतर्गत संचालित शल्य चिकित्सा अनुदान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कॉक्लियर इम्पलांट कराए गए बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ आज दिनांक 29 अप्रैल 2026 को एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत 12 दिव्यांग बच्चों के कॉक्लियर इम्पलांट सफलतापूर्वक कराए जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपनिदेशक, गोरखपुर मण्डल गोरखपुर श्री अनूप कुमार सिंह एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री अभय पाण्डेय की उपस्थिति में बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित किया गया। संवाद कार्यक्रम में बच्चों की प्रगति, विशेष रूप से उनकी निरंतर चल रही स्पीच थेरेपी की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा अभिभावकों से फीडबैक प्राप्त करते हुए बच्चों के बेहतर पुनर्वास एवं विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य कॉक्लियर इम्पलांट के बाद बच्चों के समुचित विकास, सुनने और बोलने की क्षमता में सुधार तथा अभिभावकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

## संक्षेप

### नगला चिंता में कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित

**मथुरा।** गोवर्धन तहसील के ग्राम पंचायत मगोर्रा के नगला चिंता में एक कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख विपिन चौधरी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। ब्लॉक प्रमुख विपिन चैधरी ने इस अवसर पर दूर-दराज से आए पहलवानों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी पहलवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह मेंट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता गोलू पंडित जी द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दंगल कमेटी और आयोजकों ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे आयोजन स्थानीय परंपराओं को बढ़ावा देने और युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने में सहायक होते हैं।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फिरोजाबाद।** एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी प्रभारी साइबर क्राइम प्रभारी महिला अपराध सुश्री चंचल त्यागी द्वारा जनपद में नवनियुक्त प्रशिक्षाणाधीन महिला आरक्षियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षाणाधीन महिला आरक्षियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न एवं सेक्सुअल हैरेसमेंट यौन उत्पीड़न से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का अनुचित व्यवहार, मानसिक या शारीरिक उत्पीड़न कानूनन दंडनीय अपराध है तथा ऐसे मामलों में किस प्रकार शिकायत दर्ज करानी है एवं पीड़ितों को क्या-क्या कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली अनुशासन, कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। महिला आरक्षियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं सजगता के साथ करने हेतु प्रेरित किया गया।

# राहत शिविरों, बाढ़ नियंत्रण कक्षों को अभी से रखें सक्रिय

● डीएमकी अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों के एक-एक बिंदुओं की गहन समीक्षा की गयी तथा तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्व में ही सुनिश्चित किये जाने के कड़े निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने इस कार्य में किसी भी लापरवाही के लिए चेताते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोई कमी पायी जायेगी तो जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ तटबंधों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के साथ ही रेनकट व बंधों में शाही होल आदि को चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ उसे ठीक कर लिये जाये। बाढ़ नियंत्रण से जुड़े नई कार्य परियोजनाओं का कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित समय के पूर्व ही उसे पूर्ण कर लिया जाये। आवश्यकता अनुरूप बोल्डर, जियोबैग एवं अन्य आवश्यक जरूरी सामानों की उपलब्धता भी रखे जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता बाढ़ को उन्होंने दिए। नाव व नाविकों, गोताखोरों का भी चिन्हांकन कर उन्हें प्रत्येक दशा के लिए मुस्तैद रखने के भी निर्देश दिए। इनका भुगतान लंबित न रहे इस पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाये।

डीएम ने यह भी कहा कि उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र के तटबंधों व संवेदनशील स्थलों का भी निरीक्षण कर लें। आपदा राहत से जुड़े आवश्यक सामानों की टेंडर प्रक्रिया भी समयपूर्व ही पूर्ण कर लिये जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राहत शिविरों को भी चिन्हित कर लिये जाये तथा बाढ़ नियंत्रण कक्षों को अभी से ही सक्रिय रखा जाये तथा कर्मियों की ड्यूटी लगा दी जाये।

डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि हैंडपंपों का निरीक्षण कर लें, जो भी खराब हो उसे रिबोर करा लें तथा उथले हैंडपंपों पर लाल निशान लगवायें कि इसका पानी लोग पीने के लिए प्रयोग न करें। दूषित जलों से बीमारियां फैलती हैं। पशुओं के चारे की व्यवस्था के तहत भूसा व साइलेज की उपलब्धता भी रखे जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नगर निकाय व पशुपालन विभाग टेंडर की प्रक्रिया में यह विशेष रूप से ध्यान देंगे कि इसमें एकरूपता बनी रहे। किसी प्रकार की कोई विसंगति न उत्पन्न हो। विद्युत विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लटके एवं ढीले तारों को चेक कर उसे ठीक कराये जाने के निर्देश दिए।




जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं टीकाकरण हेतु बच्चों को सूचीबद्ध किये जाने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मेडिकल टीम को सक्रिय रखने का भी निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया। उन्होंने लाइफ जैकेट, एंटी स्नेक वेनम, राहत सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने का भी निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ पूर्व की की गयी तैयारियां ही बाढ़ आने पर कार्य आती हैं, इसलिए सभी विभाग अपने से संबंधित कार्य आवश्यकताओं की योजना बना कर उस पर अभी से कार्य करें, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने बाढ़ के समय तटबंधों की सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक पहलुओं पर पुलिस विभाग से संबंधित तैयारियों से अवगत कराया।

अधिशासी अभियंता बाढ़ राधे श्याम प्रसाद ने बताया कि जनपद में 12 नई बाढ़ निरोधी कार्य परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसे 15 जून तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जनपद में कुल 40 तटबंध हैं, जिनकी लंबाई 241.048 किलोमीटर है। इसके अलावा 56 ड्रेन लंबाई 734.78 किलोमीटर, 27 रेगुलेटर हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप से जुड़े अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# जिला जेल में 'सुरक्षित बचपन योजना' के तहत निरीक्षण

● बच्चों के विकास पर जोर

**देवरिया।** जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण अपर जिलाधिकारी (प्र0) प्रेम नारायण सिंह की अध्यक्षता में 'सुरक्षित बचपन योजना' के अंतर्गत गठित संयुक्त निगरानी समिति द्वारा किया गया।

निरीक्षण का उद्देश्य जिला कारागार में महिला बंदियों के साथ रह रहे 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के समग्र विकास एवं संरक्षण को सुनिश्चित करना था। इसके तहत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, देखरेख, मनोरंजन, मनोसामाजिक परामर्श एवं भावनात्मक सहयोग से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 22 जुलाई 2025 (क्रिमिनल मिस बेल आवेदन संख्या 25993/2024, रेखा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य तथा 11262/2025,



संतोष बनाम उत्तर प्रदेश राज्य) के अनुपालन में की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बच्चों की व्यक्तिगत देखरेख योजना किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत तैयार की गई है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्र0) ने संबंधित विभागों को शासनादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कारागार में 05 बच्चे आवासित पाए गए। संरक्षण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) से आच्छादित किए जाने का प्रावधान है। वहीं जेल अधीक्षक ने बताया कि बच्चों को शासनादेश के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक पौष्टिक आहार एवं विटामिन उपलब्ध कराने के सुझाव दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा विभाग की योजनाओं से जोड़ने तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों से आच्छादित किए जाने की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उ0) आनन्द कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अनिल गुप्ता, जेल अधीक्षक आशीष रंजन झा, जेलर राजकुमार, डिप्टी जेलर अम्बरीश मिश्रा, जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर, खंड शिक्षा अधिकारी देवमुनी वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी रत्नेश पाण्डेय, बाल कल्याण समिति सदस्य विवेकानन्द मिश्र, संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी, परामर्शदाता अर्चना गौड़, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार यादव तथा केस वर्कर अमित कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे।

## पुलिस ने छात्रों को सिखाया जिंदगी बचाने का मंत्र

**मुंशीगंज, अमेठी।** थाना क्षेत्र के सरूवांवां गांव स्थित विद्या शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में बुधवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का सख्ती से पालन करने की नसीहत दी। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने छात्रों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तय गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने और मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन न चलाने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सड़क पर नियम तोड़ना सीधे-सीधे अपनी जिंदगी से खिलवाड़ करना है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और यातायात नियमों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका प्रभारी निरीक्षक ने सरल और प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

## झमाझम बारिश और ओलावृष्टि से बदला मौसम, भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत



**गौरीगंज (अमेठी)।** बुधवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि ने पूरे क्षेत्र का मौसम सुहावना बना दिया। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे बाजारों और गलियों में ठंडक का अहसास होने लगा। दोपहर तक तेज धूप और उमस के कारण लोग घरों से निकलने में भी हिचक रहे थे, लेकिन शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। कई स्थानों पर छोटे-छोटे ओले भी गिरे, जिससे बच्चे और ग्रामीण उत्साहित नजर आए। किसानों ने भी इस बारिश को फसलों के लिए लाभदायक बताया, हालांकि कुछ जगहों पर सब्जी की फसल को हल्का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। गौरीगंज बाजार, हनुमान तिराहा, बस स्टेशन और आसपास के इलाकों में बारिश के कारण जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। राहगीरों को अचानक हुई बारिश से बचने के लिए दुकानों और शेड का सहारा लेना पड़ा। वहीं कई लोग बारिश का आनंद लेते भी दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में भी हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। अचानक बदले मौसम ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों और आमजन के चेहरे पर भी खुशी ला दी।

## बहादुरपुर-जायस मार्ग पर कार-पिकअप में टक्कर

**बहादुरपुर (अमेठी)।** बहादुरपुर-जायस मार्ग पर मंगलवार रात कोएक कार और पिकअप की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के क्षतिग्रस्त होने से मार्ग पर लंबा जाम लग गया और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप जायस की तरफ से आ रही थी, जबकि कार बहादुरपुर की ओर जा रही थी। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और करीब आधे घंटे में यातायात बहाल करा दिया। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## बुद्ध जयंती समारोह और विविध कार्यक्रमों में भाग लेने कल आयेंगे उपमख्यमंत्री

जिला संवाददाता (vol)

**कसया, कुशीनगर।** एक मई को कुशीनगर में आयोजित त्रिविध पावनी बुद्ध जयंती के अवसर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। जबकि म्यांमार के भारत नई दिल्ली में राजदूत ऊ जो ऊ होंगे।

उप मुख्यमंत्री के निजी सचिव प्रवीण कुमार वर्मा ने उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के कुशीनगर आगमन को लेकर पत्र जारी किया है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य एक मई को 10: 5 बजे सुबह 7 काली दास मार्ग लखनऊ से 10:30 बजे स्टाफ कार से अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ और वहां से 11: 35 बजे कुशीनगर के लिए प्रस्थान करेंगे और 12:30 बजे दोपहर कुशीनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से स्टाफ कार से 1:10 बजे गडहियां पाठक पहुंचकर कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे। इसके पश्चात वह 2:10 बजे बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचकर बुद्ध जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। 3:20 बजे अपराह्न सर्किट हाउस कुशीनगर में भाजपा पदाधिकारियों/ जन प्रतिनिधियों/ कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और जनपद की विकास शील परियोजनों और निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। शाम 4:35 बजे कुशीनगर एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। भिक्षु संघ के सचिव भंते डॉ नन्द रतन ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और म्यांमार के भारत नई दिल्ली में राजदूत ऊ जो ऊ जयंती समारोह में भाग ले रहे हैं।

# डीएम ने किया गौशाला व राजकीय बालगृह का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ हाथवंत ब्लॉक में गौशाला व राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया किया गया। सर्व प्रथम जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ सांथी गौशाला का औचक निरीक्षण किया, 400 गोवंश की क्षमता वाली इस गौशाला की आधुनिक व्यवस्थाओं और नवाचार को देखकर जिलाधिकारी अत्यंत प्रसन्न नजर आए, डीएम की अभिनव पहल थी, कि गौशालाओं में केवल गोवंशों का संरक्षण न किया जाए, बल्कि वहां पर मानवीय गतिविधियों को बढ़ाने हेतु खेल का मैदान और ओपन जिम इत्यादि का निर्माण किया जाए, इस रूप में सांथी गौशाला एक आदर्श के रूप में विकसित हुई है, इस गौशाला को सुव्यवस्थित चार शैडों में निर्मित किया गया है, जिससे गोवंशों को सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो सके। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पशुओं के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था और स्वच्छ जल की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, गौशाला परिसर में गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ मानवीय क्रियाकलापों हेतु बैडमिंटन कोर्ट और ओपन जिम का निर्माण किया गया है, जो प्रदेश में अपनी तरह की अनूठी पहल है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा की शासन का उद्देश्य केवल गोवंश का संरक्षण करना ही नहीं है बल्कि समाज का उनके साथ एक आत्मीय सम्बंध स्थापित करना है, उन्होंने जोर दिया कि मानव का गोवंश के साथ जुड़ाव एक अटूट संबंध स्थापित करेगा, जिससे समाज में गाय की महत्ता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी। यह गौशाला केवल गौवंश संरक्षण का केंद्र ही नहीं है, अपितु यह सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस गौशाला के मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी प्रोत्साहित किया जाए, योग स्थल और खेल सुविधाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को गौशाला से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जन सहभागिता के माध्यम से गौ सेवा को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहें। वही इसके बाद जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ विकासखंड हाथवंत के ग्राम सांथी में निमार्णाधीन 100 क्षमता वाले राजकीय बालगृह का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया तथा कार्यदायीं संस्था को इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु कड़े निर्देश दिए, परियोजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बालगृह का निर्माण आगामी दिसंबर माह से पूर्व हर हाल में हो जाना चाहिए, इसके लिए उन्होंने कार्यदाई संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 को एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने और साइट पर मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि कार्य की गति में तेजी आ सके, यह महत्वपूर्ण परियोजना कुल 14 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से तैयार की जा रही है। फरवरी माह में इसका शिलान्यास कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या और सदर विधायक मनीष असीजा ने किया था, निरीक्षण के दौरान डीएमका एक संवेदनशील और मानवीय पहलू भी सामने आया, बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत उन्होंने इस साइट पर कार्यरत मजदूरों के हितों का ध्यान रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वहां पर कार्यरत श्रमिकों के लिए शीतल पेयजल एवं अन्य सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था की जाए, निरीक्षण के दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## वैश्विक बाजार की तलाश

भारत सरकार ने दुनिया के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए निर्यात बढ़ाने और विदेश व्यापार को सुगम बनाने का प्रयास अमरीकी टैरिफ के बाद काफी तेज कर दिया था। इसका परिणाम बहुत ही सुखद रहा। ट्रंप टैरिफ-टैरिफ खेलते रहे वहीं भारत ने यूके, यूरोपीय यूनियन, यूरोपीय व्यापार क्षेत्र के चार देशों, ओमान और अब न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर एक तरह से अमरीका का विकल्प खोज लिया। हालांकि अब ट्रंप का टैरिफ भी फुस्स हो गया है और अमरीका के साथ ट्रेड डील भी अंतिम चरण में है लेकिन जिस तरह से भारत सरकार ने व्यापारिक समझौतों को आगे बढ़ाने में तत्परता दिखायी है उससे अब अमरीका को भी यह समझ में आ गया है कि टैरिफ को हथियार बनाने से कोई फायदा उसे नहीं होने वाला है। अपने व्यापारिक साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार ने इस सप्ताह न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत, जहां सभी भारतीय वस्तुओं को न्यूजीलैंड के बाजार में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा, वहीं भारत के आयात का एक बड़ा हिस्सा भी खोला जायेगा। जिसमें कुछ श्रेणियों की वस्तुओं पर महत्वपूर्ण शुल्क कटौती या विस्तारित कोटा लागू होंगे। इनमें न्यूजीलैंड के लिए महत्वपूर्ण कृषि उत्पाद जैसे भेड़ का मांस और कीवी फल शामिल हैं। भारत ने इस समझौते के शुल्क कटौती वाले हिस्से में इस पर जोर दिया है कि कुछ क्षेत्रों को सुरक्षित रखा गया है। हालांकि, वास्तविक अपवाद केवल डेयरी क्षेत्र है, जिसमें न्यूजीलैंड अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है। भारत में डेयरी क्षेत्र राजनीतिक रूप से संवेदनशील भी है क्योंकि इसमें करोड़ों लोगों की आजीविकाएं जुड़ी हुई हैं। यही कारण है कि हाल के सभी व्यापार समझौतों में इसे उचित रूप से संरक्षित किया गया है। यूरोपीय संघ की तुलना में न्यूजीलैंड एक छोटा और अधिक चुस्त व्यापारिक इकाई है। इसलिए वह ऐसे समझौते कर सका जो भारत के लिए मुक्त व्यापार समझौते को अधिक आकर्षक बनाते हैं। उदाहरण के लिए, उसने अगले 15 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में 20 अरब डॉलर निवेश करने का वादा किया है। यह संभव होगा या नहीं, यह एक अलग प्रश्न है। इसी तरह का वादा यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (ईएफटीए) के देशों-नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, आइसलैंड और लिकटेनस्टाइन ने किया था, लेकिन वह 100 अरब डॉलर का था। भारत ने अक्सर निवेश को व्यापारिक उदारीकरण का दूसरा पहलू माना है और इसीलिए उसने बाजार तक पहुंच को ऐसे वादों पर आधारित किया है। हालांकि इतने बड़े निवेश को साकार करने के लिए भारत को व्यवसाय और निवेशक-आधारित सुधारों को आगे बढ़ाते रहना होगा। इसलिए न्यायिक और मध्यस्थता सुधार एक प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि विवाद निपटान से जुड़ी चिंताएं वादा किए गए पूंजी प्रवाह में बाधा न डालें। इस समझौते में व्यक्तियों की आवाजाही से संबंधित कुछ प्रावधान भी शामिल हैं, जो अपेक्षाकृत दुर्लभ हैं, खासकर उस समय जब कई देश आव्रजन के प्रति अधिक सख्त हो रहे हैं। न्यूजीलैंड में 5,000 भारतीय पेशेवरों को तीन-वर्षीय कार्य परमिट दिए जाएंगे, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे मांग वाले क्षेत्रों में। भारत लंबे समय से चाहता रहा है कि प्रवासन समझौता भी व्यापक व्यापार समझौते का हिस्सा हो, लेकिन हाल के समझौतों में जैसे ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ समझौतों में इस जरूरत को राजनीतिक माहौल के कारण स्थगित करना पड़ा। स्पष्ट है कि न्यूजीलैंड में यह अभी उतना बड़ा मुद्दा नहीं है लेकिन इसे सावधानीपूर्वक देखना होगा, क्योंकि ऐसे मुद्दों पर घरेलू राजनीति कुछ ही वर्षों में तेजी से बदल सकती है। न्यूजीलैंड व्यापक एवं प्रगतिशील प्रशांत पार साझेदारी समझौते (सीपीटीपीपी) का पूर्ण सदस्य है। इस गठबंधन के 12 सदस्य ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, कनाडा, चिली, जापान, मलेशिया, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, पेरू, सिंगापुर, वियतनाम और ब्रिटेन हैं। इनमें से अब आठ देशों के साथ भारत मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। कनाड़ा के साथ बातचीत चल रही है और अन्य देशों के साथ भी रिश्ते अच्छे हैं। कुल मिलाकर मुक्त व्यापर समझौतों के जरिए भारत तेजी से अपने निर्यात बाजार का विस्तार कर रहा है। इसका लाभ भी देश भी अर्थव्यवस्था को मिलेगा और जल्द ही एक ट्रिलियन निर्यात लक्ष्य को देश हासिल कर लेगा।



**भारत ने तेजी से नये-नये व्यापारिक सहयोगियों की तलाश कर ट्रंप टैरिफ का विकल्प खोल लिया है**

### विचार

सूखी, कठोर और कटुतापूर्ण वाणी, सुनने वाले के मर्मस्थलों, हड्डियों को गला देती है।
-महात्मा विदुर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।
-स्वामी रामतीर्थ.

चेहरे पर झुर्रियां पड़ गयीं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले पड़ गये। परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।
-भर्तृहरि.

किसी भी हालत में अपनी ताकत पर घमंड न कर। यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है।
-हाफिज.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।
-जयशंकर प्रसाद.

# आयरन डोम से बेहतर है सुदर्शन चक्र



संजय श्रीवास्तव

> सुदर्शन चक्र को भारत का आयरन डोम कहना ठीक नहीं, यह उससे कहीं आगे की तकनीक है, जिसमें अमेरिकी गोल्डन डोम तथा रूसी तुंद्रा की तरह की मिली जुली खासियतें होंगी। यह ढाल और तलवार की तरह बचाव और हमला दोनों काम करेगा, साथ-साथ डिटरेंस का भी।



बीते हफ्ते उत्तरी चीन के शानक्सी प्रांत स्थित ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से चीन ने अपने रॉकेट के जरिए पाकिस्तान निर्मित रिमोट सेंसिंग, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सैटेलाइट को प्रक्षेपित कर कक्षा में सफलता पूर्वक स्थापित कर दिया। अंतरिक्ष में ऐसे उपग्रह भेजना सामान्य बात है लेकिन इस साधारण उपग्रह प्रक्षेपण ने हमें याद दिलाया कि कैसे पाकिस्तान एयर स्पेस डिफेंस कमांड के संगठनात्मक ढांचे के निर्माण और उसको सुसंगत तरीके से लागू करने में हमसे आगे निकल गया और अब वह उस स्पेस-आधारित रिमोट सेंसिंग क्षमता को भी मजबूत करने में तत्परता दिखा रहा है, जिसका इस्तेमाल भारतीय सेना की गतिविधियों और क्षमता पर निगाह रखने में करेगा।

सवाल यह है कि चीनी मदद से पाकिस्तान की इस तूफानी बढ़त के जवाब में हमारे महत्वाकांक्षी मिशन सुदर्शन चक्र का निर्माण घोषणा के बाद शुरूआती स्तर तक और सुस्त क्यों है? जिस परियोजना का लक्ष्य 2035 तक पूर्ण रूप से स्वदेशी और ऐसा एकीकृत एयर डिफेंस सिस्टम तैयार करना हो जो ढाल भी हो और तलवार भी, साथ ही प्रतिरोधक या डिटरेंस के भी काम आये। जो 'आयरन डोम' से बहुत आगे की चीज है, जिसमें अमेरिका के गोल्डन डोम और रूस के तुंद्रा सिस्टम दोनों की मिली जुली खासियत होगी और चीन व पाकिस्तान की सीमा पर हवाई खतरों को रोकने में गेम चेंजर साबित होगा, जिसका एक हिस्सा स्पेस बेस्ड सर्विलांस फेज-3 अंतरिक्ष से दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखने के लिए जमीनी रडार के साथ एकीकृत करके एक मजबूत सुरक्षा कवच बनेगा और जिसके बिना हम अंतरिक्षीय युद्ध में एक तरह से दृष्टिहीन बने रहेंगे। जिस मिशन सुदर्शन चक्र को भारत के अपने हाईटेक एयर डिफेंस अंब्रेला के तौरपर देखा जा रहा है, जो दुश्मन की मिसाइलों, ड्रोन और एयरक्राफ्ट को गंभीर खतरा पैदा करने से पहले ही खत्म कर देगा, ऐसे महत्वपूर्ण मिशन के प्रति इतना ढीलापन क्यों? आखिर इसके लिये कई तरह के रडारों की स्थापना और 52 से ज्यादा उपग्रहों के प्रक्षेपण के साथ स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली कुशा एवं रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस 400 के साथ इसके इंट्रीग्रेशन के अलावा कुछ अन्य तकनीकी व्यवस्था और प्रबंध करने की प्रगति धीमी क्यों है? 52 उपग्रहों में एक भी लांच क्यों नहीं हुआ, आखिर हमारे स्पेस इकोसिस्टम को सक्रिय करने के लिए क्या करना होगा? मिशन सुदर्शन चक्र का आधार है स्पेस एयर डिफेंस कमांड। यह थियेटर कमांड कब तक तैयार होगा? सवाल और चिंताएं वाजिब हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि सरकार और सेना आसन्न चुनौतियों, खतरों और अपने दायित्वों से आगाह नहीं या वह फिर हाथ पर हाथ धरे बैठी है। 15 अगस्त 2025 को दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 'मिशन सुदर्शन चक्र' ने भारतीय सुरक्षा चिंतन में एक बड़े मोड़ का संकेत दिया।

### चिंतन

लक्ष्य है ऐसा बहु-स्तरीय, स्वदेशी, एकीकृत वायु एवं मिसाइल-रक्षा तंत्र खड़ा करना जो न केवल सैन्य ठिकानों बल्कि रणनीतिक परिसंपत्तियों, नागरिक बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय कमांड-नेटवर्क को भी सुरक्षित कर सके। इस बड़े मिशन पर उठने वाले सवालों के जवाब से पहले समझना जरूरी है 'सुदर्शन चक्र' एक अकेला सिस्टम नहीं, 'सिस्टम ऑफ सिस्टम्स' है। इसमें लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइलें, रडार-नेटवर्क, कमान-एवं-नियंत्रण, काउंटर-यूएएस, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष-आधारित निगरानी और संभवतः भविष्य में स्पेस-कमांड तथा साइबर-कमांड जैसी संस्थागत संरचनाएं परत दर परत शामिल होंगी। सो मिशन सुदर्शन चक्र के भीतर विभिन्न कार्यक्रम हैं। इन कार्यक्रमों के कार्य निष्पादन में सरकारी कंपनियां, विभिन्न मंत्रालय, निजी अंतरिक्ष क्षेत्र शामिल है, जिनकी अपनी तकनीकी, औद्योगिक और नौकरशाही जैसी तमाम स्वाभाविक बाधाएं हैं। इसीलिये मिशन की घोषणा के बाद 'विधिवत आरंभ' न दिखना असामान्य नहीं है। बड़ी रक्षा-परियोजनाएं अक्सर पहले नीति, फिर स्वीकृति, तब परीक्षण, उसके बाद उत्पादन और अंततः संयुक्त तैनाती के चरणों में ही आगे बढ़ती हैं। 52 निगरानी उपग्रहों में से 21 इसरो और 31 निजी कंपनियां को विकसित करने की मंजूरी है। पूरी श्रृंखला 2029 तक लांच करने का लक्ष्य है। अब 52 उपग्रहों को एक के बाद एक रवाना किया जा सके ऐसा नहीं है। उपग्रहों के पेलोड, कक्षा, ग्राउंड-सेगमेंट, डेटा-प्रोसेसिंग और सैन्य-इंटीग्रेशन की पूरी श्रृंखला व्यवहारिक रूप से सघन तालमेल मांगती है, इसलिये इसमें भी विलंब स्वाभाविक है। वैसे भी इसरो का कार्यक्रम अति व्यस्त है। प्रोजेक्ट कुशा को डीआरडीओ लंबी दूरी के स्वदेशी सतह-से-वायु मिसाइल डिफेंस सिस्टम के रूप में विकसित कर रहा है। यह भविष्य में एस-400 जैसी विदेशी प्रणाली पर निर्भरता घटाएगा पर यह अभी विकास की नवजात अवस्था में ही है। वैसे भी स्वदेशी प्रणाली का अर्थ तुरंत विदेशी प्रणाली का विकल्प नहीं होता, शुरूआती वर्षों में यह उसके पूरक के रूप में ही काम करेगी। यह निर्भरता कम होने में समय लगेगा साथ ही इनके इंटीग्रेशन में भी। एस-400 के साथ इंटीग्रेशन तकनीकी संवेदनशील और बहु-स्तरीय प्रक्रिया होगी। इसलिए 'कब तक' का उत्तर एक तारीख नहीं बल्कि चरणबद्ध क्षमता-विस्तार है।

साल 2026 से 2030 के बीच सीमित इंटीग्रेशन को बढ़ाने की ओर कार्य चल रहा है, लेकिन पूर्ण, निर्बाध और अलग-अलग देशों से खरीदे सिस्टम के साथ इंटीग्रेशन का जटिल काम 2030 के आगे भी जा सकता है। यही बात भिन्न तरह के रडारों की स्थापना के बारे में भी सच है। मिशन के तहत पूरे देश में रडारों का एक ऐसा जाल बनाना है, जो इतना घना हो कि इसकी नजर में आये कोई भी दुश्मन मिसाइल या ड्रोन निकल न सके। रडारों का स्थान चयन, स्थापन प्रक्रिया एवं तकनीकी निर्धारण समय लेने वाला है। मिशन सुदर्शन चक्र की पूर्णता के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है स्पेस और एयर कमांड का जल्दी बनना। एकीकृत डिफेंस प्रोग्राम जिसका लक्ष्य थल, जल और नभ की ताकतों को 'स्पेस-आधारित डेटा' से जोड़ना है। आज देश के पास इसके लिये आवश्यक कुछ संस्थागत ढांचे पहले से मौजूद हैं, जैसे डिफेंस स्पेस एजेंसी, एकीकृत सैन्य कार्यबल, वगैरह लेकिन 'पूर्ण विकसित' स्पेस कमांड अभी एक अवधारणा से आगे बढ़कर भिन्न ऑपरेशनल कमांड नहीं बना है तो महज इसलिये कि इन सभी का उचित संयोजन नहीं हो सका है जो बहुत देर की बात नहीं है। यही बात साइबर कमांड पर भी लागू होती है। बिना इन कमानों के डेटा-फ्यूजन, सेंसर-शेयरिंग और तेज निर्णय-चक्र सीमित रहेंगे। इसलिए सुदर्शन चक्र की सफलता का सबसे बड़ा कारक कमान-एकीकरण होगा क्योंकि आधुनिक युद्ध में समय की बचत ही सुरक्षा की असली परिभाषा है।

सुदर्शन चक्र परियोजना की सबसे बड़ी सीमा तकनीक नहीं, समय और औद्योगिक स्केल है। हमने रक्षा उत्पादन और निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि की है, लेकिन बड़े 'सिस्टम ऑफ सिस्टम्स' जैसे कार्यक्रमों में गुणवत्ता, मानक और समय-पालन कहीं अधिक कठिन होता है। समस्या यह है कि भारत की रक्षा-उद्योग प्रणाली अभी भी कार्यक्रम प्रबंधन के लिहाज से संक्रमण में है। डीआरडीओ, इसरो, वायुसेना, आइडीएस, निजी अंतरिक्ष कंपनियां और बीईएल जैसी एजेंसियां अगर अलग-अलग गति से चलेंगी तो देरी स्वाभाविक है। कुशा परियोजना, काउंटर ड्रोन, रडार घनत्व, स्पेस बेस्ड सर्विलांस और कमांड-इंटीग्रेशन ये सब साथ में चलेंगे निरंतर वित्त पोषण, स्वदेशी विकास की तीव्र समय सीमा, तीनों सेनाओं का गहन एकीकरण और निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी भरपूर होगी तो 'सुदर्शन चक्र' देर सवेर अवश्य आकार लेगा।

### सोशल मीडिया



असंख्य आक्रमणों के बाद भी श्री सोमनाथ महादेव मंदिर पर बुलंदी से फहराती यह ध्वजा सनातन संस्कृति की अविरलता व अमरता का संदेश पूरी दुनिया को दे रही है। अमित शाह.



विरासत को वही बचाता है जिसको यह उम्मीद होती है कि उसका नाम इतिहास में दर्ज होगा। भाइपाइयों का न कोई इतिहास है न होगा। इसलिए वो को मिटा रहे हैं। अखिलेश यादव



केजीएमयू लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह गौर जी से भेंट कर कुशलक्षेम जाना। केशव प्रसा

## इंद्रियों पर नियंत्रण

### अंतर्दृष्टि

मनुष्य का मन मस्तिष्क बहुत चंचल होता है और इस कारण वह ऐसी चीजों पर प्रायः भटकता रहता है जो उसके व्यक्तित्व का क्षय करती हैं। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानी चाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

## वोट बैंक सुनिश्चित करने का दांव

### व्यंग्यलोक

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है। दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है। वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।



पूरन सरमा

## तेजी से नष्ट हो रही है धरती की जैव विविधता



### वन्य जीवन

डॉ.अनिता राठौर

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2020 के मुताबिक पिछले पांच दशकों में धरती की 68 फीसदी जैव विविधता नष्ट हो चुकी है। इस तरह 10 जैव विविधत प्रजातियों में 7 का विनाश हो चुका है, यह बेहद चिंतित करने वाली रिपोर्ट है। भारत आदिकाल से ही जैव विविधता के मामले में एक सम्पन्न देश रहा है। अपने यहां करीब पौधों की 40 से 45 हजार और जीवों की 85 से 90 हजार प्रजातियां मौजूद हैं। लेकिन अब अपने देश में भी बहुत तेजी से जैव विविधता लुप्त हो रही है। दो साल पहले आरटीआई के जरिये हासिल एक सूचना के मुताबिक एक दशक में 148 जीव और करीब 132 वनस्पतियां लुप्त हो गई हैं और 500 से ज्यादा जीवों और वनस्पतियों पर लुप्त होने की तलवार लटकी हुई है।

कुछ साल पहले वन विभाग ने पाया था कि राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व और मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में सुनियोजित ढंग से चल रही शिकार की गतिविधियों के कारण उनकी संख्या में तेजी से कमी आ रही है। टाइगर, तेंदुए और ओर्टर को उनकी चमड़ी के लिए मारा जाता है। चीन और दूसरे अन्य देशों में भारत में पाये जाने वाले इन दुर्लभ प्रजातियों के पशु और पक्षियों की बहुत मांग है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक द्रव्यों की तस्करी, मनुष्य की तस्करी और अन्य दूसरी चीजों की तस्करी के बाद अवैध वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी का व्यापार चौथे स्थान पर है। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस द्वारा ड्रग एंड क्राइम विषय पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 132,144 वन्य जीवों की अवैध तस्करी से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें पूरी दुनिया के 120 देशों में लगभग पिछले एक दशक में हजारों वन्यजीवों की ऐसी प्रजातियां हैं जो लुप्त हो चुकी हैं। 1,291 वन्यजीवों की तस्करी से जुड़े मामलों में 180 प्रजातियों के प्रतिबंधित वन्यजीव जिनमें 48 स्तनधारी, 71 प्रजाति के पक्षी, 33 सरीसृप और पेड़ों की 4 ऐसी प्रजातियों से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें लाल चंदन की अवैध तस्करी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किये गये। इसमें तेंदुए के शिकार के 182 मामले, एशियाई हाथी की अवैध तस्करी के 138 मामले, एक सींग वाले दरियाई घोड़े के 124 मामले और बंगाल टाइगर के अवैध शिकार के 113 मामले दर्ज किये गये थे। इनमें हिरण, बारहसिंगा, जंगली गाय, सुअरों के अवैध शिकार के 60 मामले दर्ज हुए, जिनमें देश के विभिन्न भागों में इनके मांस के लिए इनका अवैध शिकार किया जाता है।

पैंगोलिन एक ऐसा स्तनधारी जीव है जिसकी चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में बहुत मांग है। इसके मांस, त्वचा और पूर्वी एशियाई देशों में दवाएं बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसका सबसे ज्यादा अवैध व्यापार होता है। इसके अलावा कछुए, ताजे पानी के कछुए, स्टार कछुए, झीलों में पाये जाने वाले कछुओं की भारत और दूसरे पड़ोसी देशों में पालतू जानवरों के बाजार में भारी मांग के चलते इनका अवैध शिकार किया जाता है। कई मामलों में हजारों लोगों को रेलवे के प्लेटफॉमों, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर इन्हें इन जानवरों के अंगों के साथ इन्हें अवैध रूप से पकड़ा जाता है। ज्यादातर पक्षियों और पालतू जानवरों के बाजार या मांस के लिए इन्हें बेचे जाने के लिए इनकी अवैध तस्करी होती है। भारतीय पक्षियों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है। भारत में भले ही मोर के शिकार को अवैध करार दिया गया है इसके बावजूद इन्हें इनके सुंदर पंखों के लिए मौत के घाट उतार दिया जाता है। समुद्री जीव जंतुओं की तस्करी के 50 मामले दर्ज किये गये जिनमें समुद्री घोड़े मूंगा, घोंघे और सी-क्यूकैम्बर की अवैध तस्करी के मामले दर्ज किये गये। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सी-क्यूकैम्बर का इस्तेमाल चीनी व्यंजनों और दवाईयों में होता है। पूरी दुनिया में इसकी बढ़ती मांग के कारण इसकी कई प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। लेकिन हम इस बात को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं कि यदि इसी तरह इनका अवैध शिकार होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इन जलीय जीव जंतुओं का समुद्र से पूरी तरह सफाया हो जायेगा। प्रतिबंधित एवं दुर्लभ वन्यजीव प्रजातियों की अवैध तस्करी के बढ़ते मामले इस बात का सबूत है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन तमाम वन्यजीवों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अवैध तस्करी का यह काम एक बड़े नेटवर्क के रूप में सुनियोजित ढंग से संचालित होता है।

## आपकी बात

### एजेंसियों की मनमानी

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों को कम से कम 35 मीटर रखना चाहिए।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

### सामाजिक बदलाव का माध्यम

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

ललितपुर। जखौरा क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, मृतक के परिजनों ने थाना जखौरा पुलिस पर अब तक रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाया है। जखौरा निवासी जितेन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 9.30 बजे उनके पिता महेश प्रसाद झां सड़क किनारे खड़े थे। तभी सतगता-सीरोनजी रोड की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रही एक मोटरसाइकिल (नंबर यूपी 94 वाई 1381) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार मौके पर मौजूद रिश्तेदार ने तत्काल एम्बुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां वेंटिलेटर की सुविधा न मिलने पर उन्हें गंगा अस्पताल झांसी में भर्ती कराया गया, जहां से आगे इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया। भोपाल के अस्पतालों में इलाज के दौरान 23 अप्रैल 2026 को उनकी मृत्यु हो गई। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना 12 अप्रैल को थाना जखौरा में दी गई थी, जबकि दूसरी बार 26 अप्रैल को भी जानकारी दी गई, इसके बावजूद अब तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत

बांदा। थाना जसपुरा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना जसपुरा से भरुआ जाने वाले मार्ग पर रामपुर चैराहा के पास हुई। 60 वर्षीय शांति पत्नी गंगाचरन सिंह, निवासी क्षेत्र जसपुरा, सड़क पार कर रही थीं। अचानक तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आ गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जसपुरा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शांति ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना जसपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के इंतजाम मजबूत किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## लू लगने से वृद्धा की मौत

बांदा। नरैनी कोतवाली क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और लू का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को ग्राम मुतियारी निवासी 60 वर्षीय वृद्धा कल्ली की संदिग्ध रूप से लू लगने से मौत हो गई। मृतका के पुत्र नत्थू ने बताया कि मां कल्ली छिबांव गांव स्थित रिश्तेदारी से निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रही थीं। नरैनी से वह भीषण गर्मी के बीच पैदल अपने गांव मोतियारी पहुंचीं। घर पहुंचते ही उनकी हालत अचानक बिगड़ गई। उन्हें उल्टी होने लगी और पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिजन तुरंत निजी वाहन की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डा. चेतना मिश्रा ने जांच के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार अत्यधिक गर्मी और लू के कारण उनकी हालत गंभीर हुई। वृद्धा की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे तापमान और लू के चलते बुजुर्गों, बच्चों एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए विशेष सतर्कता की आवश्यकता है।

## निर्धारित मानक को दरकिनार कर अधूरा खोदा कुंआ

ललितपुर। महरौनी तहसील क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां लघु सिंचाई विभाग की योजना के तहत स्वीकृत कुएं के निर्माण में अनियमितता और अवैध वसूली के आरोप लगाए गए हैं। ब्लाक बार के ग्राम डंगराना निवासी सावित्री पत्नी काशीराम ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री ब्लॉक कूप योजना के अंतर्गत उनका चयन किया गया था। योजना के तहत निर्धारित मानक के अनुसार कुएं की गहराई 48 फीट होनी चाहिए थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा केवल 25 फीट तक ही खुदाई कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर एक्सपायर्ड पोषाहार का वायरल दावा निकला निराधार

## विभागीय दावा: जांच में नहीं मिली कोई गड़बड़ी



**ललितपुर।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र बंट पर एक्सपायर्ड पोषाहार वितरण के सोशल मीडिया पर वायरल हुए दावे विभागीय जांच में पूरी तरह निराधार साबित हुए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह द्वारा की गई औचक जांच में केन्द्र पर कहीं भी एक्सपायर्ड पोषाहार नहीं पाया गया। बताया गया कि 27 अप्रैल 2026 को सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए थे, जिनमें केन्द्र पर एक्सपायर्ड पोषाहार बांटे जाने का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 28 अप्रैल को स्वयं मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि केन्द्र पर मार्च 2026 का टीएचआर स्टॉक शेष था। मार्च माह में कुल 117 लाभार्थियों के लिए पोषाहार आपूर्ति की गई थी, जिसमें से 40 लाभार्थियों को उसी माह एफआरएस के माध्यम से वितरण कर दिया गया था। वहीं 28 अप्रैल तक 57 लाभार्थियों को पोषाहार दिया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान ही बाल विकास परियोजना कार्यालय, बिरधा की दो मुख्य सेविकाओं की निगरानी में 28 और 29 अप्रैल को शेष लाभार्थियों को भी पोषाहार का वितरण पूरा करा दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर केवल रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पोषाहार जैसे आटा-बेसन हलवा, आटा-बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया-मूंग दाल खिचड़ी एवं एनर्जी डेंस हलवा की ही आपूर्ति की जा रही है। गेहूं की दलिया, चने की दाल या रिफाइंड खाद्य तेल की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जा रही है। विभाग ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि पोषाहार प्राप्त होते ही एक सप्ताह के भीतर एफआरएस के माध्यम से सभी पंजीकृत लाभार्थियों को वितरण सुनिश्चित करें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कार्यकत्री के साथ-साथ मुख्य सेविका और परियोजना अधिकारियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर जागरूकता की ओर पुलिस का अहम कदम, छात्रों को किया जागरूक



ललितपुर। जिले में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को ए.वी.एम. इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के बारे में बताया, जिसमें ठग स्वयं को पुलिस या सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को डराकर धनराशि ठगते हैं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में हर व्यक्ति को सतर्क और जागरूक रहना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। किसी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें, बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें, संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत सतर्क होकर कार्रवाई करें, इसके अलावा छात्रों को फेक लोन ऐप, केवाईसी अपडेट फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड और टेलीग्राम निवेश स्कैम जैसे साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के अंत में ललितपुर पुलिस ने अपील की कि स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें, ताकि इस तरह के अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने की गौशालाओं की समीक्षा, पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश




बांदा। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ गौ वंश संरक्षण की समीक्षा बैठक की। उन्होंने गौशालाओं में पर्याप्त पानी, भूसा एवं हरे चारे की व्यवस्था नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। गौशालाओं में लगे सीसी टीवी कंट्रोल रूम को एक सप्ताह में चालू कराने के निर्देश दिए। साथ ही गौवंश संरक्षण समिति में दो प्रगतिशील पशुपालकों को अवश्य रखने के निर्देश दिए। प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिलाने और गौशाला से मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गायों की सुपुर्दगी की बात कही। आयोग अध्यक्ष ने हरे चारे के प्रबंधन के लिए नेपियर घास, मुरंगा का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूसा भंडारण पर्याप्त मात्रा में करने के लिए पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि नेपियर घास की बोआई कराई जा रही है। इसके तहत प्रति हेक्टेअर 22 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत किसानों को एक गाय की सुपुर्दगी करने पर 15सौ तथा चार गाय की सुपुर्दगी करने पर छह हजार रुपये देने का प्रचार-प्रसार प्रत्येक गौशाला में कराने को कहा। कहा कि हरे चारे की उपलब्धता न होने पर एक किलो पशु आहार प्रत्येक गौवंश को दिया जाए। भूसा दान के तहत पर्याप्त भूसे का भंडारण करने के निर्देश दिए। गौशालाओं में एकत्र गोबर से कंपोस्ट एवं जैविक खाद तैयार करने व गोबर के लट्ठे बनाने पर जोर दिया। जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 7662 गौवंशों की सुपुर्दगी की गई है और 63444 गौवंश संरक्षित किए गए हैं। जिले में 289 स्थायी व अस्थायी गौशालाएं चल रही हैं। इसके साथ ही 11 स्थायी पशु आश्रय स्थलों में 4186 गौवंश संरक्षित किए गए हैं। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने कहा कि गौशालाओं में छाया, टीनशेड, पेयजल व भूसा की व्यवस्था की गई है। गौशालाओं को अधिक बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष गौशाला आयोग उपाध्यक्ष रमाकांत उपाध्याय, सीडीओ अजय कुमार पांडेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निपटायें शिकायतें : डीएम

**ललितपुर।** शासन के निदेर्शानुसार गरीब, असहाय व जरुरतमंदों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय मिले, इसके लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सजग हैं, बुधवार को जिलाधिकारी ने अपनी नियमित जनसुनवाई में अनेकों फरियादियों की समस्याओं का सम्बंधित अधिकारियों से दूरभाष पर सीधे निर्देशित कर निस्तारण कराया। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर जनता को राहत देना है। पीड़ित की समस्या का समाधान उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी निर्देश जारी किये हैं कि वंचित ग्रामों में अपने विभागीय कैम्प लगाकर पात्रों का चयन करें और प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलायें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से सम्बंधित जनशिकायतें आयीं, जिन्हें जिलाधिकारी ने मौके पर ही सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर निस्तारित कराया। जनसुनवाई के दौरान विकास खण्ड मड़ावरा के ग्राम बम्बौरी निवासी सोवरन सिंह ने बताया कि उनकी फसल अतिवृष्टि/ओलावृष्टि से नष्ट हो गई थी, बीमा का ऑनलाइन आवेदन करने पर भी बीमा कम्पनी क्लेम नहीं कर रही है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जण्डेल सिंह निवासी मऊमाफी ने विपक्षियों द्वारा उनके आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी सदर और चकबंदी अधिकारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम दैलवारा निवासी हरनाम सिंह ने अपनी बीमारी के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने का अनुरोध किया।

# माइनिंग ब्रांच के स्टूडेंट्स के लिए वर्कशॉप का आयोजन

## व्यावहारिक ज्ञान तथा उद्योग से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से जुड़े छात्र : डॉ. गौतम




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट में संस्था में अध्ययनरत एवं पास आउट माइनिंग ब्रांच के स्टूडेंट्स के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में माइनिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ, क्षेत्रीय कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर कार्यरत, भारतीय गौरव रत्न सम्मान एवं भारतीय पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित डॉ॰ गौतम कुमार दिनकर द्वारा छात्र-छात्राओं को नवीन तकनीकों, व्यवहारिक ज्ञान तथा उद्योग से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

प्रधानाचार्य विवेक मेहरोत्रा ने बताया कि सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में 3 वर्षीय माइनिंग इंजीनियरिंग डिप्लोमा का कोर्स सिर्फ राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट में संचालित हो रहा है। इस कोर्स को करने के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में पर्याप्त नौकरियाँ उपलब्ध हैं। संस्था में प्रतिवर्ष माइनिंग इंजीनियरिंग की 37 सीटों पर शत प्रतिशत एडमिशन होते हैं और डिप्लोमा पूर्ण करने के बाद स्टूडेंट्स किसी सरकारी, निजी कम्पनी में नौकरी पाने के पात्र हो जाते हैं एवं आवेदन कर सकते हैं। संस्था के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय पालीटेक्निक तालबेहट में प्रतिवर्ष कई कंपनियां प्लेसमेंट एवं वर्कशॉप के लिए आती हैं और नियुक्ति होने पर स्टूडेंट्स रोजगार मिलता है। संस्था के शैक्षिक अधिकारी अमित कुमार द्वारा डॉ॰ दिनकर का स्टूडेंट्स के मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# दहेज को लेकर विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

बांदा। अतर्रा कोतवाली क्षेत्र के रामबिहार का पुरवा, बिसंडा रोड में एक विवाहिता ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता सपना पुत्री बल्देव, पत्नी अवधेश ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। राजू रैकवार ने कहा सपना की शादी 20 मई 2019 को हिंदू रीति-रिवाज से अवधेश पुत्र राजकुमार निवासी रामबिहार का पुरवा के साथ हुई थी। विवाह के समय लगभग दो लाख रुपये नगद सहित गृहस्थी का सामान दहेज में दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष लगातार कम दहेज का ताना देकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि पति अवधेश, ससुर राजकुमार, सास सियावती और देवर अमित अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। असमर्थता जताने पर उसे बार-बार प्रताड़ित किया गया। सपना ने बताया कि उसके दो छोटे बच्चे एक पुत्री हैं। पीड़िता के पिता के अनुसार 23 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी देते हुए उसका स्त्रीधन छीन लिया। इसके बाद उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता की तरफ से 27 अप्रैल को थाना कोतवाली अतर्रा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही प्रारंभ कर दिया है।

# सर्राफा व्यापारी के घर पहुंचकर विधायक ने मदद का दिया भरोसा



बांदा। बबेरू के क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव सरार्फा व्यापारी के घर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव ने घर पहुंच कर पीड़ित परिवार व बच्चों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया। कहा कि लचर कानून व्यवस्था के चलते बीच बाजार में घटना हुई है उसकी निंदा की जाती है। इस दौरान नगर अध्यक्ष दिलीप सोनी, फूल्लन सोनी, केके महंत, शिवाकांत प्रजापति, महेश कुमार सोनी, पुत्तन सिंह, अखिलेश पाल सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं विश्व हिंदू महासंघ के युवा प्रदेश महामंत्री आशीष सोनी की अगुवाई में पदाधिकारियो ने उपजिलाधिकारी अवनीश त्यागी के माध्यम से मुख्यमंत्री को तीन सूत्रीय मांग पत्र देकर कहा कि मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाई जाए। बेगुनाह की हत्या करने वालों को फांसी दी जाए। सरार्फा व्यापारी के परिवार की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। सरार्फा व्यापारी को शस्त्र लाइसेंस जारी किया जाए। इस दौरान शिवविलास शर्मा, अवधेशकृष्ण शास्त्री, विवेक सिंह, अंकित शर्मा, गुलशन, लखनबाबू गुप्ता अन्य मौजूद रहे।

# गेहूं क्रय केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

## सर्वर न चलने से अटका किसानों का पंजीयन



बांदा। जनपद में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिलाधिकारी अमित आसेरी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंडी स्थल पहुंचे। विभिन्न क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्रों पर क्रय प्रक्रिया, व्यवस्थाओं एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। किसानों ने उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर सत्यापन करने वाले कार्मिकों का नाम, पद एवं संपर्क विवरण स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर पारदर्शिता एवं सुगमता बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टोकन व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर भी जोर दिया, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े और क्रय प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुमार धर्मेंद्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रशिक्षु रेखा सियाक सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम सदर नमन मेहता को पत्र देकर कहा कि सदर तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल गेहूं बेचने के लिए दस दिन पूर्व किए आवेदन पर अपनी रिपोर्ट यह कहकर नहीं लगा रहे कि सर्वर नहीं चल रहा। सर्वर न चलने की जानकारी एसडीएम व अन्य अधिकारियों को नहीं दी जा रही। सैकड़ों किसानों की पत्रावली तहसील स्तर पर लेखपाल लंबित किए हैं।

# स्कूली वाहनों की गहनता से की गई जांच




महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में प्रभारी यातायात सुनील कुमार द्वारा मय यातायात पुलिस टीम के साथ सघन चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्कूली वाहनों की गहन जांच करते हुए आवश्यक सुरक्षा उपकरणों, वाहन की फिटनेस, ड्राइवर के वैध ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। जांच के दौरान पाए गए उल्लंघनों पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों एवं संबंधित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करते हुए सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि महोबा पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# नपाप के अतिक्रमण हटाओ अभियान पर उठे सवाल

ललितपुर। शहर में बुधवार को नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर अभियान के तहत सब्जी, फल, चाय की गुमटियों और छोटे ठेलों को हटाकर उनका सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर लिया गया, वहीं दूसरी ओर बड़े दुकानदारों द्वारा नालियों पर किए गए पक्के अतिक्रमण पर कार्रवाई न होने से भेदभाव के आरोप तेज हो गए हैं। अभियान के दौरान सावरकर चैक से कटरा बाजार मार्ग पर रोजाना 10 से 15 फीट तक फैले अतिक्रमण पर किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की नजर न पड ?ा स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। छोटे दुकानदारों का आरोप है कि प्रशासन केवल कमजोर वर्ग पर ही कार्रवाई कर रहा है, जबकि प्रभावशाली लोगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। सदर कांटा इलाके में अवैध रूप से लगाई गई सब्जी दुकानों पर जब कार्रवाई हुई, तो वहां मौजूद महिला दुकानदार ने नाराजगी जताते हुए नपा कर्मियों को चेतावनी तक दे डाली। इस दौरान कई छोटे दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू किया, लेकिन टीम ने मौके पर पहुंचकर जब्तीकरण की कार्रवाई तेज कर दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# सुम्मेरा तालाब पर म्यूजिकल फाउंटेन का उद् घाटन



ललितपुर। सुम्मेरा तालाब पर स्थापित म्यूजिकल फाउंटेन और मंदिर के पास घाट पर श्रद्धालुओं के लिए टीन शेड का उद्घाटन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने फीता काटकर इसे जनता को समर्पित किया। मौके पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र रावत, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, प्रदीप चैबे, श्रीकांत सहित कई गणमान्य व्यक्ति, पार्षदगण और शहर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि सुम्मेरा तालाब पर म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण शहर के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने नगर पालिका की इस पहल की प्रशंसा की। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने बताया कि सुम्मेरा तालाब लंबे समय से शहर की पहचान रहा है और अब यहां म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित होने से इसकी महत्ता और भी बढ़ गई है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्य शहर को नई पहचान देते हैं और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर को पोस्ट पेड मीटर में बदलने की मांग

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलैक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक कर जनपद में अधिक से अधिक औद्योगिक इकाईयों की स्थापना और उद्यमियों को उद्योग अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यमियों द्वारा उठायी गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और उन्हें उद्योगों के संचालन में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने एक-एक कर व्यापारियों से उनकी समस्यायें जानी, जिस पर व्यापार बंधु की बैठक के दौरान प्रदेश चेयरमेन महेन्द्र मयूर द्वारा शहर में लगाये गए स्मार्ट मीटरों से परेशान व्यापारी व आम विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या को उठाते हुए स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर को पोस्ट पेड मीटर में बदलने की मांग की, जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि विभागीय उच्च अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार उपभोक्ताओं की समस्या का निस्तारण कराया जाए। इसी प्रकार व्यापारी नेता ने भी विद्युत व पेयजल पाइपलाइन डालने हेतु खोदी गयी सड़कों को ठीक कराने व केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दिलाकर पात्र व्यापारियों को लाभान्वित किये जाने की अपील की।

# कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी को बतायी जनपद की महत्ता



बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस का शिष्टमंडल नवागंतुक जिलाधिकारी अमित आसेरी से मिला और सम्मान शाल ओढ़ाकर, बम्बेश्वर पर्वत पर विराजमान भगवान शंकर के चित्र को भेट कर अभिनंदित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद का अपना पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है बामदेव ऋषि की तपों भूमि के फलस्वरूप जनपद का नाम बांदा पड़ा। यह विराटपुरी के नाम से भी विश्वविख्यात रहा है। कालिंजर दुर्ग में तीनों युगों के प्रमाण मिलते है। वहीं केन नदी के किनारे भूरागढ़ दुर्ग 1857 की क्रांति का गवाह है। ब्रिटिश हुकूमत ने अनेक क्रांतिकारियों को एक साथ फांसी पर लटकाया गया था। वहां स्थित किले के अंदर का फांसी घर क्रांतिवीरों की शहादत को याद दिलाता है। जनपद के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को सुनकर जिलाधिकारी काफी गदगद हुए। कहा कि समय निकाल कर मैं इन स्थानों का भ्रमण अवश्य करूंगा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, जिला महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी, महासचिव शोएब रिज्वी, संतोष द्विवेदी, ईशु फैज खान आदि रहे।

# सेंसेक्स में 609 अंकों की उछाल



मुंबई। एशियाई बाजारों में मजबूती और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को घरेलू बाजार चढ़कर बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 182 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 609.45 अंक यानी 0.79 प्रतिशत उछलकर 77,496.36 अंक अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.6 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 181.95 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 24,177.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी लिमिटेड, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट देखी गई। प्रमुख वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी का शेयर सकारात्मक नतीजों के बाद 2.82 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14,679.5 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया है। बेहतर तिमाही नतीजों और घरेलू मांग की मजबूती ने घरेलू बाजार को भू-राजनीतिक तनाव से ध्यान हटाकर समर्थन देने का काम किया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.75 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.49 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार सूचकांकों में दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) खंड में सर्वाधिक 1.57 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 1.42 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 1.28 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.14 प्रतिशत की बढ़त रही। बाजार में तेजी के पीछे तिमाही नतीजों से जुड़ी उम्मीद और चुनिंदा प्रमुख कंपनियों में खरीदारी प्रमुख कारण रहे। हालांकि कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चले जाने से तेजी पर लगाम रही। वैश्विक स्तर पर ब्रेंट क्रूड 2.85 प्रतिशत बढ़कर 114.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कमजोर वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल के ऊंचे दाम के बावजूद निवेशकों ने गिरावट का फायदा उठाकर खरीदारी की। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,103.74 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,712.01 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

# रुपया 14 पैसे टूटकर 94.82 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 14 पैसे टूटकर 94.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह अब तक के अपने सबसे निचले स्तर के करीब है।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चा तेल लगभग 115 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जिससे भारत के आयात खर्च पर असर पड़ने की आशंका है। साथ ही, पश्चिम एशिया में जारी संकट और इसके व्यापक संघर्ष में बदलने की आशंकाओं ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशक अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत फैसले का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, इस साल अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली ने भी निवेश धारणा को कमजोर किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.79 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 94.86 के निचले स्तर तक गया। अंत में यह 94.82 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 53 पैसे की गिरावट के साथ 94.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये का सर्वकालिक निचला बंद स्तर 27 मार्च को 94.85 प्रति डॉलर दर्ज किया गया था। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) की लगातार निकासी और ऊंचे कच्चे तेल के दाम (ब्रेंट करीब 114 डॉलर प्रति बैरल) रुपये पर दबाव बनाए हुए हैं। ऊंचे तेल दाम से आयात बिल और मुद्रास्फीति का जोखिम बढ़ रहा है, जिससे रुपये में सुधार की संभावना सीमित हो रही है। रुपये में कमजोरी का रुझान बना हुआ है और जब भी इसमें उछाल आता है, तब भी बिकवाली का दबाव बना रहता है, जिससे यह ऊंचे स्तर पर टिक नहीं पाता। निकट अवधि में 94.40 रुपये प्रति डॉलर का स्तर पार करना कठिन हो सकता है, जबकि 95.25 रुपये प्रति डॉलर के आसपास यह और कमजोर हो सकता है। आने वाले समय में रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहेगा और इसकी दिशा कच्चे तेल की कीमतों तथा पूंजी के प्रवाह पर निर्भर करेगी।

# ईरान की मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर

एजेंसी

तेहरान। ईरान की राष्ट्रीय मुद्रा रियाल बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लुढ़क कर 18 लाख प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। यह गिरावट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष के बाद लागू युद्धविराम अभी भी बना हुआ है।

28 फरवरी से शुरू युद्ध के दौरान रियाल कई हफ्तों तक अपेक्षाकृत स्थिर रहा, क्योंकि देश में कारोबार और आयात गतिविधियां काफी सीमित थीं। हालांकि, दो दिन पहले रियाल में गिरावट शुरू हुई और बुधवार को यह रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि रियाल में यह गिरावट महंगाई को और बढ़ा सकती है, क्योंकि खाद्य पदार्थों, दवाइयों, इलेक्ट्रॉनिक्स और कच्चे माल जैसे कई आयातित उत्पाद डॉलर की दर से प्रभावित होते हैं। फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन अमेरिका की नाकाबंदी ईरान की पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा रही है। तेल निर्यात पर रोक या उसमें बाधा से सरकार की आय और विदेशी मुद्रा के प्रमुख स्रोत पर असर पड़ा है।

# सोना वायदा भाव में तेजी, चांदी में गिरावट



नयी दिल्ली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत बढ़कर 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 93 रुपये यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,50,120 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इसमें 9,067 लॉट का कारोबार हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर डॉलर और पश्चिम एशिया में लगातार जारी तनाव ने कीमती धातुओं को सहारा दिया, जबकि कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों ने इनकी और बढ़त को सीमित कर दिया। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में जून डिलीवरी वाला कॉमेक्स सोना वायदा 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,615.69 डॉलर प्रति औंस रहा। वहीं कच्चे तेल की कीमत में तेजी तथा डॉलर के मजबूत होने की चिंताओं के बीच वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी की कीमत 1,137 रुपये की गिरावट के साथ 2.36 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 1,137 रुपये यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,36,208 रुपये प्रति किलोग्राम रही। इसमें 2,020 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार, चांदी के जुलाई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 1,964 रुपये यानी 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,40,799 रुपये प्रति किलोग्राम रही। इसमें 6,868 लॉट का कारोबार हुआ। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स चांदी वायदा के मई डिलीवारी वाले अनुबंध की कीमत करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 72.67 डॉलर प्रति औंस रही।

# नवीकरणीय ऊर्जा से पूरी की एक तिहाई मांग

नयी दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बुधवार को कहा कि पिछले सप्ताह देश में रिकॉर्ड 256 गीगावाट से अधिक बिजली की मांग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा सौर, पवन और जलविद्युत जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा किया गया।

विद्युत मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार, 25 अप्रैल को देश में बिजली की अधिकतम मांग 256.11 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि 25 अप्रैल को उच्चतम मांग के दौरान कुल बिजली उत्पादन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि यह इस बात को दर्शाता है कि भारत न केवल नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करने में सक्षम है, बल्कि इसके जरिए उच्चतम बिजली मांग को संभालने में भी सक्षम है। मंत्री ने बताया कि भारत ग्रिड के आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी प्रौद्योगिकियों के उपयोग में निवेश कर रहा है। मेरा मानना है कि आने वाले दिनों में बिजली उत्पादन क्षमता में और वृद्धि होगी। विद्युत मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था, भारत ने 25 अप्रैल 2026 को अपराह्न तीन बजकर 38 मिनट पर 256.1 गीगावाट की अब तक की सर्वाधिक बिजली मांग को बिना किसी कमी के सफलतापूर्वक पूरा किया।

# केंद्र ने दिल्ली के लिए गेहूं खरीद में विशेष छूट दी



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि प्रतिकूल मौसम की स्थितियों के कारण केंद्र ने राजधानी में गेहूं की खरीद के गुणवत्ता मानक में विशेष में छूट दी है जो इसी सत्र से लागू होगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष प्रतिकूल मौसम के कारण गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है और ऐसे में किसानों की परेशानी कम करने और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर अपनी उपज बेचने से बचाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने 21 अप्रैल को केंद्र से मानकों में छूट का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि अनुरोध पर विचार करते हुए, केंद्र ने रबी विपणन सत्र (आरएमएस) 2026-27 के लिए पूरी दिल्ली के सभी जिलों में गेहूं खरीद के गुणवत्ता मानकों में विशेष छूट को मंजूरी दी है, जो इस सत्र की शुरुआत से ही लागू होगी। संशोधित व्यवस्था के तहत अब गेहूं में चमक की कमी को 70 प्रतिशत तक स्वीकार किया जाएगा। साथ ही, सिकुड़े और टूटे दानों की सीमा को पहले के छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक कर दिया गया है ताकि मौसम से प्रभावित फसल भी खरीद के दायरे में आ सके। उन्होंने कहा कि हालांकि गुणवत्ता का संतुलन बनाए रखने के लिए यह स्पष्ट किया गया है कि टूटे और हल्के टूटे दाने मिलाकर छह प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छूट के तहत खरीदे गए गेहूं का अलग भंडारण किया जाएगा और उसका पूरा हिसाब-किताब अलग से रखा जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह के गेहूं को प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार खरीदे गए गेहूं का उपयोग केवल दिल्ली में ही किया जाएगा, जससे स्थानीय खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर भंडारण के दौरान इस गेहूं की गुणवत्ता में कोई गिरावट आती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह निर्णय किसानों को राहत देने, उनकी मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित करने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पश्चिम एशिया संकट से महंगाई का जोखिम बढ़ा, मजबूत घरेलू मांग से मिल रहा सहारा

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष से आपूर्ति पक्ष को बड़ा झटका लगने से महंगाई, व्यापार और वित्तीय प्रवाह पर जोखिम बढ़ गया है। हालांकि मजबूत घरेलू मांग, नीतिगत समर्थन, सुदृढ़ वित्तीय प्रणाली और सार्वजनिक निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था को कुछ हद तक सुरक्षा मिलेगी।

वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही है। अप्रैल महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि लेकर लंबी अनिश्चितता देश की वृहद आर्थिक स्थिरता की मजबूती की परीक्षा ले सकती है। इसके साथ ही रिपोर्ट में अल नीनो के प्रभाव से इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका जताई गई है। ऐसा होने से अधिकांश जिलों में औसत से कम बारिश होने का अनुमान है। अल नीनो एक खास जलवायु स्थिति है, जिसमें प्रशांत महासागर का पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है, जिससे भारत में मानसून कमजोर पड़ जाता है। मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि इन परिस्थितियों में महंगाई, राजकोषीय घाटा और चालू खाते का घाटा बढ़ने का जोखिम है, जबकि आर्थिक वृद्धि पर दबाव पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूती के साथ कदम रख रहा था और वृद्धि दर 7-7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान था लेकिन पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से यह अनुमान प्रभावित हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति पक्ष से जुड़े झटके की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि बढ़ती कीमतों और आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने से मांग में कमी भी चिंता का विषय है। इसके साथ कंपनियों द्वारा बढ़ती लागत को उपभोक्ताओं पर डाले जाने से महंगाई भी बढ़ सकती हैं। इसका असर कच्चे माल से अंतिम उत्पाद बनाने वाले प्रसंस्करण और विपणन उद्योगों पर व्यापक रूप से पड़ेगा। इनके पेट्रोलियम क्षेत्र पर निर्भर होने से पूरी अर्थव्यवस्था में ही लागत का दबाव बढ़ सकता है। गैस आवंटन बढ़ाने, सीमा शुल्क में छूट और खरीफ सत्र के लिए पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी में करीब 12 प्रतिशत वृद्धि जैसे कदम उठाए हैं।

## संक्षेप

### आई.क्यू.ओ.एस को मोडिफाईड रिस्क टोबैको प्रोडक्ट के रूप में अधिकृत

नयी दिल्ली। एफडीए ने पीएमआई को मोडिफाईड रिस्क टोबैको प्रोडक्ट (एम.आर.टी.पी) के लिए पहले दी गई मंजूरी को दोबारा रिन्यू कर दिया है। कंपनी इस मंजूरी के तहत आई.क्यू.ओ.एस डिवाइस के दो संस्करण और टोबैको उपभोग्य उत्पाद के तीन वैरिएंट बनाती है, जो हीट्स ब्रांड के अंतर्गत बेचे जाते हैं। इन रिन्युअल द्वारा पीएमआई को उन 21 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों को कम जोखिम वाले संपर्क की जानकारी देते हुए इन उत्पादों को जानकारी साझा करने की अनुमतिमिल गई है, जो सिगरेट जैसे पारंपरिक तंबाकू उत्पाद का सेवन करते हैं। आई.क्यू.ओ.एस और हीट्स एम.आर.टी.पी अधिकारों का रिन्यूअल जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में उचित कदम है। इससे पूरी आबादी के स्वास्थ्य को लाभ होगा, जिनमें वो लोग भी शामिल हैं, जो तंबाकू उत्पाद का सेवन करते हैं, और वो भी शामिल हैं, जो वर्तमान में इनका सेवन नहीं करते। पीएमआई एकमात्र ऐसी कंपनी है, जिसने अमेरिका में हीटेड तंबाकू उत्पाद के लिए एम.आर.टी.पी अधिकार की मंजूरी प्राप्त की और उसे बनाकर रखा है। हमें विश्वास है कि हमारे विज्ञान पर आधारित विकल्प व्यस्क धूम्रपान करने वालों को पारंपरिक सिगरेट से दूर रहने में मदद कर सकते हैं। एफडीए का यह निर्णय आई.क्यू.ओ.एस के सपोर्ट में मजबूत वैज्ञानिक आधार तथा व्यस्क उपभोक्ताओं को धूम्रपानरहित विकल्प जिम्मेदारीपूर्वक प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

### रॉयल एनफील्ड ने पेश किया हैरिटेज कलेक्शन

नयी दिल्ली। रॉयल एनफील्ड ने अपना हैरिटेज कलेक्शन पेश किया। यह एक प्रीमियम लाईफस्टाईल वस्त्रों की रेंज है, जो ब्रांड की 125 सालों की विरासत को आधुनिक पहनावे में पिरो रही है। कंपनी की मोटरसाइक्लिंग और बुनियाद से प्रेरित इस कलेक्शन में आकर्शियल लोगो, बेहतरीन फैब्रिक्स और शानदार सिल्हूएट्स की मदद से ऐसे वस्त्र बनाए गए हैं, जो टिकाऊ भी हैं और उपयोगी भी इतिहास की बुनियाद पर शहर के लिए बनाया गया हैरिटेज कलेक्शन कारीगरी, उपयोगिता और शानदार डिजाइन की रॉयल एनफील्ड की फिलॉसफी पेश करता है। इन वस्त्रों की ड्यूरेबिलिटी, टैक्सचर और मूवमेंट बनाए रखने के लिए इनके निर्माण में कॉटन ट्विल, कैनवास ब्लेंड और स्ट्रेच होने वाले कपड़ों का उपयोग किया गया है, ताकि ये ब्रांड की व्यवहारिक प्रवृत्ति को बनाए रखते हुए आधुनिक जीवनशैली के लिए उपयुक्त हों।

### भरोसेमंद मोबाइल ब्रांड बना आईटेल

नई दिल्ली। आईटेल अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन और अन्य गैजेट्स के जरिए तकनीक को सबकी पहुंच में लाने के लिए जाना जाता है, साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) की ताजा रिपोर्ट द राइजिंग रोल ऑफ ड्यूरेबिलिटी, रिलायबिलिटी एंड अफोर्डेबिलिटी इन इंडियाज डिवाइस मार्केट₹ में शीर्ष स्थान पर रहा है। क्रॉस-सेगमेंट ड्यूरेबिलिटी परफॉर्मेंस के साथ-साथ पोर्टफोलियो की मजबूती और विविधता के आधार पर, आईटेल 10 हजार रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में 0.86 के प्रभावशाली ड्यूरेबिलिटी इंडेक्स के साथ शीर्ष ब्रांड बनकर उभरा, जबकि सैमसंग (0.79) और विवो (0.72) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 15 करोड़ के विशाल ग्राहक आधार के साथ आईटेल अब दुनिया के 80 से अधिक देशों में मौजूद है। टिकाऊपन हमारी हर चीज के निर्माण के केंद्र में है। हमारा मानना है कि सच्चा इनोवेशन सिर्फ इस बात से नहीं मापा जाता कि हम क्या बनाते हैं, बल्कि इस बात से भी मापा जाता है कि वह कितने समय तक टिकता है। हम सीएमआर से यह मान्यता पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो आईटेल के उत्पादों में टिकाऊपन और विश्?वसनीयता को फिर से साबित करती है। इस अध्ययन के नतीजे इस बात का मजबूत प्रमाण हैं कि हमने अलग-अलग कीमत बिंदुओं और उत्पाद श्रेणियों में अपने ब्रांड के वादे को कितनी निरंतरता से पूरा किया है। आईटेल के 81% उपयोगकर्ता ब्रांड को मजबूती और टिकाऊपन से जोड़ते हैं, 79% ने डिजाइन को सुविधाजनक पाया और 74% उपयोगकताओं ने ब्रांड को भरोसेमंद माना फीचर फोन सेगमेंट में ब्रांड ड्यूरेबिलिटी की धारणा में आईटेल 91% के साथ पहले स्थान पर रहा, इसके बाद एचएमडी 89% और लावा 86% पर रहे आईटेल ने कई श्रेणियों में सबसे अधिक ड्यूरेबिलिटी स्कोर में से एक दर्ज किया।

## पेज एक का शेष

### एग्जिट पोल

ने द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को 125 से 145 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। उसका अनुमान है कि राजग को 65 से 80 तथा अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) को 18 से 24 सीटें मिलेंगी। मैट्रिज के सर्वेक्षण में कहा गया है कि द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन 122 से 132 सीटों के साथ सत्ता बरकरार रख सकता है तथा अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग को 87 से 100 सीटें मिलने का अनुमान है। टीवीके को 10 से 12 हासिल हो सकती हैं। पुडुचेरी को लेकर ज्यादातर सर्वेक्षण का अनुमान है कि ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) की अगुवाई वाले राजग गठबंधन को बहुमत मिल सकता है। एक्सिस मॉय इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार, पुडुचेरी में राजग को 16 से 20 सीटें मिल सकती हैं, वहीं कांग्रेस और द्रमुक के गठबंधन को छह से आठ सीटें मिलने का अनुमान है। टीवीके को दो से चार सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। पीपुल्स प्लस के अनुसार, राजग को 16-18 सीटें मिल सकती हैं और कांग्रेस और द्रमुक को 10-12 सीटें मिल सकती हैं।

### बंगाल के

से अधिक थी। दो चरणों में कुल 93.24 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि पुरुष मतदान प्रतिशत 91.74 प्रतिशत रहा। आयोग ने कहा कि ये आंकड़े अस्थायी हैं और इसमें सेवा मतदाताओं और डाक मतपत्रों को शामिल नहीं किया गया है।

नदिया में 90.28 प्रतिशत, उत्तर 24 परगना में 89.74 प्रतिशत, दक्षिण 24 परगना में 89.57 प्रतिशत, हावड़ा में 89.44 प्रतिशत, उत्तर कोलकाता में 87.77 प्रतिशत और दक्षिण कोलकाता में 86.11 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शाम छह बजे तक मतदान जारी रहा। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने कहा कि मतदान के अंतिम आंकड़े पहले चरण में देखी गई रिकॉर्ड 93.19 प्रतिशत भागीदारी के करीब पहुंच सकते हैं या उसे पार कर सकते हैं। कोलकाता के भवानीपुर और दक्षिण 24 परगना के बसंती से लेकर नदिया के छपरा और हावड़ा के बल्ली तक, दिन भर बंगाल के जाने-माने चुनावी परिदृश्य के अनुरूप ही माहौल छाया रहा मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें, बूथ स्तर पर झड़पें और राजनीतिक खींचतान। इन सबके बीच, यह देखना बाकी है कि सत्ता-विरोधी लहर और मतदाता सूची में संशोधन से राज्य सचिवालय, नबन्ना में सत्ता के समीकरण में कोई बदलाव आएगा या नहीं।

### प्रधानमंत्री मोदी

शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) और खाद्य प्रसंस्करण केंद्र जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे निवेश आकर्षित होगा और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। यह एक्सप्रेसवे पूर्वांचल, आगरा-लखनऊ, बुंदेलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे सहित अन्य प्रमुख कॉरिडोर से भी जुड़ेगा, जिससे एक व्यापक अंतरसंपर्क तंत्र विकसित होगा। अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगी और उत्तर प्रदेश को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### गंगा एक्सप्रेसवे

आस्था एवं संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह से पहले आयोजित सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा,' राज्य के 12 जिलों के एक लाख से अधिक किसानों ने इस एक्सप्रेसवे के लिए अपनी जमीन दी। मैं उन सभी अन्नदाता किसानों का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से यह परियोजना साकार हो सकी। प्रधानमंत्री मोदी हरदोई के मल्लावां में आयोजित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने पहुंचे। यह एक्सप्रेसवे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है और उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरता है। मुख्यमंत्री ने कहा दिसंबर 2021 में रखी गई आधारशिला आज साकार हो चुकी है। यह एक्सप्रेसवे किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा प्रदेश की समृद्धि का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक बुनियादी ढांचे ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है। एक्सप्रेसवे के साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक्स हब विकसित किए जा रहे हैं, जो आवागमन को तेज करने के साथ निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। आदित्यनाथ ने कहा कि 'डबल इंजन सरकार' की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे न केवल परिवहन को सुगम बनाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के लिए लगभग 18,000 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है, जबकि एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने के लिए करीब 7,000 एकड़ भूमि अलग से चिह्नित की गई है। उन्होंने कहा,' यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित होगा और सड़क संपर्क, कृषि विपणन तथा क्षेत्रीय विकास को मजबूती प्रदान करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा। आदित्यनाथ ने कहा कि दिल्ली-मेरठ के बीच देश की पहली रैपिड रेल के उद्घाटन के साथ प्रधानमंत्री ने दूरियों को सिमटाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, इनलैंड वॉटरवेज, मेट्रो और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं राज्य की अपार संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे एक्सप्रेसवे केवल दूरी कम करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके साथ रक्षा क्षेत्र में विनिर्माण कॉरिडोर जैसी बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं भी जुड़ी हैं, जिससे ये अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था और संस्कृति के संरक्षण तथा प्रदेश की समग्र समृद्धि के सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

### उन्नाव में

टक्कर हो गई। टक्कर के बाद जीप की रफ्तार कम हो गई और पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने भी उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर पलट गई। उन्होंने बताया कि पीछे से आ रहा ट्रक चालक भी नियंत्रण खो बैठा और उसका वाहन जीप से टकराते हुए सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में जीप चालक रामधनी तथा अर्चना, सुनीता, ज्योति, गीता और एक अन्य महिला की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना में शुभ समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### प्रकृति संरक्षण

मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर आगे बढ़ रही है तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने कुमाऊं क्षेत्र में वन विकास निगम का नया क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने वन क्षेत्रों में स्वरोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने के लिए बी-बॉक्स योजना का प्रस्ताव मंत्रिमंडल में लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निगम कर्मचारियों के उन मेधावी बच्चों को सम्मानित किया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि वन विकास निगम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वैज्ञानिक तरीके से वन प्रबंधन, वन उपज का संतुलित उपयोग, इको-टूरिज्म को बढ़ावा, प्रमाणित लकड़ी की आपूर्ति और आरक्षित क्षेत्रों में गतिविधियों का नियमन जैसे कार्य निगम सफलतापूर्वक कर रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निगम केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि जंगलों के पुनर्जीवन में भी अहम योगदान दे रहा है। सूखे, गिरे और क्षतिग्रस्त पेड़ों को हटाकर नये वृक्षारोपण तथा हरित क्षेत्र विस्तार के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के लिए इको-टूरिज्म गतिविधियां चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने हिमकाष्ठ मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लकड़ी की बिक्री ऑनलाइन होगी और वन उत्पादों की ई-नीलामी प्रक्रिया भी पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएगी। इससे समय की बचत होगी और व्यवस्था अधिक सुगम बनेगी।

### लखनऊ में

प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग करेगा और आवास विकास परिषद मिलकर करेगी। लखनऊ की एआई सिटी को एक आत्मनिर्भर और स्मार्ट इकोसिस्टम के रूप में डिजाइन किया गया है। इसके मास्टरप्लान के तहत कुल क्षेत्रफल का 60 प्रतिशत हिस्सा 'कोर जोन' के रूप में आरक्षित होगा। इस क्षेत्र में हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई रिसर्च लैब्स, वर्ल्ड-क्लास डेटा सेंटर्स और स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर होंगे। शेष 40 प्रतिशत हिस्से में आधुनिक रेजिडेंशियल, कमर्शियल और सामाजिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे यहाँ काम करने वाले पेशेवरों को एक ही स्थान पर रहने, काम करने और मनोरंजन की सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने हाल ही में प्रदेश की जनता के नाम अपने पत्र 'योगी की पाती' में भी इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताई है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगी, बल्कि लखनऊ को दुनिया के टॉप-20 ग्लोबल एआई हब्स में शामिल करने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। यह परियोजना 'ग्रीन और सस्टेनेबल' मॉडल पर आधारित होगी। यहाँ बिजली से लेकर कचरा प्रबंधन तक की प्रणालियाँ एआई आधारित होंगी, जो ऊर्जा की बचत और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करेंगी। आईटी विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से न केवल डेटा साइंटिस्ट्स और इंजीनियर्स के लिए हजारों प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर अप्रत्यक्ष रोजगार के भी अपार अवसर सृजित होंगे। इस योजना के तहत यहां विश्वस्तरीय प्लग-एंड-प्ले बिजनेस पार्क विकसित कर वैश्विक निवेश, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को नई गति दी जाएगी। बिजनेस पार्क में वैश्विक निगमों के कार्यालय, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तथा संचालन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन पार्कों में रेडी-टू-ऑपरेट और प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी से विस्तार होगा। चयनित डेवलपर को योजना के तहत डीबीएफओटी की पूरी जिम्मेदारी उठानी होगी।

### दूध में मिलावट

अभिलेखों की जांच की गई। बुलंदशहर में 35 इकाइयों से 112 नमूने लिए गए और 503.5 मीट्रिक टन दूध व दुग्ध उत्पाद जब्त किए गए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 5.75 करोड़ रुपये है। सहारनपुर में 12 इकाइयों से 21 नमूने लिए गए और 782 बैग स्किम्ड मिल्क पाउडर जब्त किया गया।




# मुंबई ने हैदराबाद को दिया 244 रन का लक्ष्य

## सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने जड़ा तूफानी शतक, प्रफुल्ल हिंगे ने चटकाये दो विकेट



एजेंसी

मुंबई। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के तूफानी शतक और उनकी तीन अर्धशतकीय साझेदारियों से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट पर 243 रन बनाए। रिकेल्टन ने अपने करियर और मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 55 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 123 रन बनाने के अलावा विल जैक्स (46) के साथ पहले विकेट के लिए 93, नमन धीर (22) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान हार्दिक पंड्या (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की।

सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि इशान मलिंगा ने 29, नितीश कुमार रेड्डी ने 31 और साकिब हसन ने 39 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया। पंड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कलाई में चोट के कारण क्विंटन डिकॉक के बाहर होने पर मुंबई ने जैक्स और रिकेल्टन को पारी का आगाज करने का मौका दिया और दोनों ने पावर प्ले में 78 रन जोड़कर टीम को शानदान शुरुआत दिलाई।

रिकेल्टन ने हिंगे का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि जैक्स ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौके मारे। रिकेल्टन और जैक्स दोनों ने सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस पर भी दो-दो चौके मारे। जैक्स ने बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे पर दो छक्के और एक चौके से 16 रन बटोरे जबकि रिकेल्टन ने भी साकिब हुसैन पर दो छक्के और एक चौके से 18 रन जुटाए। कप्तान कमिंस ने इसके बाद गेंद नितीश कुमार रेड्डी को थमाई और उनकी पहली ही गेंद पर जैक्स ने विकेटकीपर इशान किशन को कैच थमा दिया।\जैक्स ने 22 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। रिकेल्टन ने नितीश पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर छक्के के साथ 23 गेंद में अर्धशतक जड़ा। सूर्यकुमार यादव (05) भी अगले ओवर में इशान मलिंगा की गेंद पर फाइन लेग पर अभिषेक शर्मा को कैच दे बैठे। लगातार ओवरों में विकेट गंवाने के बावजूद रिकेल्टन ने आक्रामक रुख जारी रखा। उन्होंने और नमन ने साकिब और कमिंस पर चौके मारे। रिकेल्टन ने दुबे पर लगातार दो छक्कों के साथ 12वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। नमन हालांकि हिंगे की गेंद को हवा में लहराकर दुबे के हाथों लपके गए। रिकेल्टन ने नितीश की लगतार गेंदों पर चौके और छक्के के बाद एक रन के साथ 44 गेंद में अपना पहला आईपीएल शतक पूरा किया जो टीम की ओर से सबसे तेज शतक है। पंड्या ने भी हिंगे की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ 16वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया लेकिन इसके बाद साकिब की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। उन्होंने 15 गेंद का समना करते हुए दो छक्के और इतने ही चौके मारे। फिर विल जैक्स ने तीसरी और चौथी बॉल पर लगातार दो चौके लगा दिए। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने पहले ओवर में 6 रन ही दिए।



# आरसीबी के सामने कड़ी परीक्षा होगी गुजरात टाइटंस की



अहमदाबाद। निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ मौजूदा चैंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने आठ मैचों में से छह में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेज़लवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है।

वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है। गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर है। उसके चोटी के तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने एक बार फिर अधिकतर रन बनाए हैं। वाशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अपनी काबिलियत साबित की है, जबकि शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। मध्य क्रम को मजबूती देने के लिए जेसन होल्डर को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इन दोनों टीम के बीच पिछले सप्ताह चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच खेला गया था जिसमें आरसीबी ने 206 रन का लक्ष्य सात गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया था। गुजरात टाइटंस की टीम अभी तक अपने घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने में नाकाम रही है।

उसने मोटेरा में खेले गए तीन मैचों में से दो मैच गंवाए हैं। आरसीबी इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।

इंग्लैंड के अपने साथी खिलाड़ी फिल साल्ट की चोट के कारण पिछले दो मैच में खेलने वाले जैकब बेथेल कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज गुरुवार को विराट कोहली के साथ पारी का आगाज करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगा। बेथेल ने टी20 विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था और वह किसी भी समय अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं इसलिए गुजरात टाइटंस को किसी तरह के मुगालते में नहीं रहना चाहिए। आरसीबी ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को करारी शिकस्त दी थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा। दिल्ली में मिली बड़ी जीत के बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा था, अपनी दिनचर्या का पालन करना बहुत जरूरी है क्योंकि अभी लंबा सफर तय करना है, लेकिन मुझे लगता है कि हम एक-एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि हमारा कोई ना कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

## संक्षेप

### चैंपियनशिप : भारतीय भारोत्तोलकों का शानदार प्रदर्शन जारी

नयी दिल्ली। भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप एवं यूनिवर्सल कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को समोआ के अपिया में तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। बेलाना हरिका ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर चैंपियनशिप के 69 किग्रा भार वर्ग में कुल 197 किग्रा (86 111 किग्रा) वजन उठाकर दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। करंगी तरंगिनी ने 179 किग्रा (79 100 किग्रा) और भूमिका मोहिते ने 195 किग्रा (109 86 किग्रा) वजन उठाकर 63 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। यूनिवर्सल कप में अभिषेक निपाने ने कुल 324 किग्रा (140 184 किग्रा) भार उठाकर 88 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारतीय भारोत्तोलकों ने चार स्वर्ण पदक जीते थ

### हमने वास्तविकता का सामना किया पहली हार के बाद हताश नहीं : होप्स

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में उनकी टीम की पहली हार से उसे वास्तविकता का पता चला लेकिन स्पष्ट किया कि इससे टीम के अंदर किसी तरह की निराशा नहीं है। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले वह प्रतियोगिता की एकमात्र अजेय टीम थी। होप्स ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा यह वास्तविकता का सामना करने जैसा है। हम शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हम मैच जीत रहे हैं और यह बहुत अच्छा है। हर कोई खुश है और माहौल अब भी बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा यह हमारा आठवां मैच था और यह हमारी पहली हार है। हमारे ड्रेसिंग रूम में किसी तरह की निराशा का माहौल नहीं है। पंजाब किंग्स का अगला मैच रविवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से होगा और होप्स ने कहा कि उनका ध्यान छोटी-मोटी कमियों को दूर करने पर होगा। उन्होंने कहा आप आईपीएल में बिना कोई मैच हारे आगे नहीं बढ़ सकते। अब हमारे पास गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच खेलने से पहले कुछ दिन का समय है और इससे हमें फिर से एकजुट होने में मदद मिलेगी।

# मुंह ढककर बहस करने पर खिलाड़ी को मिल सकता है लाल कार्ड

एजेंसी

वैंकूवर। चैंपियंस लीग मैच के दौरान विनीसियस जूनियर के खिलाफ की गई कथित नस्लीय टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संघ बोर्ड (आईएफएबी) ने एक नए नियम को मंजूरी दी है जिससे खिलाड़ियों को दूसरे खिलाड़ी से मौखिक बहस करते समय मुंह ढकने पर लाल कार्ड से दंडित किया जाएगा। ब्रिटिश कोलंबिया के वैंकूवर में मंगलवार को हुई बैठक में आईएफएबी ने सर्वसम्मति से इस नियम को मंजूरी दी। यह नियम 11 जून से शुरू होने वाले विश्व कप फुटबॉल में लागू होगा।

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने इस नियम का प्रस्ताव तब रखा था जब रियाल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर ने फरवरी में चैंपियंस लीग मैच के दौरान बेनफिका के जियानलुका प्रेस्टियानी पर मुंह ढककर नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने पिछले सप्ताह प्रेस्टियानी पर छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था। अगर प्रेस्टियानी को अर्जेंटीना की विश्व कप टीम में चुना जाता है तो उन्हें पहले दो मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। इस प्रतिबंध के खिलाफ हालांकि अपील की जा सकती है।

आईएफएबी ने बयान में कहा किसी विरोधी खिलाड़ी के खिलाफ बहस के दौरान मुंह ढकने वाले किसी



भी खिलाड़ी को लाल कार्ड से दंडित किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के नियम तय करने वाली संस्था ने यह भी घोषणा की कि रेफरी के फैसले के विरोध में मैदान छोड़ने वाले किसी भी खिलाड़ी को लाल कार्ड दिखाया जा सकता है। यह नियम उन टीम अधिकारियों पर भी लागू होगा जो खिलाड़ियों को मैदान छोड़ने के लिए कहते हैं। आईएफएबी ने कहा कि इन संशोधन के बारे में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में भाग लेने वाली सभी 48 टीमों को बता दिया जाएगा। इसके साथ ही फीफा ने विश्व कप के पीले कार्ड संबंधी नियमों में बदलाव किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महत्वपूर्ण मैचों के लिए कम खिलाड़ियों को निलंबित किया जाए।

नए नियम के अनुसार विश्व कप के दौरान किसी खिलाड़ी को मिला पीला कार्ड दो बार उसके रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। फीफा ने एक बयान में कहा, फीफा परिषद ने फीफा विश्व कप 2026 के नियमों में एक संशोधन किया है, जिसके अनुसार किसी खिलाड़ी को ग्रुप चरण में मिला एक पीला कार्ड नाकआउट चरण में मान्य नहीं होगा। इसी तरह से क्वार्टर फाइनल में मिला एक पीला कार्ड अगले मैचों के लिए मान्य नहीं होगा। विश्व कप में इससे पहले यदि किसी खिलाड़ी को दो अलग-अलग मैचों में पीला कार्ड दिखाया जाता था तो उसे एक मैच का प्रतिबंध झेलना पड़ता है।

### दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का निधन

नयी दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का उनके गृह नगर लखनऊ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। इंडियन ओपन 2002 के विजेता और चार बार के ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन विजय भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित खिलाड़ियों में से एक थे। विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के रूप में करियर शुरू किया। उन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा और इस दौरान कई खिताब जीते। इंडियन ओपन 2002 में उनकी जीत विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वह इंडियन ओपन जीतने वाले नौ भारतीय गोल्फरों में से एक हैं। विजय ने 1999 में स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में अल्फ्रेड डनहिल कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव ने विजय कुमार के निधन को भारतीय गोल्फ के लिए बड़ी क्षति बताया। कपिल ने कहा, विजय कुमार भारतीय गोल्फ के महान खिलाड़ियों में से एक थे। अपनी उपलब्धयों, विनम्रता और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें गोल्फरों की कई पीढ़ियों के लिए एक आदर्श बना दिया।

# कोठारी ने आडवाणी को हराकर विश्व बिलियर्ड्स खिताब बरकरार

एजेंसी

कारलो (आयरलैंड)। भारत के सौरव कोठारी ने यहां एकतरफा फाइनल में हमवतन पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। कोलकाता के खिलाड़ी ने तीन घंटे तक चले फाइनल में 19 बार के चैंपियन आडवाणी को 1133-477 से हराया। कोठारी ने लगातार अच्छे ब्रेक बनाए।

उन्होंने 485, 121, 90, 241 और 155 के ब्रेक बनाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। कोठारी ने फाइनल के बाद अपनी जीत को अपने पिताजी मनोज कोठारी को समर्पित किया जिनका इस साल के शुरू में निधन हो




गया था। उन्होंने कहा मैं अपने पिताजी के लिए इस प्रतियोगिता को दोबारा जीतना चाहता था। यह जीत मैं अपने पिताजी को समर्पित करता हूं। कोठारी ने कहा विश्व खिताब जीतना वाकई अविश्वसनीय लगता है और उसका बचाव करना तो और भी खास है।

### एसएलसी प्रशासन का कार्यभार संभालेगी श्रीलंका सरकार

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और कार्यकारी समिति के इस्तीफे के बाद बोर्ड का प्रशासन अपने हाथ में लेने का फैसला किया। श्रीलंका क्रिकेट के प्रमुख सिल्वा और अन्य पदाधिकारियों ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने वित्तीय अनियमितताओं के बढ़ते आरोपों के बाद उनके आपसी सहमति से पद छोड़ने का समझौता कराया था। श्रीलंका के खेल मंत्री सुनील कुमारा गमागे ने एक विज्ञप्ति में कहा, 1973 की खेल कानून की संख्या 25 की धारा 31 और 34 के तहत प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीलंका क्रिकेट के सभी प्रशासनिक कार्यों को अस्थायी रूप से खेल मंत्रालय के अधीन लाया जाएगा।

### बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में नहीं खेलकर बड़ी गलती की, भारत के साथ सीरीज से रिश्ते सुधरेंगे : शाकिब

मुंबई। पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने इस साल की शुरुआत में भारत में हुए टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर रहने को एक बड़ी गलती करार किया और उम्मीद जताई है कि अगर दोनों टीम कुछ श्रृंखला खेलती हैं तो उनके बीच क्रिकेट के रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। बांग्लादेश ने अपने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से बाहर किए जाने के बाद टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा नहीं किया था जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका ने मिलकर की थी। जिसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया।

# बांग्लादेश व न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी20 बारिश की भेंट चढ़ा



एजेंसी

चटगांव। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को यहां होने वाला दूसरा टी20 क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। काफी इंतजार करने के बावजूद बारिश के रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही थी जिसके बाद मैच रद्द करने का फैसला किया गया। पहले मैच में छह विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। श्रृंखला का अंतिम मैच मीरपुर में शनिवार से खेला जाएगा। बांग्लादेश ने इससे पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में उनकी टीम की पहली हार से उसे वास्तविकता का पता चला लेकिन स्पष्ट किया कि इससे टीम के अंदर किसी तरह की निराशा नहीं है। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच से पहले वह प्रतियोगिता की एकमात्र अजेय टीम थी। होप्स ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, यह वास्तविकता का सामना करने जैसा है। हम शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हम मैच जीत रहे हैं और यह बहुत अच्छा है। हर कोई खुश है और माहौल अब भी बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा यह हमारा आठवां मैच था और यह हमारी पहली हार है। हमारे ड्रेसिंग रूम में किसी तरह की निराशा का माहौल नहीं है। पंजाब किंग्स का अगला मैच रविवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से होगा और होप्स ने कहा कि उनका ध्यान छोटी-मोटी कमियों को दूर करने पर होगा। उन्होंने कहा आप आईपीएल में बिना कोई मैच हारे आगे नहीं बढ़ सकते।

### आईपीएल में गेंदबाजों के लिए आक्रामकता और सही रवैया काम कर रहा है : जहीर

मुंबई। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने आईपीएल 2026 में बल्लेबाजों के आक्रामक खेल के बावजूद गेंदबाजों के लगातार बेहतर प्रदर्शन का श्रेय उनकी आक्रामक सोच और सही रणनीतियों को दिया। बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बीच अकील हुसैन (17 रन पर चार विकेट), मोहसिन खान (23 रन पर पांच विकेट), जोश हेजलवुड (12 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (पांच रन पर तीन विकेट) जैसे गेंदबाजों ने पिछले एक हफ्ते में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। जहीर ने ईयू टी20 बेल्जियम की जर्सी के अनावरण के मौके पर संवाददाताओं से कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में गेंदबाज अब वापसी कर रहे हैं।



### कोच के तौर पर सफलता के लिए खिलाड़ियों के साथ भरोसा और संवाद जरूरीः सरफराज



कराची। पाकिस्तान की टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच सरफराज अहमद ने बुधवार को कहा कि एक सफल कोच बनने के लिए खिलाड़ियों के साथ आपसी भरोसा और स्पष्ट संवाद बहुत जरूरी है। चैंपियन्स ट्रॉफी 2017 जीतने वाले कप्तान सरफराज की पहली श्रृंखला आठ मई से बांग्लादेश में होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला होगी। यह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पाकिस्तान की दूसरी श्रृंखला है। कोच के तौर पर अपने कम अनुभव के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में सरफराज ने कहा, तकनीकी बातें बाद में आती हैं। जरूरी यह है कि एक कोच का अपने खिलाड़ियों के साथ ऐसा रिश्ता हो कि वे समझ सकें कि वह क्या चाहता है और साथ ही वे इतने सहज हों और उस पर इतना भरोसा करते हों कि उसके साथ बैठकर किसी भी चीज पर बात कर सकें।

### रवैये में किसी रणनीतिक बदलाव की जरूरत नहीं : पार्थिव

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स के शीर्ष क्रम को आईपीएल की कुछ अन्य टीम की तरह आक्रामक तेवर नहीं दिखाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा है लेकिन सहायक कोच पार्थिव पटेल ने टीम की सोच में किसी भी बदलाव की संभावना से इनकार किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर होने वाले दूसरे चरण के मैच से पहले पार्थिव को याद दिलाया गया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में 13 ओवर से भी कम समय में 128 रन की सलामी साझेदारी के बावजूद टाइटन्स की टीम सिर्फ 205 रन ही बना पाई थी और फिर एक ओवर से अधिक शेष रहते मैच हार गई थी। सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन 57 गेंद में शतक बनाने के लिए सवालों के घेरे में आ गए थे। आज के दौर में इसे धीमा माना जाता है, विशेषकर जब हम वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्य और अभिषेक शर्मा जैसे अन्य सलामी बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट देखते हैं। मैच की पूर्व संध्या पर भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें कोई खास रणनीतिक बदलाव करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं और जिस तरह से मैच में उतर रहे हैं।

# रियान पराग विवादों में घिरे

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में वेपिंग (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है याऔर उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया सकता है।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। पराग ने अपनी टीम की जीत में 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड




(बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया। आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्वाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था। आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा।

# रूस के एक और तेल संयंत्र में आग लगी

## यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने किया यूक्रेन की युद्ध क्षमता का बखान



कीव। रूस के भीतर स्थित एक अन्य तेल संयंत्र में बुधवार को आग लग गई, जिसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि यह उनके देश द्वारा किया गया लंबी दूरी का नवीनतम ड्रोन हमला है।

रूसी मीडिया के अनुसार, यह तेल प्रतिष्ठान रूस के पर्म क्षेत्र में, यूराल पर्वत श्रृंखला में यूक्रेन से 1,500 किलोमीटर (900 मील) से अधिक दूर स्थित है। कुछ अपुष्ट खबरों में कहा गया है कि यह एक पंपिंग स्टेशन और भंडारण परिसर है। पर्म के गवर्नर दिमित्री माखोनिन ने केवल इतना कहा कि एक ड्रोन ने एक औद्योगिक परिसर पर हमला किया, जिससे आग लग गई। रूसी अधिकारी यूक्रेन के उन दावों पर खुलकर जवाब नहीं दे रहे हैं कि कीव अधिक लंबी दूरी के हमले कर रहा है और उसके द्वारा घरेलू स्तर पर विकसित ड्रोन तेजी से अधिक सटीक होते जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच चार साल से अधिक समय से जारी युद्ध में उन्नत ड्रोन प्रौद्योगिकी एक निर्णायक विशेषता बन गई है। जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक शहरी क्षेत्र के पास ग्रामीण इलाके में आसमान में काले धुएं का एक बड़ा गुबार उठता दिखाई देता है। यह स्पष्ट किए बिना कि यह पर्म पर हुआ हमला है या किसी और जगह पर हुआ हमला है, जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन लंबी दूरी के अपने हमलों का दायरा बढ़ा रहा है। उन्होंने इसे रूस की युद्ध छेड़ने की क्षमता को सीमित करने के प्रयासों का एक नया चरण बताया, ताकि उसे महत्वपूर्ण तेल राजस्व से वंचित किया जा सके। वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं हो पाया। जेलेंस्की ने हमलों की सटीकता के लिए यूक्रेन की सुरक्षा सेवा को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा सीधी रेखा में दूरी 1,500 किलोमीटर से अधिक है। हम इन सीमाओं को बढ़ाते रहेंगे। यह हमला यूक्रेन द्वारा काला सागर में स्थित तुआपसे तेल रिफाइनरी और टर्मिनल पर दो सप्ताह से भी कम समय में तीसरी बार हमला किए जाने के एक दिन बाद हुआ। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसकी हवाई रक्षा प्रणाली ने रात भर में रूसी क्षेत्रों और क्रीमिया के ऊपर 98 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

# अमेरिकी पासपोर्ट के सीमित संस्करण पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर होगी



वाशिंगटन। अमेरिका का विदेश मंत्रालय जुलाई में देश की आजादी की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पासपोर्ट का एक सीमित संस्करण जारी करने की तैयारी कर रहा है जिसपर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के संस्थापकों की तस्वीर होंगी। ये विशेष पासपोर्ट केवल उन्हीं लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे, जो वाशिंगटन पासपोर्ट एजेंसी में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगे।

विदेश मंत्रालय ने सीमित संस्करण के पासपोर्ट की तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की। पासपोर्ट पुस्तिका खोलते ही बाएं पृष्ठ पर ट्रंप की तस्वीर है, जिसके चारों ओर स्वतंत्रता घोषणापत्र के अंश और अमेरिकी ध्वज अंकित है, साथ ही राष्ट्रपति के सुनहरे हस्ताक्षर भी हैं। इसके सामने वाले पृष्ठ पर स्वतंत्रता घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करते हुए राष्ट्र संस्थापकों की प्रसिद्ध पेंटिंग अंकित की गई है। पासपोर्ट के इस विशेष संस्करण को इस साल गर्मी में जारी किया जाएगा। यह ट्रंप प्रशासन के व्यापक अमेरिका250 उत्सव का हिस्सा हैं, जिसमें अगस्त में राष्ट्रीय स्मारक (नेशनल मॉल) में एक ग्रां प्री रेस और जून में व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में एक यूएफसी फाइट भी शामिल है। अक्टूबर में, अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, वित्त विभाग ने ट्रंप की छवि वाला एक डॉलर का सिक्का जारी करने का प्रस्ताव रखा था। अमेरिकी कोषाध्यक्ष ब्रैंडन बीच के मुताबिक सिक्के के एक तरफ ट्रंप की तस्वीर के साथ-साथ लिबर्टी , इन गॉड वी ट्रस्ट और 1776-2026 शब्द अंकित होंगे।

सिक्के के दूसरे हिस्से में ट्रंप को अमेरिकी झंडे के सामने दाहिनी मुट्ठी भींचे हुए खड़े दिखाया जाएगा और उस पर फाइट फाइट फाइट शब्द लिखा होगा। यह नारा पेंसिल्वेनिया के बटलर में 2024 में ट्रंप की चुनावी रैली में उनपर हुए जानलेवा हमले के बाद उनके द्वारा लगाए गए नारे को संदर्भित करता है।

## संक्षेप

### दुर्गेश पाठक का भी न्यायमूर्ति शर्मा के सामने पेश होने से किया इनकार

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बाद पार्टी नेता दुर्गेश पाठक ने भी दिल्ली उच्च न्यायालय में आबकारी घोटाला मामले की सुनवाई में न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है। पाठक ने न्यायमूर्ति शर्मा को एक पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि वह सुनवाई के सिलसिले में केजरीवाल की ओर से जताई गई चिंताओं से सहमत हैं। केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा पर हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए घोषणा की है कि वह आबकारी मामले की सुनवाई में व्यक्तिगत स्तर पर या किसी वकील के माध्यम से हिस्सा नहीं लेंगे। पाठक, सिसोदिया और केजरीवाल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दायर उस पुनर्विचार याचिका में पक्षकार हैं, जिसमें आबकारी नीति मामले में उन्हें आरोपमुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती गई है। पाठक ने पत्र में कहा, यह पत्र उस पुनर्विचार याचिका के सिलसिले में है, जो वर्तमान में इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है। आप नेता ने लिखा कि उन्होंने केजरीवाल के 27 अप्रैल के पत्र को पढ़ने के बाद यह फैसला लिया।

# कोलंबो अपतटीय क्षेत्र में नौसैनिकों ने गहरे समुद्र में गोताखोरी की

नयी दिल्ली। भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं के कर्मियों ने कोलंबो अपतटीय क्षेत्र में पानी के नीचे खोज, बचाव और राहत कार्यों में संयुक्त क्षमताओं में वृद्धि पर केंद्रित द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास के तहत गहरे समुद्र में गोताखोरी की।

दोनों देशों ने 21 से 28 अप्रैल तक कोलंबो में आयोजित द्विपक्षीय गोताखोरी अभ्यास डाइवेक्स के चौथे संस्करण के माध्यम से अपनी बढ़ती समुद्री साझेदारी की पुष्टि की। भारतीय नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, दोनों नौसेनाओं के गोताखोरों ने 55 मीटर से अधिक की गहराई में सफलतापूर्वक गोताखोरी की, जिससे पानी के नीचे खोज, बचाव और राहत कार्यों में संयुक्त क्षमताओं में वृद्धि हुई, साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में समन्वय को मजबूत किया गया। अधिकारी ने कहा कि यह अभ्यास महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) की दृष्टि के अनुरूप निरंतर द्विपक्षीय सहयोग और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता तथा सुरक्षा के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# बंगाल चुनाव में केंद्रीय बल भाजपा की मदद कर रहे : ममता बनर्जी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों के लिए तैनात केंद्रीय बल भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं और दावा किया कि राज्य में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं कराए जा रहे हैं।

भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में मतदान करने के बाद ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर तीखा हमला बोला। बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनके पार्टी कार्यकर्ताओं और पोलिंग एजेंटों को डराया-धमकाया जा रहा है और उन्हें मतदान केंद्रों से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बलों द्वारा किए जा रहे अत्याचार अभूतपूर्व हैं। जो कुछ हो रहा है वह किसी भी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों को उनके संवैधानिक कर्तव्य निभाने के बजाय पक्षपातपूर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिए बिना कहा कि केंद्रीय बलों को देश की सीमाओं की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे एक विशेष पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। बनर्जी ने कई निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों पर मतदाताओं और तृणमूल कार्यकर्ताओं को परेशान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने पूछा, केंद्रीय बल आम लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं। यह लोकतंत्र का घोर दमन है। क्या यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का उदाहरण है? बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। बनर्जी ने आरोप लगाया, उन्होंने हमारे कई कार्यकर्ताओं पर हमला किया है और हमारे मतदान एजेंटों को बूथ छोड़ने के लिए मजबूर किया है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का दौरा किया था, जिनमें चेतला, पद्मपुकुर और चक्रबेरिया इलाके शामिल हैं। यह दौरा स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं से कथित धमकी और अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद किया गया।

# दिल्ली सरकार गायों के कल्याण के लिए योजना बना रही है: सीएम रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार गौशालाओं को रिज वन से जोड़ने के लिए एक वैज्ञानिक योजना पर काम कर रही है ताकि शहर की गायें सड़कों पर घूमने के बजाय प्राकृतिक परिवेश में रह सकें।

उत्तरी दिल्ली के किशनगंज गौशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि सरकार ने शहर भर के 13 जिलों में गौशालाएं स्थापित करने के लिए भूमि की पहचान भी कर ली है और इनमें से प्रत्येक गौशाला में बायोगैस संयंत्र, सौर ऊर्जा संयंत्र और पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गुप्ता ने घोषणा की कि एक एकड़ भूमि में फैली गौशाला को जिले में चिन्हित स्थानों में से एक पर स्थानांतरित किया जाएगा जिसमें लगभग 2000 गायें हैं। उन्होंने कहा कि नई गौशाला पांच एकड़ से अधिक भूमि में फैली होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हम गौशालाओं को रिज के वन क्षेत्रों से जोड़ने के लिए एक वैज्ञानिक योजना पर काम कर रहे हैं, ताकि गायें प्राकृतिक वातावरण में स्वतंत्र रूप से रह सकें। मुख्यमंत्री ने गौ कल्याण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद एक सप्ताह के भीतर गौशालाओं के लिए लंबित 20 करोड़ रुपये का अनुदान जारी कर दिया था और इस साल अतिरिक्त 24 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया गया है। गुप्ता ने अपनी सरकार की कई अन्य पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले शहर में कोई बायोगैस संयंत्र नहीं था, जिसके कारण गोबर नालियों में बहकर यमुना के पानी में मिल जाता था।

# निर्यात में अब तक मजबूत वृद्धि: गोयल

एजेंसी



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद अप्रैल के पहले तीन हफ्तों में देश के निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। गोयल ने यह भी कहा कि भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन देंगे।

गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि इस साल अप्रैल के पहले तीन हफ्तों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में निर्यात में वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति के बावजूद घरेलू निर्यातकों में काफी उत्साह है। पश्चिम एशिया को निर्यात के बारे में उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य चुनौती बना हुआ है, इसलिए माल भेजने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग किया जा रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि करीब एक सप्ताह पहले हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हमारा प्रतिनिधिमंडल लौट आया है और बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ), ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस और ओमान के साथ व्यापार समझौते अंतिम रूप दे चुकी है। गोयल ने कहा कि करीब 12 अन्य समझौते भी प्रक्रिया में हैं। भारत इजराइल, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और कनाडा के साथ भी व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) पर मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में यह लगभग 87-90 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान कुल एफडीआई प्रवाह 73.31 अरब डॉलर रहा।

## इंटरटेनमेंट...

# सेंसर ने मामूली बदलावों से पास की 'राजा शिवाजी'




**मुंबई।** रितेश देशमुख जल्द ही फिल्म 'राजा शिवाजी' में नजर आएंगे। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म ने अपना सेंसर प्रोसेस पूरा कर लिया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। मराठी वर्जन की अवधि 195.05 मिनट है, यानी लगभग 3 घंटे 15 मिनट 5 सेकंड। हालांकि सेंसर बोर्ड ने फिल्म में कुछ बदलावों के साथ मंजूरी दी है।

मेकर्स को डिस्क्लेमर को और स्पष्ट करने और उसमें वॉइसओवर जोड़ने के निर्देश दिए गए। साथ ही फिल्म के टाइटल 'राजा शिवाजी' को लेकर भी स्पष्टीकरण देने को कहा गया। ऐतिहासिक संदर्भों के लिए जरूरी दस्तावेज और स्क्रिप्ट भी जमा करने के निर्देश मिले हैं। इसके अलावा सभी प्रमुख घटनाओं की तारीखें जोड़ने और ऐतिहासिक घटनाओं के लिए टेक्स्ट स्लेट्स लगाने को भी कहा गया। फिल्म में केवल 2 छोटे बदलाव किए गए हैं, एक सीन में बच्चे के गले पर वार वाले हिस्से को बदला गया और कुछ म्यूट विजुअल्स में ऑडियो जोड़ा गया। वहीं दूसरी ओर बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख, बागेश्वर बाबा के उस बयान पर भड़क गए, जिसमें उन्होंने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज युद्ध से थककर जिम्मेदारियां छोड़ना चाहते थे। अब एक्टर ने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा है कि ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि विवाद बढ़ने पर बागेश्वर बाबा ने माफी मांग ली है।

नागपुर में आयोजित एक इवेंट में बागेश्वर बाबा ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर बयान देते हुए कहा, शिवाजी महाराज युद्ध से थककर अपनी जिम्मेदारियां छोड़ना चाहते थे। वो अपने गुरू समर्थ रामदास के पास मुकुट लेकर पहुंचे थे। बयान सामने आने के बाद से बागेश्वार बाबा की जमकर आलोचना की जाने लगी।

# फिल्म 'डुग डुग' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'डुग डुग' सिनेमाघरों में 8 मई 2026 को रिलीज होगी। ऋत्विक प्रतीक निर्देशित फिल्म 'डुग डुग' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह एक सटायर और कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म को ऋत्विक प्रतीक ने ही लिखा है। इस फिल्म को अनुराग कश्यप, निखिल आडवाणी, विक्रमादित्य मोटवानी और वसन बाला जैसे फिल्ममेकर बातौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सपोर्ट कर रहे हैं। 'डुग डुग' का ट्रेलर की शुरूआत एक एक्सीडेंट से होती है, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो जाती है। बाइक को पुलिस वाले एक जगह खड़ा कर देते हैं लेकिन वह बाइक पहली वाली लोकेशन पर चली जाती है। पेट्रोल निकालने के बाद भी यही स्थिति बनी रहती है। अब इस बाइक को ही गांव वाले पूजन लगते हैं, उस मृत को ही चमत्कार की तरह देखने लगते हैं।

> कॉमेडी और सटायर अंदाज में बनी कहानी को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में खूब सराहा गया

इस कहानी को कॉमेडी और सटायर अंदाज में डायरेक्टर ने दिखाया है। बता दें कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है। कब होगी फिल्म रिलीज? फिल्म 'डुग डुग' सिनेमाघरों में 8 मई 2026 को रिलीज होगी।

इस फिल्म में अल्ताफ खान, गौरव सोनी, योगेंद्र सिंह और दुर्गा लाल सैनी जैसे कलाकार मुख्य किरदार निभा रहे हैं।

# साउथ एक्ट्रेस पर लगे धोखाधड़ी के आरोप

मुंबई। साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस और बिग बॉस तेलुगु की कंटेस्टेंट रह चुकीं आशु रेड्डी के खिलाफ हाल ही में हैदराबाद में धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि एक्ट्रेस ने एक एनआरआई से 9.35 करोड़ की ठगी की है। चर्चा में आने के बाद अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर रहा है कि वो अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन लेंगीं। आशु रेड्डी ने हाल ही में आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा, मेरी अनुमति के बिना जो भी खबर या गलत जानकारी फैल रही है, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सम्मान रखें।

# फेमिना मिस इंडिया 2026 की विनर : साध्वी सतीश



**मुंबई।** भुवनेश्वर में आयोजित 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 में गोवा की साध्वी सतीश सैल ने 'मिस इंडिया वर्ल्ड 2026' का ताज अपने नाम किया, जबकि महाराष्ट्र की राजनंदिनी पवार फर्स्ट रनर-अप और डॉ. श्री अद्वैता सेकंड रनर-अप रहीं हैं। तीनों विजेताओं ने बातचीत में अपनी जर्नी, चुनौतियों और आगे के प्लान साझा किए हैं।

> अब इंटरनेशनल लेवल पर भारत को रिप्रेजेंट करने की तैयारी, 'धुरंधर' देखने की इच्छा जताई

उन्होंने बताया कि यह सफर सिर्फ एक खिताब तक सीमित नहीं, बल्कि खुद को बेहतर बनाने का अनुभव रहा है। साथ ही इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर भारत को रिप्रेजेंट करने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की इच्छा भी जताई है। साध्वी सतीश सैल ने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब अपने नाम किया है। भुवनेश्वर में आयोजित 61वें फेमिना मिस इंडिया मंच पर उन्होंने देश का प्रतिनिधित्व किया। मैं बहुत एक्साइटेड हूं कि ये जर्नी अब आगे कहां जाएगी। जब मेरा नाम अनाउंस हुआ, तो मैं शॉक और सरप्राइज में थी। ये एक सपना था, लेकिन मैंने इसे बाद में एक कॉन्शियस डिसीजन के तौर पर चुना और इसके लिए मेहनत की।

राजनंदिनी पवार मैं इस मंच पर भारत को रिप्रेजेंट करने का सपना लेकर आई थी और आज खुशी है कि मैं उस दिशा में आगे बढ़ रही हूं। मेरे लिए यह हमेशा से एक लक्ष्य था। मैंने पढ़ाई पूरी करने के बाद तय किया था कि मुझे इस मंच पर आकर खुद को साबित करना है। साध्वी सतीश सैल- सबसे बड़ा सवाल था कि मैं अलग कैसे दिखूं, लेकिन मैंने सीखा कि खुद के प्रति सच्चा रहना और कंसिस्टेंट रहना ज्यादा जरूरी है। मैं इसे चुनौती नहीं बल्कि सीख कहूंगी, क्योंकि इस सफर ने मुझे हर तरह से ग्रो किया है मेंटली, फिजिकली और इमोशनली भी।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com